निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स



गुमला में ब्राउन शुगर के साथ महिला समेत चार गिरफ्तार

• बोकारो, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 196 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

संक्षिप्त समाचार

मजदूर की मौत

बोकारो (नबिटा ब्यूरो)। जिले के बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में एक मजदूर की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। 25 वर्षीय आशुतोष कुमार राय, जो पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में फिटर के पद पर कार्यरत थे, हादसे का शिकार हुए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशुतोष छपरा के निवासी थे और बालीडीह की झोपड़ी कॉलोनी में रहते थे।

हाइवा की ठोकर से महिला की मौत

धनबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग (गक्ष) पर हुए एक सड़क हादसे में पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के विश्राडीह निवासी संगीता कुमारी (50) की मौत हो गई। वह अपने पति सुनील कुमार सिंह के साथ स्कूटी से गोविंदपुर पहुंची थीं। स्कूटी रोकने के बाद संगीता पैदल ही सड़क पार कर रही थीं। वह लगभग सड़क पार कर चुकी थीं, तभी एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

माइंस परिसर में कर्मी की संदिग्धावस्था में मौत

धनबाद(नबिटा ब्यूरो)। भगाबांध थाना क्षेत्र के पुटकी पीबी एरिया में स्थित ईगल दीप इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी के माइंस परिसर में सोमवार रात एक कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान बोकारो जिले के चंदनकियारी स्थित तलगड़िया के सिंपुर निवासी बबलू बावरी के रूप में हुई है। वह रात्रि पाली में कोयला कटाई के कार्य पर तैनात थे। परिजनों के अनुसार बबलू बावरी रात करीब तीन बजे पानी पीने के बाद वॉशरूम गए थे, जहां अचानक गिरने से उनकी मौत हो गई।

विक्षिप्त पति ने ली पत्नी की जान

गुमला(नबिटा ब्यूरो)। जिला में सदर प्रखंड के टोटो थाना क्षेत्र अंतर्गत टोटो नवाटोली में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति ने खाना खाने को लेकर हुए विवाद में टांगी से मारकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस घटना के विषय में आरोपी की बहन सुशीला देवी ने बताया है कि मंगलवार को सरोज उरांव के द्वारा अपने पति संदीप उरांव का इलाज कराने के लिए गांव के एक वैद्य के पास गयी थी क्योंकि कुछ दिनों से सरोज के पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इलाज के बाद घर लौटने के बाद सरोज खाना निकाल रही थी इसी बीच पति संदीप भागने लगा जिसे कुछ दूर से पकड़ कर घर लाया गया।

फल व्यवसायी की घर में मिली लाश

साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तालबन्ना मुहल्ले में मंगलवार सुबह लगभग सत्तर वर्षीय वृद्ध विश्वनाथ गुप्ता का शव उनके घर से बरामद हुआ। वो फल व्यवसायी थे। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

रांची में फेमा के तहत बड़ी कार्रवाई 15 ठिकानों पर इडी ने मारा छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम यानी फ़ेमा के तहत इडी ने झारखंड सहित 15 ठिकानों पर एक साथ रेड किया है। मंगलवार की सुबह इडी ने झारखंड के चर्चित सीए नरेश केजरीवाल के झारखंड से लेकर सूरत तक के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है। ईडी से मिली जानकरी के अनुसार यह रेड 15 ठिकानों पर एक साथ किया जा रहा है जिनमें रांची, मुंबई और सूरत भी शामिल हैं। ईडी ने झारखंड में पहली बार फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत छापेमारी की है। झारखंड में ईडी के द्वारा फ़ेमा के तहत की जाने वाली यह पहली छापेमारी है। बता दें कि नरेश केजरीवाल झारखंड के चर्चित सीए हैं। मंगलवार को अहले सुबह एजेंसी की टीमों ने रांची स्थित नरेश के घर और दफ्तर पर अचानक छापेमारी शुरू की। साथ ही रांची में केजरीवाल का चर्च कम्पलेक्स स्थित कार्यालय सहित उनके कई आवास पर भी एक साथ छापेमारी की गई। दरअसल इनकम टैक्स के द्वारा की गई छापेमारी के दौरान मिले तथ्य और जानकारी के आधार पर ईडी ने फ़ेमा के तहत मामले की जांच शुरू की थी। ईडी के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान केजरीवाल के द्वारा विदेशों में धन निवेश किए जाने के कई सबूत मिले हैं। जो पैसे विदेश में निवेश किए गए हैं वो असम का है। उनमें झारखंड में विभिन्न स्रोतों से कमाई गई काली कमाई भी शामिल हैं। ईडी अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आयकर विभाग की उन जांचों के आधार पर की गई है जिनमें आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल कंपनियों को नियंत्रित करते हैं, जिन्हें वास्तविक रूप से भारत से ही संचालित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन संपत्तियों में लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध राशि जमा होने की बात सामने आई है और शक है कि करीब 1,500 करोड़ रुपये फर्जी टेलीग्राफिक ट्रांसफर के जरिए भारत में वापस लाए गए। जानकारों ने बताया कि फ़ेमा के तहत ईडी की कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन से संबंधित नियमों के उल्लंघन की जांच, गिरफ्तारी, जब्ती और दंडात्मक उपायों को शामिल करती है।

सुखदेव नगर थाना प्रभारी और मुंशी निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। जिले के सुखदेव नगर थाना प्रभारी और थाना के मुंशी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। शादी से पहले एक युवक के द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद थाना पर लगे आरोपों के बाद यह कार्रवाई की गई है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार को रांची आईजी के निर्देश पर एसएसपी रांची ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। वहीं एसएसपी ने थाने के मुंशी परशुराम को भी निलंबित कर दिया है। रांची आईजी मनोज कौशिक ने थानेदार और मुंशी के सस्पेंड होने की पुष्टि की है। बता दें कि 29 नवंबर को रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर 5 में शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई थी। दरअसल नितेश पांडेय नामक युवक जो रेलवे में कार्यरत था उसकी शनिवार को ही शादी थी, लेकिन इससे पहले ही किशोरगंज से रोड नंबर 05 स्थित नितेश पांडेय ने अपने ही कमरे में आत्महत्या कर ली। नितेश के आत्महत्या को लेकर परिजनों ने सुखदेवनगर पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया था। नितेश के भाई नीरज पांडेय ने बताया था कि 26 नवंबर को उसका तिलक था। इसी बीच प्रियंका नाम की एक लड़की ने उसपर यौन शोषण का आरोप लगाकर केस कर दिया। थाना से बिना किसी जांच के नितेश को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद उसे छोड़ने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों को मैनेज करने के नाम पर दस लाख रुपये भी वसूले गए। भाई नीरज पांडेय ने बताया कि थाने के मुंशी परशुराम कभी एक लाख तो कभी दो लाख की मांग करता था। कभी सिटी एसपी तो कभी कोतवाली डीएसपी के नाम पर पैसे की मांग की जाती थी। थाने से छोड़ने के बावजूद आरोप लगाने वाली लड़की उसे बहुत परेशान कर रही थी जिसकी वजह से उसने सुसाइड कर लिया।

हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के तुबेद कोल माइंस में चलने वाली हाइवा की चपेट में आने से राजू टाना भगत (30) की मौत हो गई। मृतक बालूमाथ के उलातू निवासी शाहदेव टाना भगत का पुत्र था। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुरूम नदी टोला स्थित मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया, जिसके कारण आवागमन घंटों ठप रहा। स्थानीय ग्रामीण रामसहाय टाना भगत, सुका टाना भगत, महेंद्र टाना भगत, रामचंद्र टाना भगत, राम टाना भगत, मनेश्वर टाना भगत ने बताया कि मृतक राजू अपने रिश्तेदार के घर आया था। टहलने के लिए बाहर निकला। इसी दौरान कोल साइडिंग में चलने वाली तेज रफ्तार हाइवा ने उसे धक्का मार दिया। इससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में उसे तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। परिजनों का कहना है कि राजू ही परिवार का एकमात्र सहारा था। वे दस लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने मांगें पूरी होने तक जाम खत्म न करने की चेतावनी दी। इधर जाम की सूचना पर प्रभारी सदर थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता ने कहा कि कंपनी के द्वारा मुआवजा के आश्वासन के बाद जाम हटा दिया गया है। परिजनों के आवेदन पर हाइवा पर करवाई की जाएगी।

लाखों का डोडा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मेदिनीनगर। पलामू जिला पुलिस ने अफीम तस्कर को खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि उनके पास से एक क्विंटल 1 किलो 870 ग्राम डोडा को जब्त किया है। जब्त डोडा रांची के बुंडू के चक से खरीदी गई थी और उत्तर प्रदेश के बरेली ले जाई जा रही थी। दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि अवैध डोडा की तस्करी होने वाली है। इसी सूचना के आलोक के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा के इलाके में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया गया। सर्च अभियान के क्रम में एक कार को रोका गया। शुरुआत में कार भागने की कोशिश कर रही थी लेकिन पुलिस के सख्ती के बाद कर रुक गई। कार से उतरकर तस्कर भागने की कोशिश कर रहे लेकिन मौके पर एएसआई सुजीत कुमार पांडेय एवं पंकज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने दो तस्करों को पकड़ लिया। पकड़े गए तस्कर मोहम्मद चांद एवं जीशान उत्तर प्रदेश के बरेली के पुराना शहर के रहने वाले हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार मोहम्मद चांद का करीबी रिश्तेदार तस्करी का मास्टर माइंड है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने डोडा बरामद किया है जबकि नेटवर्क के बारे में जानकारी भी मिली। गिरफ्तार तस्करों ने 1400 से 1500 सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा था। उत्तर प्रदेश में जाने के बाद यह 7 से 8 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाना था। पुलिस की कार्रवाई में डीएसपी राजीव रंजन थाना प्रभारी लालजी, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल रहे।

जज के खाते से उड़ाए 2.88 लाख रुपये

रांची(नबिटा ब्यूरो)। झारखंड की राजधानी रांची में साइबर अपराध का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। खूंटी जिले में पदस्थापित एक न्यायाधीश के मोबाइल फोन की चोरी के बाद ठगों ने उनके बैंक खाते से 2 लाख 88 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना रांची के सेक्टर-2 बाजार की है, जहां न्यायाधीश सब्जी खरीदने पहुंचे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मौका पाकर उनका मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी होने के कुछ ही देर बाद अपराधियों ने डिजिटल माध्यम से दो ट्रांजेक्शन कर कुल 2.88 लाख रुपये निकाल लिए। जब न्यायाधीश को खाते से रकम गायब होने की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत रांची के जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। न्यायाधीश का आवास रांची के सेल सिटी इलाके में स्थित है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और साइबर ठगों का सुराग तलाशने की कोशिश कर रही है।

रांची-हटिया-बालसिरिंग के बीच बनेगा तृतीय व चतुर्थ रेल लाइन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल अंतर्गत रांची-हटिया-बालसिरिंग खंड में प्रस्तावित तृतीय एवं चतुर्थ रेल लाइन के लिए अंतिम लोकेशन सर्वेक्षण को स्वीकृति प्रदान की है। यह सर्वेक्षण कुल 14 किलोमीटर लम्बाई में किया जाएगा। स्वीकृत लागत 33.60 लाख है। रांची-हटिया-बालसिरिंग खंड झारखंड का एक महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर है जहां यात्री तथा मालगाड़ियों का संचलन लगातार बढ़ रहा है। तृतीय एवं चतुर्थ लाइन निर्माण से लाइन क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी तथा परिचालन क्षमता में सुधार होगा तथा रेलगाड़ियों की समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित की जा सकेगी। यह सर्वेक्षण विस्तृत परियोजना योजना एवं निष्पादन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व एक महत्वपूर्ण तैयारी चरण है। परियोजना पूर्ण होने पर रांची-हटिया-बालसिरिंग के बीच तृतीय एवं चतुर्थ लाइन राजधानी रांची के आसपास रेल संपर्क को और मजबूत करेगी जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही नई लाइनें माल परिवहन को सुदृढ़ बनाएंगी और क्षेत्रीय उद्योगों को भी लाभ पहुंचाएंगी। इस सर्वेक्षण की स्वीकृति भारतीय रेल की उच्च क्षमता वाले मार्गों के विस्तार और भावी आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक रेल अवसंरचना के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करती है।

नवंबर में भारतीय रेल ने की 135.7 मिलियन टन माल ढुलाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए, कुशल, विश्वसनीय और विस्तार योग्य लॉजिस्टिक प्रणाली की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय रेल, जो देश की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक धमनियों में से एक है, माल एवं यात्रियों को अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचाकर इस प्रगति को गति दे रही है। यह न केवल लॉजिस्टिक लागत को कम कर रही है बल्कि उद्योगों के तेज एवं सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। साथ ही भारतीय रेल प्रतिदिन दो करोड़ से अधिक यात्रियों के आवागमन को संभव बनाकर देश की परिवहन प्रणाली की रीढ़ को सुदृढ़ कर रही है। नवंबर 2025 में भारतीय रेल ने 135.7 मिलियन टन माल ढुलाई की, जो पिछले वर्ष नवंबर के 130.2 मिलियन टन की तुलना में 4.2% अधिक है। यह वृद्धि रेलवे के माल परिवहन में स्वस्थ विविधता को दर्शाती है। यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के केवल आठ महीनों में ही 2013-14 के पूरे वर्ष (1,055 मिलियन टन) की तुलना में अधिक माल ढोया है। यह सतत वृद्धि औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत कर रही है, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समर्थन दे रही है।

जेपी नड्डा 5 दिसंबर को देवघर आयेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

देवघर। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित जिला कार्यालय में उद्घाटन के पूर्व महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 6 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवघर आगमन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। इसमें जिला, मंडल और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने बताया कि जेपी नड्डा 5 दिसंबर की शाम 6 बजे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से औपचारिक मुलाकात करेंगे। अगले दिन 6 दिसंबर को वे बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। पूजा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित होगी। भाजपा युवा मोर्चा देवघर के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि जेपी नड्डा के स्वागत, सुरक्षा और कार्यक्रम संचालन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी बताया कि यह जिला स्तरीय बैठक थी, जिसके बाद राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। उसी के आधार पर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यालय उद्घाटन के लिए आना देवघर भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेगा।

झारखंड में 1.61 करोड़ मतदाताओं का रिकॉर्ड अपडेट : सीइओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं का विगत एसआईआर की मतदाता सूची से मैपिंग के क्रम में अब तक 1 करोड़ 61 लाख 55 हजार 740 मतदाताओं का मैपिंग किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं एक से अधिक स्थान पर सूचीबद्ध श्रेणी के 12 लाख मतदाताओं को सूचीबद्ध किया गया है। इसके साथ ही मतदाता सूची के मैपिंग से जुड़े अन्य कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को निर्वाचन सदन से कम पैतृक मैपिंग करने वाले विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ और सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने कहा कि विगत एसआईआर के बाद राज्य में अन्य राज्यों से आए मतदाताओं तथा जिन मतदाताओं का पिछले एसआईआर की मतदाता सूची से मैपिंग में कठिनाई हो रही है, उनका मैपिंग संबंधित राज्य के सीईओ की वेबसाइट अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग करते हुए सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल का उपयोग करते हुए अन्य राज्यों से आए मतदाताओं का पैतृक मैपिंग करें, वहीं झारखंड के मतदाताओं की मैपिंग के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड की वेबसाइट का उपयोग हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि कम परफॉर्मेंस वाले बीएलओ को चिन्हित कर बैचवार प्रशिक्षण दिया जाए और मतदाताओं को भी पैतृक मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जो बीएलओ पिछले एसआईआर की मतदाता सूची से मतदाता का विवरण खोजने में कठिनाई महसूस कर रहे हों, वे अपने जिला मुख्यालय के हेल्पडेस्क मैनेजर से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बीएलओ को उनके कार्यक्षेत्र में होने वाली समस्याओं का मूल्यांकन कर हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं, ताकि वे पैतृक मैपिंग का कार्य सुगमता से कर सकें। रवि कुमार ने कहा कि मैपिंग के दौरान एएसडी सूची से मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं के पैतृक मैपिंग को प्राथमिकता दी जाए। अधिक पैतृक मैपिंग से एसआईआर के समय कम मतदाताओं को दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे और पूरी प्रक्रिया भी अधिक सरल हो जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची से छूटे नहीं, इसे विशेष ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

ठंड व शीतलहर को देखते हुए उपायुक्त ने राहत कार्यों की योजना बनाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। शीतलहर को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव के द्वारा जानकारी दी गई कि मौसम विभाग से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना है, जिससे व्यापक स्तर पर शीतलहर और पाला का प्रभाव देखा जा सकता है। इस स्थिति को देखते हुए जिले के सभी प्रखंडों को सतर्कता बरतने तथा पूर्व तैयारी के साथ राहत कार्यों की योजना बनाने का निर्देश दिया गया है।

साथ ही ठंड से बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी किये हैं, जो निम्न है शीतलहर के दौरानः क्या करें मौसम की जानकारी एवं आपातकालीन प्रक्रिया सूचना पर ध्यान दें तथा सुझावों का पालन करें जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचें और गर्मी को बनाए रखने के लिये यात्रा कम से कम करें भारी कपड़ों की एकपरत के बजाय ढीले ढाले हल्के, वायुरोधी गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें टाइट कपड़े रक्त प्रवाह को कम करते हैं। अपने आप को सूखा रखें यदि गीले हो जाऐ तो अपने सिर, गर्दन हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से कवर करें क्योकि अधिकांश गर्मी का नुकसान शरीर के इन्हीं हिस्सों से होता है दस्ताने के ऊपर मिट्टन भी पहनें मिट्टन ठंड से अधिक गर्मी और इन्सुलेशन प्रदान करते हैं



क्योंकि उंगलियां अपनी गर्मी को साझा करते हुए ठंड के सम्पर्क में कम आती है गर्मी को बनाए रखने के लिये टोपी और मफलर का प्रयोग करें इन्सुलेटेड या वाटरप्रूफ जूते पहनें शरीर का तापमान संतुलित बनाए रखने के लिये सुपाच्य भोजन करें पर्याप्त प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिये विटामिन सी से युक्त फल व सब्जियां खायें नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ लें, क्योंकि यह ठंड से लड़ने के लिये शरीर में गर्मी बनाए रखेंगे अपने शरीर की नियमित रूप से तेल, पैट्रोलियम जैली तथा बॉडीक्रीम से नमी बनाये रखें। बड़ों तथा बच्चों का खयाल रखें पड़ोसी तथा वृद्ध जो जीवनयापन हेतु जो अकेले रहते हैं का ध्यान रखें आवश्यकतानुसार आवश्यक वस्तुऐं एकत्र करके रखें पानी की पर्याप्त मात्रा रखें क्योंकि पानी की पाईपलाईन में जमाव हो सकता है ठंड में लंबे समय तक रहने से त्वचा पीली, सख्त व सुन्न तथा हाथ पैर की उगलियां, नाक, तथा कान पर नीले फफोले हो सकते है ठंड की लहरों के सम्पर्क में आने पर उंगलियों, पैर की उंगलियां, कान और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेद या पीला दिखाई देने जैसे फॉस्टबाईट के लक्षणों पर ध्यान दें, शीतदश से प्रभावित अंगों का गर्म पानी से उपचार करें शरीर के अप्रभावित हिस्सों को छूने के लिये तापमान आरामदायक होना चाहिए। शीतलहर के गंभीर संपर्क से हाइपोथर्मिया हो सकता है शरीर के तापमान में कमी जो कपकपी, बोलने में कठिनाई, उनीदापन, मांसपेशियों में अकड़न, सास का भारी होना, कमजोरी और चेतना रहित होने का कारण बन सकती है हाइपोथर्मिया एक आपात चकित्सा स्थिति है जिसे तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है हाइपोथर्मिया शीतदश से पीड़ित किसी भी व्यक्ति के लिये अति तत्काल चिकित्सा की तलाश की जानी चाहिए एन.डी.एम.ए. के मोबाईल एप्लीकेशन को डाउनलोड करें फस्ट एड स्टूडेट एड टीचर, फास्टद्ध फस्ट एड की सूचना हेतु पालतू जानवरों को अन्दर रखें पशुधन एव घरेलू जानवरों को ठंड से बचाने के लिये भीतर रखें अधिक समय तक ठंड में न रहें शीतलहर के दौरानः क्या न करें कपकपी की उपेक्षा न करें शरीर द्वारा गर्मी को खोने का यह पहला लक्षण है घर के भीतर रहें अल्कोहल का प्रयोग न करें यह शरीर के तापमान को कम करता है तथा हाइपोथर्मिया के खतरे को बढ़ावा देता है शीतदश के भाग की मालिश न करें यह अधिक हानिकारक हो सकता है।पूर्ण सावधानी के बिना प्रभावित व्यक्ति को कोई भी द्रव्य पीने को न दें बिना सहायता के आग जला कर न रखें, यह हानिकारक हो सकती है। बन्द कमरे में मोमबत्ती, लकड़ी आदि न जलाएंगे तथा कार्बनमोनोक्साइड से बचाव करें।

डीएवी सगुना मोड़ में 'उमंग 2025' वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। डीएवी पब्लिक स्कूल सगुना मोड़ में वार्षिक उत्सव 'उमंग 2025' का आयोजन हर्षोल्लास व बेहद भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पदाधिकारी डीएवी बिहार जोनझए एस. के. झा, विद्यालय प्रबंधिका डॉ. श्रीमती भारती नायक, सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी-सह-प्राचार्य डीएवी बीएसईबी ए. सी. झा तथा विभिन्न डीएवी विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया गया।

मनमोहक स्वागत गीत व भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ: उत्सव का आरंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक स्वागत गीत और स्वागत नृत्य से हुआ। नर्सरी से कक्षा सातवीं तक के लगभग 800 छात्रों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने नारी सशक्तिकरण, आधुनिक युग में मोबाइल की लत, महाभारत पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, यातायात एवं शैक्षणिक जागरूकता जैसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों से भरपूर प्रशंसा बटोरी।

साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

■ उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।

उपायुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए जनता दरबार में पेंशन,राशन कार्ड, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

पचम्बा सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, दर्जनों दुकानदारों को दिया नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह-पचम्बा सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमणों को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। समीक्षा बैठक के बाद अंचल प्रशासन ने अतिक्रमित दुकानों और संरचनाओं की पहचान पूरी कर कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है।

बिहार लैंड एनक्रोचमेंट एक्ट, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत दर्ज अतिक्रमण केस संख्या 03/2025-26 में करीब 15 से 20 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में दुकानदारों से पूछा गया है कि अब तक अतिक्रमण क्यों नहीं हटाया गया।साथ ही सभी दुकानदारों को 13 दिसंबर की सुबह 11 बजे संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने तथा शोकॉज नोटिस का उत्तर देने का निर्देश दिया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अतिक्रमण हटाने के लिए बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, सड़क निर्माण में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिघवारा में 5 दिसंबर को होगा नियोजन कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार कौशल विकास केंद्र दिघवारा, दिघवारा ब्लॉक परिसर में 5 दिसंबर 2025 को नियोजन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी (केवल महिलाओं हेतु) तथा बीमा सलाहकार के 10-10 रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। नियोजन कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित है।

उपायुक्त ने की जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ जिला प्रशासन ट्रांसजेंडर समुदाय को पहचान और अधिकारों से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रहा है, इसके तहत शीघ्र ही अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर पहचान पत्र आईडी कार्ड जारी किए जाएंगे : उपायुक्त

गिरिडीह। उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने ट्रांसजेण्डर समुदाय के उत्थान के लिए कार्य किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये आवश्यक है कि वे शिक्षित हों, जिससे कि ट्रांसजेंडर समाज का विकास हो। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए, इसके लिए एक कमिटी का गठन किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी ट्रांसजेंडरों की सामाजिक एवं आर्थिक मैपिंग कराई जाएगी। इसमें उनकी शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर की वास्तविक स्थिति दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ट्रांसजेंडर समुदाय को पहचान और अधिकारों से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। इसके तहत शीघ्र ही अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में समुदाय की निजता का सम्मान किया जाए और गोपनीयता परी तरह सुरक्षित रखी जाए। इसके साथ ही सभी ट्रांसजेंडरों की वोटर आईडी, आधार कार्ड, आभा कार्ड, राशन कार्ड व अन्य लाभ दिए जायेंगे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह, लघु उद्योग और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि ट्रांसजेंडर समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें समान अधिकार, अवसर व सम्मान मिलना चाहिए। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिले के सभी ट्रांसजेंडर सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी सकें। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, वीसी के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, डॉ शालिनी खोवाला, मनोवैज्ञानिक, अश्विनी अंबेडकर, ट्रांसजेंडर, गुड़िया रॉय, ट्रांसजेंडर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

हिंदी-भोजपुरी के साहित्यकार मनोज भावुक को भागवत विद्यापीठ में किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। शहर स्थित भागवत विद्यापीठ स्कूल में आयोजित विशेष साहित्यिक सत्र में हिंदीझभोजपुरी के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं मूर्धन्य साहित्यकार मनोज भावुक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय था— 'साहित्य सृजन में छात्रों की रुचि कैसे विकसित की जाए'। इस विषय पर व्याख्यान देते हुए मनोज भावुक ने विद्यार्थियों को साहित्य की विभिन्न विधाओं— कविता, कहानी, गीत, गजल, लोकसाहित्य और आधुनिक लेखन— से परिचित कराया तथा भविष्य में भी मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रकाश सिंह और वरिष्ठ शिक्षक निर्भय कुमार तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्राचार्य ने मनोज भावुक के साहित्यिक योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंचों पर जो सबसे प्रभावशाली और लोकप्रिय चेहरा दिखता है, वह मनोज भावुक का है। उनकी अनुपस्थिति में मंचों पर एक प्रकार का सूनापन महसूस होता है। समारोह के दौरान लायंस क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. विकास कुमार सिंह और विद्यालय प्रशासन की ओर से मनोज भावुक को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और लायंस क्लब का विशेष सम्मान भेंट किया गया। डॉ. सिंह ने उनके साहित्यिक व्यक्तित्व, भोजपुरी भाषा के प्रति उनके योगदान और सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भविष्य में शहर में एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने की उम्मीद भी जताई।परिचर्चा के बाद छात्र-छात्राएं मनोज भावुक की गजलों और गीतों को सुनकर उत्साहित दिखे तथा कई विद्यार्थियों ने अपनी लेखन क्षमता को विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया।

ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


छपरा (सारण)। एचआईवी एक गंभीर बीमारी है जिसका वर्तमान में कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। इसे आम बोलचाल में एड्स यानि एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम कहा जाता है। एड्स बीमारी के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल विश्व एड्स दिवस दिसंबर माह की पहली तारीख यानि 01 दिसंबर को पूरी दुनिया में मनाया जाता है।

उक्त बातें ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा स्थानीय साधनापुरी स्थित कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला के दौरान उपस्थित महिला और युवतियों से कही। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष 2025 की थीम है, यानि "व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो बताती है कि एड्स से जुड़ी शर्म, डर और सामाजिक दूरी को खत्म करना कितना जरूरी है। आज का दिन हर उस व्यक्ति को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिसने इस घातक बीमारी के कारण अपनी जान गंवाई है। इसी कारण हमलोगों ने समाज में फैली असमानताओं को दूर करने और एड्स को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में 'डिजिटल कृषि के माध्यम से किसानों का सशक्तिकरण' पर पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 01 दिसंबर 2025 को कौशल से किसान समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत 'डिजिटल कृषि के माध्यम से किसानों का सशक्तिकरण' विषय पर पाँच दिवसीय किसान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत प्रायोजित है। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल कृषि तकनीकें भारतीय कृषि के भविष्य को नया आयाम दे रही हैं।



उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा कृषकों को भविष्य में आने वाली कृषि चुनौतियों के लिए तैयार करना है डॉ. दास ने बताया कि आज सभी जानकारियों तक हमारे मोबाइल फोन द्वारा पहुंचा जा सकता है, और किसान भाइयों को कृषि ऐप, इंटरनेट एवं नई तकनीकों को सीखकर उद्यमी बनना चाहिए। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. धीरज कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने किसानों को डिजिटल तकनीकों से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस प्रशिक्षण की प्रासंगिकता बताई। इसके बाद डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग ने कंप्यूटर में एम.एस. वर्ड, एक्सेल एवं पावरपॉइंट की उपयोगिता और महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा डिजिटल कृषि उपकरणों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रमुख, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार प्रभाग ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि डिजिटल कृषि आने वाले समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और यह किसानों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों से जोड़कर कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी। डॉ. ए.के. चौधरी, कार्यकारी प्रमुख, फसल अनुसंधान प्रभाग ने भी डिजिटल नवाचारों तथा किसानों के बीच तकनीकी संवर्धन के महत्व पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रोहन कुमार रमण ने सभी प्रतिभागियों तथा वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विदित हो कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 दिनों तक चलेगा, जिसमें किसानों को डिजिटल कृषि उपकरणों, मोबाइल ऐप्स, सेंसर-आधारित खेती, ड्रोन तकनीक तथा डेटा-आधारित कृषि प्रबंधन जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन के ओरेंज द वर्ल्ड महिलाओं पर हिंसा रोकें अभियान के अंतर्गत आज ओपन माइंड बिरला स्कूल के सहयोग से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया यह प्रस्तुति ट्रेंड मॉल के सामने आयोजित की गई, जहाँ छात्रों ने लड़कियों के साथ होने वाली हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक चुनौतियों को दशार्ते हुए एक बेहद संदेशपूर्ण और प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया।

बच्चों के दमदार प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और समाज में जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को नाश्ते का वितरण किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी उत्साहित हो उठा यह पूरा कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष कविता राजगढ़िया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सचिव स्मृति आनंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इसके साथ ही क्लब की सदस्याएँ संगीता सिंह एवं संगीता अग्रवाल भी सक्रिय रूप से मौजूद रहीं। यदि आप चाहें तो मैं इसे और भी औपचारिक प्रेस रिपोर्ट शैली में तैयार कर सकती हूँ।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति बदतर : राजेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ कई गांवों में पेयजलापूर्ति की टंकी, चापानल बेकार, पानी लिए तरस रहे हैं सलगाडीह के गरीब परिवार

गिरिडीह। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की स्थिति बदतर है। सरकार की महत्वाकांक्षी घर-घर नल जल योजना सफल होती नहीं दिख रही। यह योजना सिर्फ दिखावा साबित होकर लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रही हैं उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने मधवाडीह पंचायत के सलगाडीह टोला में रहने वाले कई गरीब परिवारों को पानी के लिए हो रही भयंकर दिक्कतों का जायजा लेने के बाद कही। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि, यहां जलापूर्ति के लिए टंकी बनने के बाद से ही कभी लोगों को पानी नहीं मिला है। जो तीन चापानल थे, वे भी अभी खराब पड़े हुए हैं। यादव ने संबंधित पीएचईडी विभाग के एसडीओ को फोन कर समस्या की जानकारी दी तथा इसका निराकरण करने की मांग की। साथ ही कहा कि, यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विभाग के समक्ष आंदोलन किया जाएगा मौके पर तुलिया देवी, भगवती देवी, बिलसी देवी, मंती देवी, रीता देवी, करमी देवी, फूलकुमारी देवी, रुक्मिणी देवी, राजू पुजहर, कारू पुजहर, तुलसी पुजहर, बालेश्वर पुजहर, महादेव पुजहर, दिनेश पुजहर, अर्जुन पुजहर सहित अन्य मौजूद थे।

श्रीमद् भागवत गीता जयंती की पूर्णाहुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। श्री कबीर ज्ञान मंदिर में श्रीमद्भागवत गीता ज्ञानयज्ञ के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत गीता जयंती की पूणाहुंति की गई। सदुरु मां ज्ञान के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों द्वारा यज्ञ हवन किया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया गीता में कर्म की प्रधानता बताई गई है।

गीता में यज्ञार्थ कर्म करने की प्रेरणा दी गई है। यज्ञार्थ कर्म का अर्थ है कि आपके कर्म शास्त्र सम्मत हो। कर्म के साथ साथ आपकी वाणी, आपके आचार-विचार शास्त्र सम्मत हो।कर्मो में अहंकार का पूर्णतः अभाव हो। मैंने किया, मैं कर्ता हूं , ऐसा भाव अहंकार को उत्पन्न करता है। गीता के अनुसार हमें अपने कर्मो में इतना सावधान रहना चाहिए कि हमसे कभी ऐसा कर्म न हो जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट हो। किसी भी कर्म को करने से पहले अपने कर्मो को गीता के तराजू में तौलना चाहिए। आपका कर्म राग और द्वेष से प्रेरित न होकर शास्त्र से प्रेरित हो श्रीमद् भागवत गीता कहती है की किया हुआ कर्म लौट कर आता है। हम किसी के प्रति जैसा कर्म करते हैं ईश्वर के विधान में वह पुनः हमारे पास फल के रूप में आता है।

गीता में भगवान ने कर्मो के तीन प्रकार तामसी राजसी और सात्विक बताया है, जिसमें सबसे उत्तम कर्म सात्विक कर्म है, हमारे कर्म ऐसे हो जिससे हमें स्वयं प्रसन्नता मिले और हम दूसरों को भी प्रसन्नता ही बांटे यज्ञ की पूणाहुंति में सदुरु मां ज्ञान की सानिध्य में सभी उपस्थित श्रद्धालु ने गीता ज्ञान यज्ञ और गीता पाठ के पुण्य फल को अपने राष्ट्र के उन्नति के लिए अर्पित किया। सदुरु मां ज्ञान ने कहा कि जब हमारा राष्ट्र समृद्ध और सशक्त होगा तभी हम सभी सशक्त होंगे। जितना हमें अपने परिवार के प्रति कर्तव्य है उतना ही कर्तव्य हमें अपने राष्ट्र की प्रति भी है। सदुरु में सदुरु मां ज्ञान ने कहा इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन हमें अपने भावी पीढ़ियां में अपने संस्कृति के प्रति गौरव बोध को जगाएगा। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन तभी सफल होगा जब हम ईश्वर के द्वारा बनाए गए मानव के संविधान "श्रीमद्भागवत गीता" को जन-जन तक पहुंचाने का पुनीत कर्म करेंगे। एक एक व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम गीता के ज्ञान को स्वयं में भी धारण करें और इसे जन-जन तक पहुंचाने का पुण्य कर्म भी करें।

फुटबॉल संघ के विवाद पर एथलीट संघ का प्रतिनिधिमंडल खेल पदाधिकारी से मिला, निष्पक्ष जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। फुटबॉल संघ में चल रहे विवाद और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर हजारीबाग एथलीट संघ (फुटबॉल शाखा) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम से मुलाकात की और पूरे मामले की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। प्रतिनिधिमंडल में फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2023 में संघ के तत्कालीन सचिव वीरेंद्र कुमार के निधन के बाद संयुक्त सचिव भैया मुरारी सिन्हा को सर्वसम्मति से सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद हजारीबाग जिला फुटबॉल लीग सहित कई प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी किया गया।



सदस्यों के अनुसार गत वर्ष उन्हें सूचना मिली कि जिला फुटबॉल संघ की एक नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस पर प्रतिनिधियों ने तत्कालीन उपायुक्त से मुलाकात कर मामले को रखा। उपायुक्त के निर्देश पर जिला खेल पदाधिकारी ने 18 अक्टूबर 2024 को आदेश जारी कर दोनों संगठनों को अपने-अपने दस्तावेज खेल विभाग में जमा करने को कहा। एथलीट संघ की ओर से सभी दस्तावेज समय पर प्रस्तुत कर दिए गए थे। प्रतिनिधियों ने बताया कि दस्तावेज जमा होने के बाद जिला फुटबॉल टीम का गठन भी खेल विभाग द्वारा तत्कालीन उपायुक्त के निर्देश पर किया गया था, लेकिन इसके बाद संघ को किसी प्रकार की नई सूचना या आदेश प्राप्त नहीं हुए। इसके बावजूद इस वर्ष कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार द्वारा जिला फुटबॉल टीम का गठन कर दिए जाने पर पदाधिकारियों ने गंभीर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि जब पुराने संघ को न तो भंग किया गया और न ही वैधानिक प्रक्रिया पूरी हुई, तो नई टीम और नई कमेटी का गठन नियमों के विपरीत है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि नई कमेटी के सदस्यों में से आधे से अधिक लोग फुटबॉल से जुड़े लोग तक नहीं हैं, न ही संघ के सदस्यों द्वारा उन्हें चुना गया है। पदाधिकारियों ने जोर देकर कहा कि किसी एक सदस्य के निधन पर पूरी कमेटी बदलने की परंपरा नहीं है, इसलिए मौजूदा स्थिति की निष्पक्ष जांच कर संघ की स्थिति स्पष्ट की जाए। खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और मामले की जांच कर फुटबॉल संघ की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में राजेश श्रीवास्तव, अशोक भट्टाचार्य, नजरुल हसन, लाल किशोर प्रसाद, सरफराज अहमद, भैया मुरारी सिन्हा, बहादुर राम और मुशर्रफ हुसैन शामिल थे।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को लगे पंख

लक्ष्मी ने खरीदी सिलाई मशीन तो रूनिया ने बकरी पालन को चुना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। गीता देवी का नाम उन महिलाओं में शुमार है, जिन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्राप्त राशि से अपने लिए नई आजीविका की शुरूआत की है। उन्हें उम्मीद है कि किराना दुकान के रूप में अपने इस नए व्यवसाय से वह अपने परिवार की तरक्की की राह पर अग्रसर कर सकेंगी।

गीता देवी गोपालपुर प्रखंड के गोसाईंगांव की रहने वाली है। ऐसी कई महिलाएं हैं जो आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिली सहायता ने कई महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। महिलाएं अपने मन के मुताबिक कार्य कर रहीं हैं। परिवार के आय में वृद्धि कर रहीं हैं।

कई महिलाएं गांव में दुकान खोल ली है तो कोई सिलाई मशीन खरीदकर कपड़ा सीने का काम कर रहीं हैं। कई महिलाएं सिल्क का धागा खरीदकर खुद से दुपट्टा तैयार कर रहीं हैं। कोई फोटो कॉपी मशीन खरीदकर घर बैठे आमदनी कर रहीं हैं।

जिले के चार लाख 28 हजार 86 महिलाओं के खाते में दस हजार भेजी गई है। दस हजार की राशि से महिलाएं बड़ा रोजगार खड़ा करना चाह रहीं हैं। रोजगार की शुरूआत कर चुकीं महिलाओं का कहना है कि मुख्यमंत्री दो लाख रुपये देने का भरोसा दिया है। अगर दो लाख रुपये मिल जाते हैं तो व्यवसाय का दायरा बड़ा करेंगे।

धांधी बेलारी सुल्तानगंज की रहने वाली नीतू देवी अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बनना चाहती थी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से मिली सहायता ने नीतू के सपने को साकार कर दिया है।

नीतू को 26 सितंबर को दस हजार रुपये प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने अपने गांव में किराना दुकान का व्यवसाय शुरू किया। इससे जहां एक ओर ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुएं सुलभ रूप से मिल रही है, वहीं नीतू के परिवार की आय में वृद्धि हो रही है।

गोपालपुर प्रखंड के गोसाईगांव पंचायत की रूनिया देवी को 26 सितंबर को दस हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इससे उन्होंने बकरी पालन का कार्य प्रारंभ किया। इससे गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरणा मिली।

रूनिया देवी बकरी पालन के व्यवसाय को विस्तार करना चाहती है, ताकि और अधिक बकरियों का पालन कर अपनी आमदनी को बढ़ाया जा सके। अपनी योजना को सफल बनाने के लिए निरंतर परिश्रमरत हैं।

जगदीशपुर प्रखंड के खीरीबांध की रहने वाली लक्ष्मी देवी को 26 सितंबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार रुपये प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी है। अब वह कपड़ों की सिलाई से अपने घर की आमदनी बढ़ाएगी।

लक्ष्मी देवी कहती है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मेरे बैंक खाता में दस हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। बहुत पहले से ही वह अपना स्वरोजगार शुरू करना चाहती थी। मुख्यमंत्री की पहल पर उनका यह सपना साकार हो सका है।

विशनपुर जिच्छो गोराडीह की ललिता देवी को तीन अक्टूबर को दस हजार रुपये प्राप्त हेने का संदेश आया। इस राशि से वह मशरूम की खेती प्रारंभ करने जा रही है। मैं मशरूम से आचार बनाकर बेंचुंगी। वह पहले दूसरे के घर जाकर आचार बनाने की काम करती थी।

इसके बदले में उन्हें प्रतिदिन सौ रुपये मजदूरी मिलती थी। इतनी कम राशि से उन्हें अपने घर के खर्चों को पूरा कर पाना मुश्किल हो रहा था। ललिता देवी को अब अपना सपना साकार होता दिख रहा है।

नाथनगर पंचायत के नूरपुर पंचायत की अंजू कुमारी सगुन जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य है। 26 सितंबर को इन्हें दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने फोटो कॉपी मशीन खरीदी है। इससे वह नए व्यवसाय की शुरूआत की है।

वह कहती है कि इस योजना के तहत यदि आगे भी राशि मिली तो उससे वह अपनी दुकान का विस्तार करेगी और फोटो कापी के साथ-साथ अन्य प्रकार की सेवाओं की शुरूआत करेगी। इससे परिवार की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी।

जगदीशपुर प्रखंड के हबीबपुर पंचायत की बीबी शबनम को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार की राशि प्राप्त हुई। इससे वह अपने हैंडलूम के कारोबार में मुनाफे का रंग भर सकेंगी। राशि मिलने से उन्होंने रेशमी धागे की खरीद की है। इससे वह दुपट्टा तैयार कर रहीं हैं।

पहले वह और उसके गांव के रहने वाले अन्य बुनकर परिवार महाजनों से धागा लेकर सिल्क वस्त्रों की बुनाई करती थी। पहले यह कार्य महाजनों के भरोसे चलता था। महाजन धागा देते और शबनम बुनाई करती थी।

ट्रक में रिसाव होने से अफरातफरी

गयाजी। गया-डोभी मुख्य सड़क मार्ग पर वकीलगंज के पास उस समय अफरातफरी मच गई जब एक सीएनजी ट्रक से अचानक गैस लीक होने लगी। कुछ ही पलों में तेज गैस की गंध फैलते ही इलाके के लोगों में डर का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीण अपने-अपने घरों को छोड़कर बाहर की ओर भागने लगे। लोगों के चेहरे पर भय स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बताया गया कि गैस लीक होते ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल डोभी थाना को दी। सूचना मिलते ही डोभी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और साथ ही अग्निशमन विभाग को सूचना दिया।इस बीच लगभग पंद्रह मिनट तक लगातार सीएनजी लीक होती रही, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत बनी रही। मौके पर कुछ स्थानीय युवकों ने साहस दिखाते हुए ट्रक के पास पहुंचकर लीकेज बिंदु को बंद करने का प्रयास किया।

अपनी जान जोखिम में डालते हुए उन्होंने गैस लीक को सफलतापूर्वक रोक दिया।

नाबालिग किशोरी को किया आर्केस्ट्रा वालों के हवाले

आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सिवान। थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने, उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने तथा बाद में आर्केस्ट्रा से जुड़े लोगों के हवाले करने का मामला सामने आया है।

इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित रोहित यादव को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में भेज दी है तथा पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपित रोहित यादव उससे करीब एक माह से मोबाइल पर संपर्क में था। 24 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसने पास के मंदिर के पास किशोरी को बुलाया। उसी समय गांव में शादी समारोह चल रहा था और घर के सभी लोग उक्त समारोह में गए हुए थे।

रात करीब 10 बजे आरोपित उसे बाइक से अपने घर ले गया और एक कमरे में छुपाकर रखकर शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन संबंध बनाया।

बताया गया कि अगले दिन आरोपित उसे जनता बाजार ले गया, जहां आर्केस्ट्रा संचालकों के यहां एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहीं, आरोपित द्वारा भेजे गए दो युवकों द्वारा भी उसके साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। पीड़िता चार दिनों तक वहां रही। 28 नवंबर की रात आरोपित उसे यह कहकर ले गया कि घर छोड़ देगा, लेकिन उसे दूसरे स्थान सतजोरा बाजार पर आर्केस्ट्रा संचालक के यहां छोड़ दिया।

उक्त किशोरी एक दिसंबर को वैजापुर बिशनपुर आर्केस्ट्रा में डांस के लिए गई जहां लोगों ने उसे पहचान लिया और सूचना थाने को दी। इसके बाद उसने पुलिस व लोगों के बीच दास्ता सुनाई, इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपित रोहित यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, वही किशोरी को 164 का बयान एवं मेडिकल जांच के लिए भेजा गया।

नाव पलटने से अफरातफरी

दो बच्चियां लापता


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पश्चिम चंपारण। बैरिया थाना क्षेत्र स्थित कोइरपट्टी घाट के पास सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई, जहां ग्रामीणों से भरी एक छोटी नाव गंडक नदी में अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दैनिक खेत-खलिहान का काम निपटाकर, चारा काटकर और भोजन देकर लौट रहे ग्रामीण बड़ी संख्या में इस नाव पर सवार हो गए थे।

5 से 6 लोगों की क्षमता वाली नाव पर करीब 15 से 20 लोग बैठे थे, जिससे नाव असंतुलित हो गई और सामने से आ रही एक बड़ी नाव से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद गंडक की तेज धारा में कई लोग बह गए। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल बचाए गए अधिकांश लोगों की पहचान हो चुकी है, लेकिन दो बच्चियां पुनीता कुमारी (17 वर्ष), पिता धर्म यादव, और रौनक उर्फ सुगी (8 वर्ष), पिता रमेश कुमार अभी भी लापता हैं। दोनों आपस में फुआ-भतीजी बताई जाती हैं, जिनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बिना देरी किए नदी में कूदकर बचाव कार्य शुरू किया। कुछ ही देर में पुलिस बल और गोताखोर भी घटनास्थल पर पहुँच गए और सर्च ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है। थानाध्यक्ष अंजेश कुमार ने फिलहाल मीडिया को आधिकारिक बयान देने से परहेज किया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस हर संभव संसाधन जुटाकर दोनों बच्चियों की खोज में लगी है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर नावों की नियमित जाँच और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता, जिससे इस तरह की दुर्घटनाएँ बार-बार होती हैं।

लोग प्रशासन से तत्काल राहत,



लापता बच्चियों की तेजी से तलाश, नाव परिचालन पर निगरानी, और घाट पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग घाट पर जमा हो गए। लापता दोनों बच्चियों के परिवार अब भी नदी किनारे उम्मीद और दहशत के बीच खड़े हैं। पुनीता की मां बेहोशी की हालत में है, जबकि छोटी सुगी का परिवार लगातार नदी में देखने-ढूंढने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों बच्चियां परिवार और गांव की सबसे चंचल और होनहार बेटियों में थीं।

सरकारी स्कूल में बार बालाओं का डांस

विभाग की हो रही बदनामी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। टनकुप्पा प्रखंड के मध्य विद्यालय भदान में आयोजित एक अनुचित कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि स्कूल परिसर में रविवार रात कथित अश्लील गीतों पर बार बालाएं डांस कर रही हैं और बड़ी संख्या में लोग इसे देख रहे हैं। यह कार्यक्रम बारात के स्वागत के दौरान आयोजित आर्केस्ट्रा का बताया जा रहा है। जागरण वायरल वीडियो की पुष्टी नहीं कर रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह के समय बारात को सरकारी स्कूलों में ठहराना आम बात है। लेकिन शिक्षण स्थल पर रातभर अशोभनीय नृत्य का आयोजन होना स्थानीय लोगों और अभिभावकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। वीडियो में स्कूल भवन, सरस्वती मंदिर और परिसर के भीतर बने हिस्सों के सामने मंच तैयार कर नृत्य कार्यक्रम चलाते स्पष्ट देखा जा सकता है। इससे सरकारी स्कूलों में सुरक्षा और निगरानी की कमी उजागर होती है।

घटना सामने आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी विद्यालय परिसर में ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जा सकती। मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए जा रहे हैं और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नौशाद ने अपनी तरफ से किसी भी अनुमति से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि रविवार को स्कूल बंद था और उन्हें न तो बारात ठहराने की जानकारी थी, न ही किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम की।

जल्द मिलेगा नया वेतनमान

अररिया। सभी शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। नए वेतन के आधार पर उन्हें नवंबर माह का वेतन भुगतान शीघ्र होगा। वीसी में अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्धारित समय सीमा के भीतर वेतन भुगतान का आदेश दिया है। वीसी में मिले आदेश पर डीईओ संजय कुमार ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी और सभी एचएम, बीईओ व डीपीओ को आदेश पर अमल करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही लापरवाही बरतने वालों पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीईओ ने आदेश दिया है कि छह दिसंबर तक सभी शिक्षकों का नए वेतन के आधार पर नवंबर माह का वेतन भुगतान किया जाएगा। विशिष्ट अध्यापकों का एरियर भुगतान छह दिसंबर तक और दस दिसंबर तक वेतन भुगतान सेवा पुस्तिका पर प्रविष्टि कैंप मोड में किया जाएगा। विशिष्ट शिक्षकों को निर्देश मिला है कि वे अपनी सेवा पुस्तिका पर वेतन निर्धारण पांच दिसंबर तक तथा एरियर विपत्र तैयार कर अपने एचएम से हस्ताक्षर कराकर छह दिसंबर तक बीआरसी के लेखापाल के पास जमा कराएंगे।

सेंट जेवियर स्कूल में क्रॉस कंट्री का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। सेंट जेवियर स्कूल में 2025-26 का क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। मिडिल स्कूल में यह कार्यक्रम 2 दिसंबर, 2025 को सम्पन्न हुआ। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. द्वारा ध्वज दिखाकर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों और स्वयंसेवकों के सहयोग से पूरा आयोजन बेहद सुचारू और सफल रहा। इस दौड़ मुकाबले में ब्रिटो हाउस विजेता बना। लोयोला हाउस ने प्रथम रनर-अप, जेवियर हाउस ने द्वितीय रनर-अप और गोंजागा हाउस ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन से यह आयोजन पूर्णतः सफल और यादगार बन गया।

जमीन कारोबारी पर हमला कर लूटपाट, जख्मी

पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। मंगलवार को दिनदहाड़े बिहटा थानाक्षेत्र के विशंभरपुर पेट्रोल पंप के निकट बाइक सवार अपराधियों ने जमीन बिक्री करने वाले कारोबारी के स्कॉर्पियो पर हमला किया। इस हमले में जमीन कारोबारी अभिषेक कुमार सिन्हा और उनके साथी जख्मी हो गए, जबकि 11 लाख रुपये नगद और दो सोने की चेन लूट ली गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी व्यक्तियों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में नाकेबंदी कर छापेमारी शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, बिहटा के श्रीरामपुर निवासी अभिषेक कुमार सिन्हा एक जमीन खरीदने के लिए 11 लाख रुपये लेकर अपने तीन दोस्तों के साथ स्कॉर्पियो में दानापुर जा रहे थे। बिहटा-खगौल मुख्य मार्ग पर विष्णुपुरा के समीप चार उचक्कों ने पुरानी अदावत के चलते उनकी गाड़ी का पीछा किया और उसे रोक दिया। अभिषेक ने अपनी गाड़ी को बैक कर पतसा मार्ग से जाने का प्रयास किया। विशम्भरपुर मोड़ के पास पहुंचने पर लगभग एक दर्जन बाइक पर सवार युवाओं ने अचानक गाड़ी पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले के बाद अभिषेक और उनके साथी गाड़ी से कूदकर जान बचाने लगे।

इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें जख्मी कर 11 लाख रुपये और दो सोने की चेन लूट ली। बिहटा थाना प्रभारी ने इस मारपीट की घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और पीड़ित की लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई की जाएगी।

छत से कूदी युवती, मौत

पटना। थाना क्षेत्र के नयाटोला में किराये पर रहने वाली युवती ने छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे प्रेमी ने आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान सारण जिले के एकमा की 20 वर्षीय अनामिका के रूप में की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और प्रेमी अभिराज कुमार आर्य को हिरासत में लेकर मृतका के स्वजनो को सूचना दी।

देर शाम तक मृतका के स्वजन के नही आने व कोई सूचना नही देने पर शव का पोस्टमार्टम करा प्रेमी के हवाले कर दिया गया। बताया जाता है कि सिवान के लक्ष्मण डुमरी निवासी अभिराज कुमार आर्य ने अपने ननिहाल एकमा में रहकर पढ़ाई की थी। वहीं पर उसकी मुलाकात लड़की से हुई। अभिराज ने बताया कि वहीं दोनों के बीच प्रेम हो गया। चार वर्ष पूर्व दोनों घर से निकल भागे। अभिराज ने बताया पिछले कुछ महीने से दोनों नयाटोला में रह रहे थे। पढ़ाई के साथ अभिराज कुछ काम भी करता था। उसने बताया कि चार दिन पूर्व अपने पिता को बुलाया था।

झारखंड के कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के खिलाफ ब्लू कार्नर नोटिस जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। विदेश में बैठकर झारखंड में अपने गिरोह का संचालन कर रहे कुख्यात अपराधी राहुल सिह के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। झारखंड सीआइडी के अनुरोध पर सीबीआई की मदद से यह कार्रवाई की गई है। राहुल सिह एनकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमन साहू का बेहद करीबी माना जाता है। अपराध की दुनिया में यह चर्चा है कि राहुल सिह द्वारा ही अब अमन साहू गिरोह का संचालन किया जा रहा है। अपराध की गतिविधियों को झारखंड में संचालित करने के लिए राहुल सिह फिलहाल देश छोड़कर फरार हो चुका है और विदेश में रहकर झारखंड में अपने गुर्गों से आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। झारखंड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल सिह का गिरोह झारखंड के कई जिलों जैसे पलामू, रांची, रामगढ़, बोकारो, चतरा, हजारीबाग और लातेहार में एक्टिव है। विदेश में बैठकर राहुल सिह अपने गुर्गों को रंगदारी वसूलने के लिए निर्देश देता है जिसके बाद उसके गुर्गे रेलवे साइडिग से लेकर कोयला कारोबारी के साइट पर हमला और गोलीबारी करते हैं। जो लोग रंगदारी नहीं देते हैं उन्हें राहुल सिह विदेश से बैठकर ही धमकाता है। हाल के दिनों में राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए कई अपराधियों गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी क्रम में यह जानकारी मिली कि राहुल सिह विदेश में बैठकर अपने गैंग का संचालन कर रहा है। झारखंड सीआईडी के अधिकारियों के अनुसार राहुल सिह की जानकारी इकट्ठा करने के लिए सीबीआई की मदद से इंटरपोल को ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने का आग्रह किया गया था जिसे मंजूर कर लिया गया है। ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियां राहुल सिह की पहचान और उसके गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाएंगी ताकि उसकी गिरफ्तारी की राह आसान हो सके।

फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी कर रहे तीन शिक्षक धराये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जारी जांच ने एक बार फिर बड़ी धांधली का पदार्फाश किया है। भले ही सत्यापन प्रक्रिया की रफ्तार धीमी हो, लेकिन कार्रवाई लगातार जारी है।ताजा मामले में कोढ़ा प्रखंड के एक शिक्षक और आजमनगर की दो नियोजित शिक्षिकाओं पर फर्जी प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी करने का गंभीर आरोप साबित हुआ है।

इतना ही नहीं, आजमनगर का एक सेवानिवृत्त शिक्षक भी जांच में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते पाए गए हैं। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के पुलिस उपाधीक्षक श्रीराम चौधरी ने चारों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया कि कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुरा (कन्या) के शिक्षक रंजन कुमार ने अमरावती विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के सीपीएड प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति पाई थी। जांच में इनका अंकपत्र और प्रमाणपत्र पूर्णतः फर्जी साबित हुआ, जिसके बाद कोढ़ा थाना में केस दर्ज कराया गया।

इधर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मियाटोली, इस्लामनगर की शिक्षिका रुणा खातून और प्राथमिक विद्यालय पैकवाहन की शिक्षिका लैला खातून के अंकपत्र व प्रमाणपत्र में जन्मतिथि गलत पाई गई, जो गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है।

सबसे चौंकाने वाला मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय राघोपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक मो. साहिद हुसैन का है। सेवा समाप्त हो जाने के बाद भी उनके प्रमाणपत्र की जांच में फजीर्वाड़े की पुष्टि हुई।

तीनों के विरुद्ध आजमनगर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। निगरानी की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में ऐसे कई और मामले सामने आ सकते हैं।

प्रशासन की गाड़ी गुजरी, फिर सज गई दुकानें

न्यू मार्केट रोड को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाना बनी चुनौती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। शहर के जाने माने राजेन्द्र प्रसाद रोड में सब्जी मंडी न्यू मार्केट रोड पर अतिक्रमण की समस्या अब एक 'चूहे-बिल्ली का खेल' बन गई है। यातायात पुलिस और जिला प्रशासन की कार्रवाई का असर चंद घंटों से ज्यादा नहीं टिकता है। आलम यह है कि जैसे ही प्रशासनिक अमला सख्ती दिखा कर निकलता है। सड़क के दोनों ओर सब्जी और फल की दुकानें एक सुनियोजित तरीके से फिर से सज जाती हैं। जिससे यह व्यस्त सड़क हर दिन जाम की भेंट चढ़ जाती है। यातायात पुलिस ने सोमवार को अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की। उसके बावजूद अगले ही दिन मंगलवार को स्थिति जस की तस हो गई। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई अस्थायी दुकानों को हटवाया



था।जिससे लोगों ने राहत की साँस ली थी। लेकिन मंगलवार की सुबह लगभग 10:30 बजे सड़क पर एक बार फिर से सब्जी की दुकानें पूरी तरह से सज चुकी थीं। ये दुकानें सड़क की आधी से अधिक चौड़ाई को घेर लेती हैं। जिससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि यह सड़क शहर के मुख्य बाजारों को जोड़ती है। न्यू मार्केट और आस-पास के क्षेत्रों में खरीदारी के लिए लोगों को अपनी गाड़ियाँ दूर खड़ी करनी पड़ती हैं, क्योंकि जाम के कारण यहाँ से निकलना लगभग असंभव हो जाता है। उनलोगो ने बताया कि प्रशासन की गाड़ी आते ही दुकानदार अपना सामान समेट लेते हैं और गाड़ी के ओझल होते ही वे तुरंत अपनी जगह पर वापस आ जाते हैं।

शहर मे वेंडिंग जोन का अभाव है। जब तक इन दुकानदारों को कारोबार करने के लिए कोई स्थायी और वैध स्थान नहीं दिया जाता। तब तक अतिक्रमण की यह समस्या केवल अस्थाई समाधानों से ही जूझती रहेगी। जानकारी हो कि पूर्व मे भी निगम तथा जिला प्रशासन ने शहर मे अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की थी ।

कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शक्ति प्रदर्शन पर बनी रणनीति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय रैली की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। पार्टी ने दावा किया है कि झारखंड से बड़ी संख्या में कार्यकताश्र और नेता दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस की ताकत का प्रदर्शन करेंगे। बैठक के दौरान यह रणनीति बनाई गई कि राज्य के सभी जिलों से कार्यकताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि यह रैली सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़े जन आंदोलन का हिस्सा है। हालांकि बैठक में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर सवाल भी उठे क्योंकि आधे से ज्यादा पदाधिकारी बैठक से नदारद रहे जिससे अंदरखाने चर्चा तेज है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ मंत्री दीपिका पांडे और तीनों कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो और शाहनवाज आलम सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने जिम्मेदारियों का बंटवारा करते हुए सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित संख्या में कार्यकताओं को दिल्ली रैली तक भेजने की तैयारी तेजी से पूरी करें।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संवैधानिक स्तर पर लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। दिल्ली की रैली में झारखंड से मजबूत उपस्थिति दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि जनता के वोट पर डाका डालने वाली ताकतों के खिलाफ हम मजबूती से खड़े हैं।

श्रम आयोग के चेयरमैन का स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जयमाला शिक्षा निकेतन में बिहार राज्य बाल श्रम आयोग के अशोक कुमार बादल का आगमन हुआ। छह माह पूर्व नियुक्त हुए चेयरमैन श्री बादल के विद्यालय आगमन पर निदेशक डॉ. एसके सुमन ने पुष्पगुच्छ व शाल भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बादल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके माता-पिता ने जिन सपनों को किसी कारणवश पूरा नहीं कर सके, उन सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी आज आपके कंधों पर है। कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है और उसी के बल पर आप अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने विद्यालय परिसर में प्रदर्शित विभिन्न पोस्टरों का उल्लेख करते हुए कहा कि जयमाला शिक्षा निकेतन का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। नेट, एलडीए सहित कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में यहां के पूर्ववर्ती छात्र सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे इन सफल छात्रों से सीख लेकर अपने लक्ष्य को साकार



करें।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई छात्र-छात्राओं को श्री बादल ने सम्मानित किया। जिसमें नर्सरी वर्ग हिमांशु मुर्मू ,आरभ कुमार, मिश्रा जानवी कुमारी, यूकेजी का नव्यांश देव, हर्षराज, मोहम्मद फैजान, वन का रिशिका भारती, ऋतिका सिन्हा,सारस दो के पलक कुमारी, निसान अहमद, नमन झा आकांक्षा कुमारी, भारत लाभ, प्रतीक्षा कुमारी, राधिका कुमारी, यशराज, आरभ कुमार, शिव कुमार, फोर रौनक राज, सिद्धि कुमारी, आदित्य राज, तेज प्रताप, प्रतीक कुमार, बिहान कुमार, फाइव का आयुष राज, आनवी, दीपिका, पारुल कुमारी, साक्षी कुमारी, आदित्य राज, अभिनव रंजन, सिक्स की नंदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, सेवन का संस्कार मिश्रा, प्रत्यूष झा,राणा कुमार, आठ की प्रतीक्षा कुमारी विशाल कुमार, यशस्वी सूर्या, नाइंथ के बाल मुकुंद कुमार, जुबी, जिया ,रिफत जहाँ, स्नेहा रानी, वर्ग दशम हर्ष राज झा, गौरव कुमार सिन्हा,प्रियांशु कुमार झा शामिल है । इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ.एसके सुमन कहा आप लोग यह सम्मान समारोह से प्रेरणा लीजिए जिन छात्रों को सम्मानित किया गया उसे बहुत बहुत और शुभकामना और जो बच्चे सम्मान प्राप्त करने से वंचित रह गए उनको भी ढेर सारी शुभकामनाएँ चुकी सम्मान समारोह का उद्देश्य ही है प्रेरणा लेना जो सम्मान प्राप्त करना से वंचित रहे हैं वे अगले सम्मान समारोह में पुरस्कार ग्रहण कर सके इसके लिए ये सम्मान किया जाता है इसलिए कहा जाता है अवार्ड का कोई कीमत नहीं होता है यह अवार्ड अवार्ड होता हैं इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एके निराला एसेडमिक इंचार्ज रोशन तरुण एडमिनिस्ट्रेटिव इंचार्ज सतेंद्र सिंह एडमिनिस्ट्रेटर डिसिप्लिन एज़िकल संगमा वरिष्ठ शिक्षक बालकृष्ण वर्मा ,मिथिलेश झा,मिथिलेश सिंह, त्रिलोकी मंडल, अमित कुमार, जायत मालाकार,जयन्त चक्रबर्ती, लोकनाथ लोकप्रिय, अशोक झा, अनुरंजन कुमार, सौरभ कुमार, एन झा, राजीव दिग्गज झा,सीमा कायस्कर, मोनालिसा पॉल,खुशबू झा, सलोनी पंडित, नेहा कुमारी, मनीषा, मोहम्मद नूर,कमरुल हक, राज कुमार,पिंकू चटर्जी सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कैप्टेन एफि फा और प्रियांशु कुमार ने किया।

परीक्षा केंद्रों के चयन को ले उपायुक्त ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025-26 के आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्रों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा समिति के सदस्यों संग परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के संबंध में विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार चर्चा की गई।



पूर्व के बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से उनके विद्यालय का परीक्षा केंद्र हेतु चयन संबंधी उपयुक्तता का सत्यापन संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के माध्यम से रिपोर्ट की मांग की गई थी। आज बैठक में प्रखंडों से उक्त प्राप्त रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई। समिति द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर चर्चा करते हुए झारखंड एकेडमिक काउंसिल संग प्राप्त रिपोर्ट साझा करने का निर्णय लिया गया, जिसके आलोक में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण सुनिश्चित किया जा सके।

इस बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि खूँटी, विधायक प्रतिनिधि खूँटी, तोरपा एवं तमाड़, पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूँटी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

महायज्ञ को ले निकाली गयी कलश शोभायात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी /कटिहार। प्रखंड के नवाबगंज पंचायत वार्ड नंबर 4 स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

जहां 551 कुमारी कन्याओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। यह कलश शोभा यात्रा बजरंगबली मंदिर से शुरू होकर पैदल यात्रा करते हुए लगभग 4 किलोमीटर दूर मनिहारी गंगा घाट तक पहुँचा। जहां सभी ने अपने-अपने कलश में श्री गंगाजल भरकर पुनः पैदल चलकर बजरंगबली मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की इस शोभायात्रा में नवाबगंज पंचायत के बुद्धिजीवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन के अधिकारी भी शामिल रहे। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमडी सैलाब ने वातावरण को धार्मिक भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा सम्पन्न होने के बाद से 72 घंटे का श्री श्री 108 महायज्ञ,हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ हो गया। जिसे नवाबगंज ग्रामवासी सामूहिक रूप से आयोजित कर रहे हैं। तीन दिनों तक होने वाले इस अनुष्ठान में दूर-दूर से श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। नवाबगंज में आयोजित यह कलश शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का भी अनुपम उदाहरण बनी।

20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक पूजा की शुरूआत

गयाजी। 20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक पूजन समारोह को लेकर सोमवार को बोधगया में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में 22 बौद्ध देशों से आए भिक्षु और श्रद्धालु शामिल हुए। बुद्धं शरणं गच्छामि के मंत्रोच्चार से पूरा बोधगया गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा की शुरूआत भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली 80 फीट बुद्ध प्रतिमा परिसर से हुई, जो पैदल यात्रा करते हुए कालचक्र मैदान तक पहुंची। अलग-अलग देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने अपनी पारंपरिक झांकियों के माध्यम से समृद्ध बौद्ध संस्कृति की प्रस्तुति दी। पूरा मार्ग भिक्षुओं के गीतों, बौद्ध मंत्रों और शांतिमय स्वर लहरियों से महक उठा। इस वर्ष 20वें इंटरनेशनल त्रिपिटक पूजा की मेजबानी भारत कर रहा है। यह आयोजन 2 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू मुख्य अतिथि होंगे, जबकि केंद्रीय कला एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे।

तीन दिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला का आयोजन

चयनित प्रतिभागी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में ले सकेंगे हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संव्वाददाता

कटिहार। जिले में चल रहे तीन दिवसीय जिलास्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान मेला का समापन हो गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा बिहार सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल संस्थान के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी सांस्कृतिक, साहित्यिक, कलात्मक एवं वैज्ञानिक प्रतिभा प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करने के साथ राष्ट्रीय एकता, शांति और विकास को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के पहले दिन विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल का प्रद किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित मॉडलों को राज्यस्तरीय युवा उत्सव में भेजा जाएगा।

वहीं दूसरे दिन चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभाशाली युवाओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया।जबकि तीसरे एवं अंतिम दिन लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवा कलाकारों ने पारंपरिक कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयन राज्य स्तर की



प्रतियोगिता के लिए किया गया। समापन समारोह में सभी सातों विधाओं विज्ञान प्रदर्शनी, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, वक्तृत्व, लोकगीत एवं लोकनृत्य के विजेता प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी मनीष कुमार मीणा ने पुरस्कृत किया।

उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह बढाते हुए कहा कि जिले के युवाओं की अद्भुत प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह को निखारने में यह मंच सफल रहा है।इससे न केवल प्रतिस्पर्धा बल्कि सीखने और आपसी सहयोग का सुनहरा अवसर प्रदान करने में भी सफल रहा है।बता दें कि विभागीय दिशा -निदेशों के अनुसार सभी विधाओं के चयनित प्रतिभागी राज्यस्तरीय युवा उत्सव 2025-26 में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।आयोजन को सफल बनाने में कला एवं संस्कृति विभाग के पदाधिकारी व कर्मी के साथ की अन्य सक्रिय रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। मंगलवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में इंटर हाउस क्रिकेट टूनामेंट का सफल आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों ने उम्दा खेलभावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस रोमांचक मुकाबले में साकेत हाउस ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि विक्रमशिला हाउस उपविजेता रहा। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

मैच अत्यंत रोमांचक रहा और आखिरी ओवर में साकेत हाउस ने 14 रन डिफेंड कर शानदार जीत दर्ज की। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने बताया कि यह इस सत्र का छठा टूर्नामेंट था, जो पूर्ण रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशार्ती है किस्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद व सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से जोर देता है। वहीं कुमार आर्यन ने कहा कि खेल से बच्चों में निखार के साथ साथ मानसिक विकास और शारीरिक विकास भी होता है। इसलिए खेलकूद बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

कुलपति ने छात्रों को किया सम्मानित

मेदिनीनगर (पलामू)। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में तृतीय दीक्षांत समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी छात्र छात्राओं को कुलपति प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए चांसलर लेक्चरर सीरीज की शुरूआत करने की भी बात कही जिससे छात्र लाभान्वित हो पाएंगे ।कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कमेटी के द्वारा किया गया कार्यक्रम की शुरूआत कल्चरल कमेटी की संयोजिका डॉक्टर विभा शंकर के स्वागत भाषण से हुआ । इस मौके पर छात्रों ने इतनी शक्ति हमें देना दाता और सांसों की माला गाना की सुंदर प्रस्तुति की जिसने सबका मन मोह लिया। मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ सुरेंद्र कुमार पांडे, प्रॉक्टर डॉक्टर आर के झा, रजिस्टर डॉक्टर नफीस अहमद, सी सी डी सी डॉक्टर मनोरमा सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ विमल कुमार सिंह, डॉ बिनीता दीक्षित, डॉ सुप्रिया सोनालिका, बर्नार्ड टोप्पो, पूरन साव एवं अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

35 विद्युत बकायेदारों पर प्राथमिकी दर्ज

558 लोगों की काटी गयी बिजली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सहरसा। चालू वित्तीय वर्ष के अंत होने की ओर बढ़ते ही बिजली विभाग लगातार राजस्व वसूली और कार्रवाई में जुट गया है। बकाएदार से वसूली के साथ-साथ कनेक्शन काटकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा रही है, ताकि विभाग का राजस्व टारगेट पूरा हो सके।

मुख्यमंत्री विद्युत सहायता योजना से लोगों को 125 यूनिट निशुल्क बिजली दी जा रही है। इसके बाद भी उपभोक्ता द्वारा पहले के बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है व बिजली चोरी की जा रही है। ऐसी स्थिति को लेकर मुख्यालय के निर्देश पर बकाया बिल वसूली से लेकर बिजली चोरी को लेकर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड गंभीर हो गया है। जिस उपभोक्ता का दो माह से अधिक का बकाया राशि है वैसे उपभोक्ताओं का बिजली काटी जाएगी। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बकाया बिल की राशि जमा करने व 125 यूनिट निशुल्क बिजली मिलने के बाद भी उपभोक्ताओं से विद्युत चोरी न करने की अपील की गई।

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा के कार्यपालक अभियंता ई. अमित कुमार ने बताया कि बकाया बिल यानि राजस्व वसूली के लिए चालू माह दिसंबर से विशेष अभियान शुरू है तथा यह अभियान मार्च तक चलेगा। इसके लिए मुख्यालय स्तर से प्रत्येक प्रशाखा में तीन कर्मी केवल बिजली काटने के लिए दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नवंबर में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सहरसा अंतर्गत 558 करीब लोगों की बिजली काटी गई है। इसके अतिरिक्त विद्युत चोरी के विरुद्ध अभियान में 35 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें सहरसा शहरी क्षेत्र में चार, सहरसा ग्रामीण क्षेत्र में 19 व सौरबाजार में 12 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया गया की राजस्व वसूली और विद्युत चोरी के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी बकायेदारों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

आगे कहा कि मुख्यालय स्तर से निर्देश पर आने वाली गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी पावर सब स्टेशनों के साथ ही सभी 33 केवी, 11 केवी और ट्रांसफार्मर पर जरूरी मेंटेनेंस कार्य किए जा रहे हैं।

विदेशी शराब की खेप जब्त, एक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार नगर। उत्पाद विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मंगलवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 21.600 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि रेल मार्ग से एक तस्कर विदेशी शराब लेकर आ रहा है। जिसके बाद विभाग ने आरपीएफ के साथ संयुक्त कारवाई करते हुए प्लेटफॉर्म संख्या 08 से परमानंद साह (36) पिता जोगेन्द्र साह साकिन सोनौली, वार्ड न. 05, थाना कदवा जिला कटिहार निवासी को 21.600 लीटर विदेशी शराब ऑफिसर च्वाईस 180 एमएल के 120 पीस टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि विभाग तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

राहुल पाठक को ब्राह्मण समाज ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू में ब्राह्मण समाज शोक व स्तब्धता में डूब गया है। शादी के महज एक दिन बाद हुए सड़क हादसे में युवा राहुल पाठक राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक सदस्य की दर्दनाक मौत ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। परिवार, मित्र व परिचित ही नहीं बल्कि पूरे पलामू वासी घटना से आहत हैं। इसी गहरी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज ने श्रद्धांजलि सभा भार्गव सेना के बैनर तले आयोजित की। लोगों ने भारी मन से राहुल को याद करते हुए अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक अमित तिवारी, मुकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, मधुकर शुक्ला, आशुतोष तिवारी, संजीत पांडेय, अरविंद पांडेय, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय तिवारी, युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज, जेजेए पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी, अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय, देवेंद्र तिवारी, चंदन तिवारी, पिंकू तिवारी सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। हर किसी की आंखें नम थीं और दिल दुख से भरा हुआ था।सभा की शुरूआत राहुल पाठक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर की गई । इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। माहौल इतना गमगीन था कि कई लोग स्वयं को नियंत्रित नहीं कर पाए व रो पड़े। मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि यह भगवान की वह लीला है, जो किसी के साथ न हो। शादी के एक दिन बाद ऐसी घटना का घटित होना पूरे समाज को भीतर तक हिला देने वाला है। परशुराम सेना भार्गव के संस्थापक अमित तिवारी ने गहरी भावुकता के साथ कहा कि राहुल पाठक हमारे संस्थापक सदस्य थे। उनका जाना ऐसा है जैसे हमारे चार कंधों में से एक कंधा किसी ने खींच लिया हो। यह नुकसान सिर्फ संगठन का नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति का है जिसने राहुल को जाना। सभा में उपस्थित हर व्यक्ति ने राहुल की सरलता, विनम्रता व मिलनसार स्वभाव को याद किया। बताया गया कि राहुल समाज के प्रति हमेशा समर्पित रहते थे। हर कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाते थे। उनकी मुस्कान इतनी सहज थी कि किसी का भी दिल जीत लेते थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं समाज भी एक उज्ज्वल, ऊजार्वान व संस्कारी युवक को खोकर स्वयं को असहाय महसूस कर रहा है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कई लोगों ने कहा कि राहुल की यादें हमेशा जीवित रहेंगी। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एक स्वर में दिवंगत आत्मा की शांति व परिवार को इस असीम पीड़ा से उबरने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

स्वदेशी मेला के आयोजन को ले बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। संघ कार्यालय में स्वदेशी जागरण मंच की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रस्तावित स्वदेशी मेला की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मेला स्थल पर मेला का भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण 05 दिसम्बर को दस बजे करने का निर्णय लिया गया।

प्रांत सह संयोजक विनय भूषण ने कार्यकताओं को कहा प्रस्तावित मेला के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार स्वाबलंबन के लिए प्रेरित करते हुए स्थानीय उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने का एक सार्थक प्रयास किया जाएगा।साथ ही मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से व्यक्ति व्यक्ति में स्व का भाव जागृत कर स्वाबलंबी भारत समर्थ भारत के निर्माण में हम-सब अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया।

बैठक में सुधांशु गुप्ता, अवधेश कुमार देव,बिमल कुमार साहू, महेश कुमार, विद्याभूषण, हरिओम, अरुण कुमार,दसरथ प्रसाद राय,बिदुरतन ,डा किरण कुमारी ,प्रभा बहन,लिया राउत एवं बहन पूजा शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएसपी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किए

डीएसपी निफ़्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड, ईटीएफ, डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड और ईटीएफ

बड़े पैमाने पर ट्रैक किए गए, नियम-आधारित सूचकांकों के जरिए इंवेस्टर्स को भारत के बढ़ते मिडकैप और स्मॉलकैप सेगमेंट तक आसान, मिलता है कम लागत वाला ऐक्सेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुंबई। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने आज चार नई पैसिव स्कीम - डीएसपी निफ़्टी मिडकैप 150 इंडेक्स फंड, डीएसपी निफ़्टी मिडकैप 150 ईटीएफ, डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड और डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 ईटीएफ को लॉन्च करने की घोषणा की है।

इन ऑफर्स की मदद से मिड और स्मॉलकैप सेगमेंट का नियम-आधारित, कम लागत वाला ऐक्सेस पाकर डीएसपी के पैसिव इंवेस्टमेंट सुइट को मजबूती मिलती है। ये एक साथ भारत के सबसे व्यापक और सबसे गतिशील कॉर्पोरेट यूनिवर्स का प्रतिनिधित्व करती हैं।

31 अक्टूबर, 2025 तक सूचकांक व्यवहार के विश्लेषण के अनुसार, 10 साल की अवधि में, निफ़्टी मिडकैप 150 ट्राई ने 16.2% का औसत रोलिंग रिटर्न जनरेट किया है, जो निफ़्टी 500 ट्राई की ओर से किए गए 12.6% से काफी ज्यादा है।

स्मॉलकैप इंडेक्स ने इंवेस्टर्स को लंबे समय तक इनाम दिया है, निफ़्टी स्मॉल-कैप 250 ट्राई ने निफ़्टी 500 ट्राई के लिए 12.6% की तुलना में 13.5% औसत 10-वर्षीय रोलिंग रिटर्न दिया है। व्यापक बाजार सूचकांकों की तुलना में दोनों सूचकांकों में अधिक गिरावट हो सकती है; हालाँकि जैसे-जैसे होल्डिंग अवधि लंबी होती है, दोनों सूचकांकों में गैर-नकारात्मक रिटर्न की संभावना में सुधार होता है।

नए फंड ऑफर (एनएफओ) 24 नवंबर से 08 दिसंबर 2025 तक खुले रहेंगे।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के ऐक्टिव इंवेस्टमेंट और प्रोडक्ट हेड, सीएफए, अनिल घेलानी ने कहा, मिडकैप और स्मॉलकैप भारत में नवाचार और विकास के चौराहे पर हैं।

हमारे शोध से पता चलता है कि स्टॉक पिकिंग के बजाए अनुशासित, नियम-आधारित एक्सपोजर ने ऐतिहासिक रूप से उन इंवेस्टर्स को इनाम दिया है जो चक्रों के जरिए इंवेस्टमेंट करते रहते हैं। ये प्रोडक्ट्स इंवेस्टर्स को व्यापकता-आधारित बाजार के विस्तार में भाग लेने का एक आसान तरीका मुहैया करवाते हैं।

उद्योग मंत्री ने की उद्योग निदेशालय की व्यापक समीक्षा

निवेश सुधारों की रफ्तार तेज करने का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता मे उद्योग निदेशालय, स्टार्टअप, एसआइपीबी, एमएसएमइ तथा औद्योगिक प्रोत्साहन से संबंधित सभी प्रमुख योजनाओं और नीतियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, निदेशालय से संबंधित सहायक निदेशक तथा संबंधित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा बैठक में सबसे पहले राज्य निवेश संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी गई। उद्योग मंत्री द्वारा राज्य में कुल एमओयू का संपूर्ण विवरण तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि बिहार की 2016 की औद्योगिक नीति और बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 प्रभावी रूप से जारी हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की टेक्सटाइल एवं लेदर नीति, एथनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति तथा लॉजिस्टिक नीति की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी निवेशक के आवेदन में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है और इस हेतु प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पोर्टल को ऐसी व्यवस्था से सुदृढ़ किया जाए जिससे सभी विभाग समयबद्ध तरीके से जवाब दें और निवेशक को वास्तविक ''वन-स्टॉप क्लियरेंस'' का अनुभव मिले।

बैठक में स्टार्टअप बिहार पॉलिसी 2022 की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एमएसएमइ क्षेत्र पर चर्चा के दौरान यह उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार एमएसएमइ क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम, आरएएमपी योजना और पीएमईजीपी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूत आधार प्रदान कर रही है। मंत्री ने कहा कि एमएसएमइ केंद्र न केवल उद्यमियों को प्रशिक्षण देंगे बल्कि उन्हें ऋण, तकनीकी समर्थन, बाजार सुविधा, ब्रांडिंग और मूल्य श्रृंखला विकास से भी जोड़ेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एमएसएमइ क्षेत्र पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए जिसमें क्लस्टर, बाजार पहुंच, वित्तीय प्रवाह, उद्यमियों की आवश्यकताओं और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का एकीकृत विश्लेषण हो। बैठक के अंत में उद्योग मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि उद्योग निदेशालय को प्रदेश के औद्योगिक विकास की धुरी के रूप में अपनी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करना होगा। एसआइपीबी बैठकों के अभिलेख और लंबित मामलों की पूरी सूची तैयार करने और उसे अद्यतन रखने का दायित्व भी उद्योग निदेशालय को सौंपा गया। मंत्री ने कहा कि उद्योग निदेशालय की दक्षता, समन्वय क्षमता और नीति-क्रियान्वयन की मजबूती आने वाले समय में बिहार के औद्योगिक भविष्य को निर्णायक रूप से प्रभावित करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उद्योग निदेशालय और विभाग की टीम की सक्रिय भूमिका के कारण बिहार जल्द ही निवेश, स्टार्टअप और एमएसएमइ विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा।

प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने किया यूथ हॉस्टल का भ्रमण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राजधानी के यूथ हॉस्टल के भ्रमण प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने किया। प्रोग्राम ऑफिसर सुधांशु राज ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन यूथ हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है जिसमें कोई भी छात्र या युवा कम समय के लिए रह सकता है। यह हॉस्टल ऐसे छात्रों और युवाओं के लिए कभी उपयोगी साबित हो रहा है जो परीक्षा या एक्सपोजर विजिट के लिए राज्य से बाहर जाते हैं उन्हें निम्न शुल्क पर रहने और भोजन की व्यवस्था है। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन लगातार सामाजिक गतिविधियों का संचालन करता है जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। देश के सभी राजधानी में यूथ हॉस्टल स्थापित है इसमें प्रबंधक, केयर टेकर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मी कार्य करते हैं। वही फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है युवाओं की आबादी 65 प्रतिशत है इसे ध्यान में रखकर हर जिला मुख्यालय में यूथ हॉस्टल बनाने की जरूरत है। टीम में बीएन कॉलेज के इशिता आनंद, मैहर खान, आयुष कुमार,विवेक कुमार,हिमांशु कुमार, श्री अरबिंद महिला कॉलेज के ज्योति कुमारी, अंकिता कुमारी, अंजू कुमारी, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के सपना कुमारी समेत दर्जनों इंटर्न मौजूद रहे।

राष्ट्रीय गणित एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय गणित दिवस-2025 एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीनस्थ बिहार काउंसिल अन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमेटिक्स-2025 एवं सर सी.वी. रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस-2026 प्रतियोगिता परीक्षा 29 नवंबर से 01 दिसंबर 2025 तक तीन दिनों में चार पालियों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन राज्य के सभी जिलों में अवस्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में किया गया। कुल 80,927 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, चूँकि अनेक छात्र-छात्राओं ने गणित एवं विज्ञान दोनों विषयों में परीक्षा देने का विकल्प चुना, इसलिए परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़कर 95,911 हो गई। यह परीक्षा राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसंबर, 2025) एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी, 2026) के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्रत्येक विषय के लिए 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न निर्धारित थे जिसमें नकारात्मक अंकन की व्यवस्था भी की गई थी। पुरस्कार विवरण- राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 5000 एवं 3000 मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। वहीं, जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं तथा राज्य स्तर के शीर्ष विजेताओं को राजधानी पटना में आयोजित समारोह में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री एवं सचिव द्वारा लैपटॉप, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। इसी अवसर पर राज्य के सभी जिलों में स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में भी राष्ट्रीय गणित दिवस (22 दिसंबर, 2025) एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी, 2026) का आयोजन भी किया जायेगा। इस दिन जिला स्तर पर तृतीय से दसवें स्थान तक प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जिलाधिकारी, उपविकास आयुक्त अथवा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। साथ ही तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 800, 700 एवं 600 की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जायेगी। यह परीक्षा बिहार काउंसिल अन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित की गई जो राज्य भर में छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा एवं गणितीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास रहा है।

सहकारिता मंत्री ने की दरभंगा, सारण एवं कोशी प्रमंडलों में धान अधिप्राप्ति प्रगति की समीक्षा

अधिकारियों को धान अधिप्राप्ति में पारदर्शिता रखने का सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सहकारिता मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने धान अधिप्राप्ति प्रगति की प्रमंडलवार समीक्षा के क्रम में दरभंगा, सारण एवं कोशी प्रमंडलों के जिलों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। आज की समीक्षा बैठक में निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, धान अधिप्राप्ति के राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी संयुक्त निबंधक शंभू सेन, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां समरेश कुमार उपस्थित रहे। साथ ही इन प्रमंडलों के संयुक्त निबंधक एवं संबंधित सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक, जिला सहकारी बैंक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री ने सभी जिलों में धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में तय लक्ष्य 36.85 लाख मेटन धान की अधिप्राप्ति कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जिलावार मिशन मोड कार्ययोजना बनाकर तत्परता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि धान अधिप्राप्ति राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की देरी, अनियमितता या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों के अधिकारियों को अपने कार्यसंस्कृति में बदलाव लाते हुए लक्ष्य की पूर्ति हेतु पूरी गंभीरता एवं जिम्मेवारी के साथ कार्य करने का निदेश दिया। राइस मिलों की टैगिंग उनकी वास्तविक क्षमता के अनुसार यथाशीघ्र एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ, किसानों द्वारा धान जमा कराने के 48 घंटे के भीतर उनका भुगतान नामित खातों में भेजना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निदेश दिया। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसानों को होने वाली समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिलास्तरीय नियंत्रण एवं निगरानी को और सुदृढ़ किया जाए। मंत्री ने यह भी निदेश दिया कि धान अधिप्राप्ति से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक किसान सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकें। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि धान अधिप्राप्ति में लगे पदाधिकारी राज्य मुख्यालय से अवकाश की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विभागीय समीक्षा बैठक में सारे पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी साथ ही अनुपस्थित पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। धान अधिप्राप्ति में बेहतर कार्य करने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही धान अधिप्राप्ति में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल द्वारा 01 नवम्बर 2025 से राज्य के कोशी, पूर्णिया, तिरहुत, दरभंगा एवं सारण प्रमंडल के सभी जिलों में तथा राज्य के शेष जिलों में 15 नवम्बर 2025 से धान अधिप्राप्ति प्रारंभ हो गया है। विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान 2369/- रु. प्रति क्विंटल तथा धान (ग्रेड-ए) 2389/- रू प्रति क्विंटल की दर से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है। इच्छुक किसानों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित एवं भूमि से संबंधित तथा अन्य सूचनाओं को अंकित किए जाने के पश्चात उन किसानों से धान का क्रय पंचायत स्तर पर पैक्स एवं प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों द्वारा बायोमेट्रीक सत्यापन के माध्यम से किया जा रहा है। क्रय किये गये धान के मूल्य के लिए किसानों को सहकारी बैंक के एडवाइस के आधार पर 48 घंटों के अन्दर भुगतान नामित के खाते में की जा रही है। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अन्तर्गत साफ-सुथरे एवं सूखे हुए धान जिसकी नमी की मात्रा भारत सरकार द्वारा निर्धारित 17 प्रतिशत से अधिक न हो, को ध्यान में रखते हुए किसानों से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है।

शिव शंकर आनंद ने किया एडवांस रॉक क्लाइम्बिंग कैंप में रोप लीडर का गौरव हासिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बी. डी. कॉलेज, पटना के एन.सी.सी. कैडेट शिव शंकर आनंद ने गुजरात के जूनागढ़ में आयोजित एडवांस रॉक क्लाइम्बिंग कैंप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। कठिन अभ्यासों और अंतिम मूल्यांकन में बेहतरीन दक्षता प्रदर्शित करने पर उन्हें रोप लीडर के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 8 गुजरात बटालियन के कमांडेंट कर्नल अमित त्यागी द्वारा प्रदान किया गया। कैंप के दौरान शिव शंकर आनंद ने रॉक क्लाइम्बिंग, रोप तकनीक, सुरक्षा प्रोटोकॉल और नेतृत्व कौशल में असाधारण दक्षता दिखाई। उन्होंने टीम सहयोग और नेतृत्व की मिसाल पेश करते हुए सभी प्रतिभागियों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। अंतिम मूल्यांकन में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। बी. डी. कॉलेज प्रशासन और एन.सी.सी. इकाई ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा शिव शंकर आनंद ने अपने अनुशासन, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता से न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है बल्कि बिहार राज्य को भी गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि आने वाले कैडेट्स के लिए प्रेरणा बनेगी।

सीएनजी वाहन से अचानक गैस रिसाव, समय रहते हादसा टला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गयाजी। डोभी-गया मुख्य मार्ग पर स्थित वकीलगंज के समीप मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया। गैस परिवहन कर रहे एक सीएनजी वाहन से अचानक तेज गैस रिसाव शुरू हो गया। गैस निकलते ही वाहन चालक घबराकर वाहन सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया जिससे स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई। गैस रिसाव देखते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्परता से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित कराया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तकनीशियन को बुलाया गया जो समय रहते पहुंच गया और गैस रिसाव को नियंत्रित कर दिया। तकनीकी दोष दूर होने के बाद वाहन को उसके गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया गया। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती जाती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। गैस रिसाव पर काबू पाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और स्थिति सामान्य हो गई।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा जनसेवा और पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहे हैं। उन्होंने जिस कुशलता से संगठन और सरकार के दायित्वों का निर्वहन किया है, वह अतुलनीय है। आपके कुशल नेतृत्व में पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। भाजपा आज जन-जन की पार्टी बन चुकी है, उसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्र और पार्टी के प्रति आपका समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना और कामना करता हूं।

सोनपुर मेले में चिंग्स का आकर्षक स्टॉल लोगों के बीच बना चर्चा का केन्द्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सोनपुर। बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले में इस बार चिंग्स का आकर्षक स्टॉल लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर लगातार हो रही फ्री सैंपलिंग ने हजारों-लाखों आगंतुकों को अपनी ओर खींचा है जहां उपभोक्ता बड़े उत्साह के साथ चिंग्स के गरमागरम और स्वादिष्ट प्रोडक्ट्स का स्वाद ले रहे हैं। इस बार मेले में नया कॉन्सेप्ट भी खास आकर्षण बना है जो आगंतुकों को ताजा और गर्म सूप परोसकर एक अनोखा अनुभव दे रहा है। इस नई पहल ने मेले के माहौल में और ऊर्जा भर दी है तथा लोगों में गरमागरम सूप के प्रति खास उत्साह देखने को मिल रहा है। बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए चिंग्स स्टॉल पर विशेष टीम की तैनाती की गई है जिससे आने वाले उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव मिल सके।

मुजफ्फरपुर में जैन मुनि श्री विशल्यसागर जी पर हमले का प्रयास

अभद्रता के बाद मुनिराज ने साधा मौन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मिथिलापुरी एनएच पर मानवता और धर्म को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां विहार कर रहे जैन मुनि श्री विशल्यसागर जी मुनिराज के साथ एक अज्ञात युवक ने अभद्रता की और हमले का प्रयास किया। घटना नगर पंचायत सरैया से कुछ दूरी पर स्थित ढोकरा स्थान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुनिराज शांतिपूर्वक अपना विहार कर रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक सवार वहां पहुंचा। उसने न केवल मुनिराज के साथ गाली-गलौज की, बल्कि दिगंबर साधु की मर्यादा के विरुद्ध जाकर उन्हें जबरन वस्त्र पहनाने की धमकी भी दी। उपसर्ग मानकर ध्यान में लीन हुए मुनिराज इस घोर अपमान और हमले की कोशिश के बावजूद, मुनि श्री विशल्यसागर जी ने अपनी सहनशीलता और संयम का परिचय दिया। उन्होंने इस घटना को एक 'उपसर्ग' (साधना में आने वाली बाधा/परीक्षा) मानते हुए तत्काल मौन धारण कर लिया। वे बिना किसी विरोध के उसी स्थान पर सड़क किनारे ध्यान मुद्रा में होकर बैठ गए। मुनिराज की इस क्षमाशीलता ने जहां एक ओर जैन समाज को भावुक कर दिया है, वहीं बदमाशों की इस हरकत से श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है।

63 लीटर विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गयाजी। समेकित जांच चौकी, डोभी की पुलिस ने विदेशी शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सीएनजी टेंपू से 63 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया वाहन निबंधन संख्या बीआर-03पीबी-1061 है। घटना समेकित जांच चौकी, डोभी, गया की है जहां जांच के क्रम में टेंपो से अवैध शराब मिली। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रंजन कुमार (उम्र लगभग 23 वर्ष), पिता राज कुमार मांझी, साकिन सुग्गासोत, थाना बहेरा, जिला-गया के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि तस्करी से जुड़े पूरे प्रकरण में योजना अनुसंधान के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा। छापेमारी दल में बली यादव, हलेन्द्र कुमार, विजय कुमार, धर्मेन्द्र बैठा तथा मद्यनिषेध सिपाही एवं गृह रक्षक जवान शामिल थे जिन्होंने कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

अक्षर आंचल योजना की महापरीक्षा को लेकर बैठक, 2200 महिलाएं होंगी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखण्ड संसाधन केंद्र कोंच के प्रांगण में महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए संचालित अक्षर आंचल योजना अंतर्गत आगामी 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली महापरीक्षा की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमन ने की। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रखण्ड स्तर पर कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां योजना के तहत 2200 महिलाएं महापरीक्षा में शामिल होंगी। संकुलवार आंकड़े इस प्रकार हैं - अदई 160, मुड़ेरा 80, सिंदुआरी 160, सियाडीह 240, गौरीबिगहा 160, उतरेन 240, आंती 80, देवरा 160, काबर 320, कोंच 200, कैयाटांड़ 200 तथा खजुरी 200 महिलाएं परीक्षा देंगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित कराने के लिए क्लस्टर का गठन कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बीईओ डॉ. रमन के साथ केआरपी मुन्द्रिका रजक, सभी भीटी एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर में लगेगा एमबीए कॉलेज का मेला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले शिक्षाविद डॉ सुनील कुमार सिंह के द्वारा संचालित आइआइएम वाला कोचिंग इंस्टीट्यूट बिहार झारखंड के स्टूडेंट्स की पहली पसन्द बन चुकी है। कैट, आईपीमैट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आइआइएम वाला भारत के प्रतिष्ठित कोचिंग में शुमार है। 5 दिसंबर (शुक्रवार) को पटना के प्रसिद्ध होटल मौर्या (गांधी मैदान) में आइआइएम वाला के बैनर तले एमबी/पीजीडीएम एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के सभी बड़े और प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटीज शामिल होंगे। डॉ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर में इस बार सिर्फ मैनेजमेंट कॉलेज और यूनिवर्सिटीज को ही आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें यूजी के छात्र-छात्राएं शामिल नहीं होंगे क्योंकि यूजी स्टूडेंट्स के लिए अप्रैल में अलग से एजुकेशन फेयर का आयोजन किया जायेगा। डॉ. सुनील ने बताया कि एजुकेशन फेयर को आयोजित करने में अपने स्टूडेंट्स और देश के बड़े कॉलेज और यूनिवर्सिटीज का काफी सहयोग मिल रहा है। खास कर छात्राओं का इस आयोजन में उत्साह और सहयोग सराहनीय है। डॉ सुनील ने बताया कि ऐसे आयोजन में स्टूडेंट्स के शामिल होने से उनका मैनेजेरियल स्किल काफी बढ़ जाता है। भारत के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट कॉलेज आइआइएम काशीपुर से प्रबंधन की पढ़ाई कर चुके डॉ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे एजुकेशन फेयर कराने का उद्देश्य स्टूडेंट्स को अपने शहर में रह कर हीं देश के नामचीन संस्थानों से रूबरू हो कर संपूर्ण जानकारी मिल जाती है। शिक्षा और खेल में विशिष्ट योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हो चुके डॉ सुनील सिंह पिछले 25 वर्षों से कॉमर्स विषयों में अग्रणी कोचिंग जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के भी निदेशक हैं। एजुकेशन फेयर के पूर्व 2 दिसंबर (मंगलवार) को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डॉ सुनील के द्वारा फेयर में शामिल होने वाले आइटीएम बिजनेस स्कूल नवी मुंबई, जिम्स ग्रेटर नोएडा, एक्यूरेट ग्रेटर नोएडा, जी एल बजाज ग्रेटर नोएडा, आइएसबी एंड एम पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ यूनिवर्सिटी पुणे, एलायंस यूनिवर्सिटी बैंगलोर, संदीप यूनिवर्सिटी नासिक/ मधुबनी, एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत, जी डी गोयनका यूनिवर्सिटी गुड़गांव, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना, मानव रचना फरीदाबाद हरियाणा, हरिशंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस जयपुर, एनआईईटी ग्रेटर नोएडा, आई जी बंगलौर, ग्राफिक एरा देहरादून, आइआइएलएम ग्रेटर नोएडा, विश्वा विश्वानी हैदराबाद, श्री श्री यूनिवर्सिटी कटक, आरआईटी रुड़की, आईएसएम पटना की घोषणा की गई। आइआइएम वाला एजुकेशन फेयर को सफलता पूर्वक आयोजित करने वाले छात्र-छात्राओं में सोनम, अदिति आर्ची सिंह, प्रतिभा, राशि, अहाना, खुशी, पुनः, सरगम, मौली, अपूर्व, प्रिंसी शामिल हैं।

संपादकीय

शीतकालीन सत्र में बहस हो, हंगामा नहीं...

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है और विपक्ष ने अपने मुद्दे साफ कर दिए हैं। पीएम मोदी मानसून सत्र के शुरु दिन कहा नीति पर बात हो ड्रामा न हो। मॉनसून सेशन अगर ऑपरेशन सिंदूर के नाम था, तो इस बार बहस के केंद्र में स्ढ्ढक्रहै। लेकिन, सरकार और विपक्ष - दोनों से ही सदन के भीतर ज्यादा समझदारी, संयम और सहयोग की अपेक्षा है, ताकि सत्र में अधिक काम हो सके। शीत सत्र एक से 19 दिसंबर तक चलना है। इसमें कुल 15 दिन कार्यवाही चलेगी और इस दौरान शिक्षा, सड़क और कॉरपोरेट लॉ संबंधी कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इसी सत्र में हेल्थ सिक्यॉरिटी एंड नैशनल सिक्यॉरिटी सेस बिल, 2025 भी रखा जा सकता है, जिसका मकसद देश के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा तैयारियों के लिए एक नया उपकर लगाना है। सारे ही बिल-प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं और इन पर सार्थक बहस की जरूरत है। इसके साथ विपक्ष की भी अपनी मांगें हैं, जिसे सर्वदलीय बैठक में रखा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, स्ढ्ढक्र वायु प्रदूषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा चाहता है। अच्छी बात है कि विपक्षी दलों ने इस बारे में पहले ही अवगत करा दिया है और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के ही मुताबिक, किसी ने भी यह नहीं कहा कि संसद नहीं चलने दी जाएगी। सरकार और विपक्ष, दोनों का इस पर सहमत होना कि सदन चलना चाहिए, स्वागत योग्य है।लेकिन, कमोबेश इसी तरह की सहमति हर बार सेशन शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकों में दिखती है और कार्यवाही शुरू होने के बाद राजनीति हावी हो जाती है। बीता हुआ मॉनसून सत्र इसका उदाहरण है, जब लोकसभा की प्रॉडक्टिविटी महज 31त्न के आसपास और राज्यसभा की लगभग 39त्न रही। हंगामे और शोर-शराबे की वजह से दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण घंटे बर्बाद हो गए थे।इस बार भी सदन के बाहर की सियासी स्थिति तनाव भरी है। 12 राज्यों में हो रहे स्पेशल इटेंशिप रिवीजन को लेकर विपक्ष की आपत्तियों की लिस्ट लंबी है। वह लगातार इस प्रक्रिया के औचित्य और पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है। इसे लेकर दोनों सदनों में भी भिड़ंत देखने को मिल सकती है, लेकिन यह दोनों पक्षों को समझना होगा कि हंगामेबाजी से किसी सवाल के जवाब नहीं मिलेंगे। सदन को चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है, विपक्ष का काम ही है सरकार को घेरना और सवाल उठाना।

भारत का आर्थिक विकास- सहकारिता से समृद्धि की ओर

(प्रह्लाद सबनानी)

सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं।

भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुलकर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। 'सहकार से समृद्धि' का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकिं भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स?वैच्छिक सदस?यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस?यों की भागीदारी; सदस?यों की आर्थिक भागीदारी; स?वायत?तता और स?वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना- कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार।

सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में



सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब सहकार से समृद्धि की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। संचालन और कार्यों की प्रकृति के आधार पर मुख्यतः छह प्रकार की सहकारी समितियां होती हैं। इनमें उपभोक्ता सहकारी समितियां, उत्पादक सहकारी समितियां, विपणन सहकारी समितियां, कृषक सहकारी समितियां, ऋण सहकारी समितियां और सहकारी आवास समितियां शामिल हैं।


उक्त वर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। 29 जून, 2022 को भारत सरकार द्वारा 63,000 क्रियाशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिति लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था एवं केंद्र सरकार द्वारा अब किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है।

शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंजूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है। देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं। विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे। साथ ही, किन्हीं समस्याओं एवं कारणों के चलते जो सहकारी समितियां निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं, उन्हें अब पुनः चालू हालत में लाया जा सकेगा। अमूल की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में भी सहकारी समितियों द्वारा सफलता की कहानियां लिखी जाएंगी ऐसी आशा की जा रही है। 'सहकारिता से विकास' का मंत्र पूरे भारत में सफलता पूर्वक लागू होने से गरीब किसान और लघु व्यवसायी बड़ी संख्या में सशक्त हो जाएंगे। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक है) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

चीन ने अमेरिका को दी पटखनी, अंतरिक्ष में सुपरपावर से पहले भेजी एआई सैटेलाइट



(रौनक भैड़ा)

अमेरिका की एक छोटी कंपनी स्टारक्लाउड ने भी एक फ्रिज जितनी बड़ी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजी। उसमें एनवीआईडीआईए का शक्तिशाली एच100 चिप लगा था। यह सैटेलाइट स्पेसएक्स के रॉकेट से नवंबर 2025 में गई। एलन मस्क ने कहा था कि अगले साल से उनकी कंपनी स्टारलिंक के जरिए अंतरिक्ष में पूरा डेटा सेंटर बना सकती है। मस्क का कहना है कि चार-पांच साल में सोलर पैनल से चलने वाली एआई सैटेलाइट सबसे सस्ता और तेज तरीका होंगी। लेकिन अमेरिका इस मामले में चीन से पिछड़ गया है, क्योंकि चीन ने पहले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वाली पहली सैटेलाइट स्पेस में सफलतापूर्वक भेज दी थी।

ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट बताती है कि चीन द्वारा भेजी गई सैटेलाइट का नाम है 'डोंगफांग हुईयान गाओफेन 01' है। यह सैटेलाइट दिसंबर 2024 में लॉन्च हुई थी। यह काम अमेरिका से पहले हो गया। चीन की सैटेलाइट में जो एआई मॉडल लगा है, उसका नाम है जीगोन जीपीटी है। यह दुनिया की पहली ऐसी सैटेलाइट है जो अंतरिक्ष में ही तस्वीरों को देखकर खुद समझ सकती है और नई तस्वीरें भी बना सकती है। हान यिन्हे ने कहा कि हमने सबसे पहले अंतरिक्ष में जेनरेटिव एआई की ताकत साबित की है। इस सैटेलाइट से बना एक डिजिटल ह्यूमन 'वीबो' सोशल मीडिया पर लोगों से सीधे बात कर सकता है। यह बहुत तेजी से जवाब देता है क्योंकि डेटा जमीन पर नहीं आता-जाता। इससे साबित हो गया कि बड़ी एआई मशीनों को अंतरिक्ष में चलाया जा सकता है। हान ने बताया कि अमेरिका ने चीन को अच्छी चिप्स नहीं बेचीं, इसलिए हमने अपना हाई-स्पीड जीपीयू खुद बनाया। हमने एक सैटेलाइट में कई जीपीयू जोड़कर नया सिस्टम तैयार किया। यह सिर्फ चिप्स जोड़ना नहीं है, बल्कि पूरी नई तकनीक है। हमने गर्मी और बिजली की समस्या भी हल की। हमारा लक्ष्य है अंतरिक्ष में बड़ा सुपरकंप्यूटर सेंटर बनाना। हान ने समझाया कि आज सैटेलाइट तस्वीरें जमीन पर भेजती हैं, फिर वहां प्रोसेस होती हैं। इसमें समय लगता है। अगर बाढ़ या भूकंप की चेतावनी देनी हो तो देर हो जाती है। अंतरिक्ष में ही एआई होने से सेकंडों में फैसला हो जाएगा। इससे आपदा से पहले चेतावनी मिल सकेगी। चीन ने कहा कि हम दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करेंगे। कम खर्चे में तेज डेटा सर्विस देंगे। तकनीक के नियम भी सबके साथ बनाएंगे। हान ने कहा कि यह सिर्फ तकनीकी रेस नहीं है, यह तय करेगा कि भविष्य का अंतरिक्ष डेटा सिस्टम कौन बनाएगा। अगले साल 2026 में चीन एक सैटेलाइट में कई जीपीयू वाला पूरा सुपरकंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म अंतरिक्ष में भेजेगा। साथ ही अंतरिक्ष के लिए खास मजबूत चिप भी तैयार हो जाएगी। अंतरिक्ष में एआई की यह जंग अब और तेज होने वाली है।

बस्तर में हो रहा है सुनहरा सवेरा...

(नंदन जैन)

हिंसा का खेल खेलने वाले नक्सली चौतरफा सरकारी प्रयासों के चलते या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या कार्रवाई में ढेर हो रहे हैं। दूसरी ओर, जिन अंदरूनी इलाकों तक दशकों तक विकास की रोशनी नहीं पहुंच सकी थी, वहां आज सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं वास्तविक रूप ले रही हैं। जब किसी भी समस्या के समाधान के प्रति नेतृत्व की इच्छा शक्ति सच्चे अर्थों में सक्रिय होती है, तो बड़ी से बड़ी चुनौती भी घुटने टेक देती है। नक्सलवाद के संदर्भ में जो परिणाम आज देश देख रहा है, वह केन्द्र और राज्य सरकारों के संकल्पित प्रयासों का ही फल है। जो बस्तर कभी लाल आतंक का प्रमुख गढ़ माना जाता था, वहां अब स्थायी शांति अपना आधार मज़बूत कर रही है। हिंसा का खेल खेलने वाले नक्सली चौतरफा सरकारी प्रयासों के चलते या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या कार्रवाई में ढेर हो रहे हैं। दूसरी ओर, जिन अंदरूनी इलाकों तक दशकों तक विकास की रोशनी नहीं पहुंच सकी थी, वहां आज सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं वास्तविक रूप ले रही हैं। पिछली उदासीन सरकारों और स्वार्थी माओवादियों ने जिन आदिवासियों को छला और लोकतंत्र से दूर रखा, वही समुदाय आज विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहा है। भले ही नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा हो, लेकिन इसके दशकों पुराने घाव बेहद गहरे हैं। सैकड़ों जवानों और निर्दोष नागरिकों की हत्या, विकास से पूरी पीढ़ियों को वंचित रखना और भय का वातावरण ये सब नक्सलवाद की भयावह विरासत रही है। 2000 के दशक की शुरुआत में इसकी ताकत चरम पर थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसे देश की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती बताया, लेकिन राजनीतिक मजबूरियों और संकल्प के अभाव में कांग्रेस सरकारें इस खतरे पर निर्णायक प्रहार नहीं कर सकीं। उस दौर में बस्तर से लेकर राजनांदगांव, गरियाबंद और कवर्धा तक आतंक की जड़ें फैल चुकी थीं। नक्सलियों का लक्ष्य दंतेवाड़ा से दिल्ली तक लाल झंडा फहराने का था, जिसे अर्बन नक्सल नेटवर्क से भी समर्थन मिलता था। लेकिन तत्कालीन सरकारों ने इस गंभीर खतरे को नज़रअंदाज़ कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 200 जिले माओवादी आतंक की चपेट में आ गए और विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसके विपरीत, आज मोदी सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार ने स्पष्ट रूप से समझा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को उनके हाल पर छोड़कर देश पूर्ण विकास प्राप्त नहीं कर सकता। मजबूत इच्छा शक्ति और कठोर कार्रवाई के परिणाम आज सामने हैं। आज बस्तर ही नहीं पूरा दंडाकारण्य क्षेत्र विकास का नया अध्याय लिखने को आतुर है। यह क्षेत्र भगवान राम के वनवास काल से जुड़ा है, बस्तर में रामपाल गांव, रामाराम मंदिर (सुकमा), राकसहाड़ा



और कांगेर घाटी नेशनल पार्क भी भगवान राम से संबंधित हैं। नक्सलवाद के खग्रास ग्रहण से अब बस्तर मुक्त हो रहा है। अब एक बार फिर यहां भगवान राम का गौरव स्थापित हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में विष्णुदेव साय सरकार यहां राम राज्य स्थापित के लिए संकल्पित है। यही फर्क है एक तरफ इच्छा शक्ति वाली सरकार और दूसरी तरफ उदासीन शासन की नाकामी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश का विपक्ष भी इस सफलता को नकारात्मक चश्मे से देखने में लगा है। कुछ नेता यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि बस्तर में उद्योगपतियों के लिए जमीन तैयार करने हेतु नक्सलवाद का सफाया किया जा रहा है। इससे भी अधिक खतरनाक यह है कि कुछ राजनीतिक बयानबाजी नक्सलियों को आदिवासियों का संरक्षक और जंगलों का रक्षक बताने लगती है। यह सीधेङ्कसीधे एक क्रूर, हिंसक विचारधारा को जीवित रखने की कोशिश है जो भविष्य के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। हाल ही में मुठभेड़ में मारे गए दुर्दांत नक्सली कमांडर हिड़मा को लेकर कुछ लोग उसके हमदर्द के रूप में सामने आए हैं। कुछ तो उसे बस्तर का रक्षक तक बताने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस राजनीतिक चाल से सावधान रहने की आवश्यकता है। हिड़मा कोई निर्दोष व्यक्ति नहीं था; उसके हाथ सैकड़ों लोगों के खून से सने हुए थे। ऐसे हिंसक व्यक्ति को आदर्श या प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना, उसे महिमामंडित करना–नक्सलवाद को पोषित करने जैसा ही है। यह दुर्दांत हत्यारा बस्तर का आदर्श कैसे हो सकता है? हद तो तब होती है जब दिग्विजय सिंह जैसे बड़े कांग्रेसी नेता हिड़मा को लेकर सरकार पर सवाल खड़े करते हैं। जिनके मुख्यमंत्री रहते हुए अविभाजित मध्यप्रदेश में बस्तर को कालापानी की सजा कहा जाता था, उस दौरान ही नक्सलियों ने यहां अपनी जड़ें मजबूत कीं। दिग्विजय सिंह के शासनकाल में ही वर्ष 1995 में हिड़मा सहित कई युवा सरकारी उपेक्षा के कारण लाल आतंक की राह पर चल पड़े थे । हमारा स्पष्ट मानना है कि भगवान बिरसा मुंडा, महान योद्धा गुंडाधुर, परलकोट के राजा गेंद सिंह और शहीद वीर नारायण सिंह ही आदिवासी समाज के वास्तविक आदर्श हैं। आदिवासी समाज हिड़मा या बसव राजू जैसे हिंसक व्यक्तियों को अपना हीरो नहीं मान सकता, क्योंकि उसकी परंपरा सदियों से इन्हीं महान नायकों को पूजती आ रही है। यदि बस्तर में नक्सलवाद के उभार के मूल कारणों को याद करें तो सबसे प्रमुख कारण था आदिवासियों का प्रशासनिक तंत्र द्वारा शोषण और लगातार उपेक्षा। तब की कांग्रेस सरकारें न केवल बस्तर बल्कि देश के तमाम आदिवासी क्षेत्रों के प्रति उदासीन थीं। इसी खालीपन का फायदा उठाकर आंध्रप्रदेश से आए माओवादी यहां जड़ें जमाने में सफल हुए। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की शह पर 25 मार्च 1966 को बस्तर महाराज प्रवीरचंद भंजदेव की हत्या हो या पुलिस अत्याचार इन घटनाओं ने सरकार और आदिवासियों के बीच अविश्वास की गहरी खाई बना दी। इसी खाई में माओवादियों ने अपनी जड़ें गहरी कीं और दशकों तक समानांतर शासन चलाते रहे। गौरतलब है कि प्रवीरचंद भंजदेव बस्तर में आदिवासियों में बेहद लोकप्रिय थे, वे सरदार वल्लभभाई पटेल के समक्ष विलय पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पहले राजाओं में से एक थे, इसके चलते पटेल के साथ उनके करीबी संबंध बन गए थे। भजदेव ने कुछ और रियासतों को भी विलय कराने में मदद की थी, इसलिए भी कांग्रेस में एक बड़े खेमे को वे चुभने लगे थे। पटेल के नहीं रहने के बाद उनके योगदान को कमतर करने की कोशिश आजादी के बाद कांग्रेस सरकारों द्वारा हुई ये किसी से छुपी नहीं है। भंजदेव का कांग्रेस नेतृत्व के साथ मतभेद का परिणाम था कि उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया था और पार्टी छोड़ दी थी इसके बाद कांग्रेस के साथ उनका मतभेद बढ़ता चला गया, आखिरकार पुलिस ने बेरहमी से गोलियां बरसाते हुए दरबार हाल के पास ही इस महानायक की हत्या कर दी गई । यह ऐतिहासिक भूल कांग्रेस आज भी दोहरा रही है नक्सलवाद के सफाए को लेकर भ्रम फैलाकर।

इस नए भ्रमवाद से सावधान रहा जाए। नक्सलवाद के सफाए के इस निर्णायक चरण में देश को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए, न कि झूठे भ्रम और राजनीतिक चश्मे से इस राष्ट्रीय उपलब्धि को कमजोर करने का प्रयास करना चाहिए। (लेखक प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़ है)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

संक्षिप्त समाचार

नावकोठी थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्थानीय थाने का मंगलवार को एसपी मनीष ने निरीक्षण कर दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान एस पी ने थाने की साफ सफाई, अभिलेखों सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष,हाजत और मालखाने का भी जायजा लिया।एसपी ने न पुलिस कर्मियों से बात कर उनकी समस्याएं लीं। जिले में अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन से विभिन्न लंबित मामलों की जानकारी ली तथा अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। एसपी ने दर्ज कई मामलों की समीक्षा की। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए रणनीतिक गश्ती, नियमित गुण्डा परेड तथा संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। बैंक, पेट्रोल पंप एवं अन्य वित्तीय संस्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।कहा कि इससे आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। मौके पर एसडीपीओ बखरी कुन्दन कुमार, पुलिस निरीक्षक राम कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन,एस आई विश्वजीत कुमार, विपिन कुमार ओझा,पूनम साहु, वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन सभागार में प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय के प्रधानों की बैठक की गई। जिसमें शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विचार विमर्श किया गया।इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने की।बैठक में हाउस होल्ड सर्वे, यू डाइस पोर्टल पर इंट्री करने, ई शिक्षा कोश पर बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने पर जोर दिया गया।इसके साथ ही विद्यालय को मिले कंपोजिट ग्रांट की राशि खर्च करने और एफ एल एन कीट के वितरण की समीक्षा की गई।साथ ही विद्यालय में एमडीएम का संचालन मीनू के अनुसार और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।मौके पर एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद, कमल कुमार मौर्य,एचएम रईस उद्दीन,भारती कुमारी,अवधेश कुमार,मनोज कुमार,प्रकाश रंजन सहित विभिन्न स्कूल के प्रधान मौजूद थे।

भाकपा नेता रामसागर का निधन

वीरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के वीरपुर गांव निवासी करीब 80 वर्षीय भाकपा नेता रामसागर सोनी का सोमवार को देर रात लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया।वे वर्ष 1980 से भाकपा से जुड़कर जीवन भर गरीब गुरबों के हक हकुक के लिए संघर्ष किया।वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।उनके निधन की सूचना पाकर भाकपा नेता सह पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह चंद्रप्रकाश नारायण सिंह,रीता चैरसिया,अरुण सिंह,जयजयराम राय,अफरोज आलम सहित कई अन्य लोग उनके पैतृक निवास पर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी।इस दौरान सीपीआई नेताओं व अन्य लोगों ने उनके घर पर से शव यात्रा निकाली।जो वीरपुर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पार्टी के अंचल कार्यालय पर अंतिम दर्शन के लिए कुछ देर तक रखा गया।उसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सिमरिया के लिए प्रस्थान किया।

बाइक की ठोकर से महिला की मौत

बीहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बरौनी थाना क्षेत्र के मृतक की पहचान पिपरा देवस पंचायत वार्ड संख्या-10 निवासी दिनेश यादव की 40 वर्षीय पत्नी रंजू देवी के रूप में किया गया है.वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को रंजू देवी अपने घर से पिपरा चैक अवस्थित किराना दुकान जा रही थी।घर से कुछ ही दूरी पर अज्ञात बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिसके कारण गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गयी.मामले की जानकारी मिलते ही परिजन व स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल इलाज हेतु बरौनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। फुलवरिया थाना अध्यक्ष विजय कुमार साहनी ने मृतक के परिजनों से फर्द व्यान दिया गया एवं बरौनी थाना जानकारी दी गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया।वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गया और आसपास के घरों में मातम पसर गया।

हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भगवानपुर थाना क्षेत्र के गाड़ा गांव से पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गाड़ा गांव निवासी बलराम चैधरी का पुत्र जनार्दन निषाद अपने ही गांव में शराब पीकर उपद्रव मचा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तत्काल हिरासत में ले लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कांड संख्या 342ध्25 दर्ज करते हुए उसे व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जनार्दन निषाद इससे पूर्व भी शराब पीकर हंगामा कर चुका है। उस समय उसे सनहा संख्या 588ध्25 के तहत गिरफ्तार कर प्रथम वार मानते हुए जुमार्ना पर छोड़ दिया गया था। लेकिन बार-बार शराब पीकर शांति भंग करने के कारण इस बार उसके खिलाफ नियमित मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी बच्चा व चालक घायल

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक के यदु मोड़ के पास स्कूली बच्चों से लदी एक वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में वैन चालक और एक छात्र घायल हो गए, जबकि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक अरमान अली, पिता हबीबुसा, निवासी पथरा (गोपालगंज), तथा घायल छात्र अजय कुमार (13 वर्ष), पिता राजेंद्र साह हैं। दोनों का इलाज सीएचसी मशरक में कराया गया। बताया गया कि पथरा गांव से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल के 14 छात्र राजगीर घूमने गए थे। वापसी के क्रम में मशरक होते हुए घर लौटते समय सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन से बचने का प्रयास करते हुए वैन पलट गई।

सेवानिवृत शिक्षिका कुमारी शांति को दी गई भावभीनी विदाई

तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के मध्य विद्यालय गवन्द्री में पदस्थापित शिक्षिका कुमारी शांति 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके सम्मान में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षिका को बड़ी भावनात्मक विदाई दी गई।अध्यक्ष महेश्वर सिंह ने बताया कि कुमारी शांति की नियुक्ति वर्ष 2006 में नियोजित शिक्षिका के रूप में हुई थी और 30 नवंबर 2025 को उन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद सेवा निवृत्ति प्राप्त की।

भोजपुर के एक लाख 98 हजार से ज्यादा निष्क्रिय खातों के वास्तविक धारकों को राशि लौटाएगा बैंक

पांच दिसंबर को आरा के नागरी प्रचारिणी में लगेगा शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



आरा। भोजपुर जिले के विभिन्न बैंकों में बिना दावे वाले 105.49 करोड़ रुपए उनके वास्तविक धारकों को लौटाई जाएंगी। इसको लेकर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भोजपुर नीरज कुमार ने बताया कि 5 दिसंबर को आरा के नागरी प्रचारिणी में सुबह 11:30 बजे कैंप लगेगा, जहां खाता के वास्तविक धारक अपना दावा कर सकते हैं। दावा के आधार पर जांच करने के बाद वास्तविक धारकों को उनकी राशि लौटाई जाएगी।

एलडीएम ने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों में 198014 खाते निष्क्रिय पड़े हैं। निष्क्रिय पड़े बैंक खातों में 105.49 करोड़ रुपये हैं, जिसका दावा अब तक नहीं किया गया है। ऐसे में उक्त राशि को वास्तविक धारकों को लौटाने को लेकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एलडीएम ने आगे बताया कि बिना दावा वाली वित्तीय संपत्तियों के बारे में जागरूकता शिविर आपकी पूंजी, आपका आधार का आयोजन दिनांक 5 दिसंबर को किया जा रहा है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेर्शानुसार राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार के मार्गदर्शन में जिले में आपकी पूंजी, आपका आधार अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के दावा प्रक्रिया में सहायता करना व जागरूकता फैलाना है। शिविर के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक धारकों को लौटाना है, जो बैंकों व अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे के पड़ी हैं। बीते अक्टूबर माह से ही बैंकों को द्वारा लगातार अभियान चलाकर वास्तविक धारकों को सूचना दी जा रही है। इसमें से कई खाता धारकों द्वारा दावा भी किया जा चुका है, जिसके जांचोपरांत प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। अब व्यापक स्तर पर कैंप लगाकर वास्तविक धारकों को उनकी राशि लौटाई जाएगी। इस अवसर पर सभी बैंक अधिकारी, प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

ट्रक ने महिला को रौंदा, गई जान, 3 घंटा सड़क जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

संदेश/भोजपुर। स्टेट हाइवे 81 के संदेश टोला के समीप मंगलवार सुबह 9:30 बजे एक महिला ट्रक से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक 40 वर्षीय ज्ञांति देवी है। वह संदेश थाना क्षेत्र के सिरकिचक गांव निवासी रंजीत कुमार राम की पत्नी है। सड़क हादसा की सूचना मिलते ही संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार, एस आई अभिमन्यु कुमार अपने दल बल के साथ स्थल पहुंचें। शव का पंचनामा तैयार कर

पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद उग्र ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे को 3 घंटा तक जाम कर दिया। जिससे पूरी तरह से यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद सड़क से जाम हटाया। उसके बाद आवागमन बहाल हो सका। सड़क हादसा के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

ईकिसान भवन में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक ई किसान भवन में मंगलवार को बीडीओ राहुल रंजन कीअध्यक्षता में हुई। बीएओ रौशन कुमार ने उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, उचित मूल्य पर किसानों को उर्वरकों का मुहैया करने पर बल दिया। वहीं बीडीओ राहुल रंजन ने किसानों को सही समय पर सही मात्रा तथा सही कीमत पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात उर्वरक विक्रेताओं से कही। उन्होंने स्टॉक दुरुस्त रखने का भी निर्देश दिया। उर्वरक बिक्रेताओं ने भी अपनी समस्या रखी।

पूर्व मुखिया मुक्ति नारायण सिंह ने कहा कि डीएपी का मूल्य अधिक लिए जाने के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डीएपी, यूरिया उचित मूल्य पर नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि यह बैठक एक माह पूर्व करना चाहिए था। बीएओ रौशन कुमार ने कहा कि लिखित शिकायत पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारी को लिखा जाएगा। लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राय ने कहा कि किसान मजबूर हैं। उन्होंने डीएपी, यूरिया आदि सही कीमत पर उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने उच्चाधिकारी को भी इस पर ध्यान देने की बात कही है।धान अधिप्राप्ति को लेकर भी उन्होंने किसानों की समस्या रखी। बिक्रेताओं ने कहा कि डीएपी के साथ एनपीके थोक विक्रेता द्वारा दिया जाता है। यहां किसान सिर्फ डीएपी लेते हैं। बीडीओ राहुल रंजन ने कहा कि भूमि की उर्वरकता कायम रखने के लिए डीएपी के साथ एनपीके देना अनिवार्य है। किसानों को मोटिवेट करने की जरूरत है। बैठक में प्रखंड उद्यान अधिकारी राजा राम कुमार, कृषि समन्वयक सुलेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, किसान सलाहकार मुकेश कुमार,संजय कुमार राय,श्रवण कुमार,मनोज कुमार, राजीव कुमार,शिव राज रजक, उर्वरक विक्रेताओं में से अमर कांत कुमार,कुणाल कुमार,शुभम कुमार, ब्रजेश कुमार, राजा कुमार, गुलशन कुमार, लक्ष्मी देवी, रंजीत कुमार, मनोरंजन कुमार, मनमीत कुमार, अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

टेलर ट्रक की चपेट में आने से सीएनजी टेंपो में सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा/एकमा (सारण)। एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब छपरा से एकमा की ओर माल लेकर आ रहे माल वाहक सीएनजी टेंपो ओवरटेक करने के दौरान एक टेलर ट्रक के पिछले हिस्से की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सीएनजी टेंपो सवार एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान राजेश महतो (30), पिता योगेश्वर महतो, निवासी भुईली, थाना एकमा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विजय कुमार गुप्ता (35), पिता स्व. रामदयाल साह, निवासी भुईली बताया गया है। दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से भतुआ पाग (पेठा) व आम का अमावट मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक व सीएनजी टेंपो चालक दोनों अपने-अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। हादसे के बाद नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर कुछ देर तक सड़क जाम कर दिया। जिससे लगभग दो घंटे तक सड़क यातायात प्रभावित रहा। इसके पूर्व एकमा, रसूलपुर व दाउदपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक विजय कुमार गुप्ता को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ कौशलेंद्र कुणाल ने घायल क प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा नाराज लोगों को समझा-बुझाकर सड़क यातायात व्यवस्था सामान्य कराया गया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच व फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

41वीं बिहार कलाश्री, पत्रकार श्री व बिहार चिकित्सा रत्न सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

- छपरा के पत्रकार के. के. सिंह सेंगर व सुनील कुमार हुए बिहार पत्रकार श्री सम्मान से सम्मानित
- कला, चिकित्सा व पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े 25 से अधिक प्रतिभाओं को उत्कृष्ट योगदान केकिया गया सम्मानित

पटना/छपरा। बिहार कला श्री पुरस्कार परिषद एवं बिहार कला व सांस्कृतिक विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी पटना के भागवत नगर स्थित राजमहल रिजॉर्ट सभागार में 41वीं वर्ष बिहार कलाश्री/बिहार पत्रकार श्री/बिहार चिकित्सा रत्न अवार्ड समारोह स्वर्गीय गव्य विशेषज्ञ यमुना चौधरी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर अजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण मोहन दास तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मैथिली नाटक अभिनेत्री आशा चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एवं कला प्रेमी व वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी संत जी ने की।

समारोह में विभिन्न कला विधाओं और पत्रकारिता से जुड़े प्रतिभाशाली 25 से अधिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मिथिला चित्रकला में प्रतीक प्रभाकर, कथक नृत्य में संस्कृति कश्यप, गायन में स्वस्तिका कश्यप, शास्त्रीय गायन में सिमी माला, चित्रकला में शिल्पा कुमारी, लोकगीत गायन में सुरेंद्र प्रसाद यादव तथा वादन विधा में सुरेंद्र प्रसाद और धीरेंद्र पांडेय को बिहार कला श्री सम्मान प्रदान किया गया।

वहीं, बिहार पत्रकारश्री अवार्ड से योगेश कुमार शुक्ला योगी, डॉ सत्यार्थ गांधी के अलावा छपरा के पत्रकार के. के. सिंह सेंगर व सुनील कुमार को सम्मानित किया गया।

इसके अलावा बिहार चिकित्सा रत्न सम्मान डॉ संजीव कुमार सुमन को दिया गया। मैथिली नाटक अभिनय में आशा चौधरी, कथक नृत्य में दिव्या दास, योग एवं एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर मोनालिसा तथा मिथिला लोक चित्रकला में अर्चना कुमारी को भी ट्रॉफी, शॉल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक आलोक चोपड़ा के नेतृत्व में आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। मनीता पाठक, अरुण कुमार गौतम, संस्कृति, स्वस्तिका, सिम्मी माला, संगीता सुप्रिया, एकता झा और कवि पृथ्वीराज ने अपनी प्रस्तुतियों से देर शाम तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

समारोह के अंत में रवि रंजन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

नियोजन कैंप में 16 अभ्यर्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय नगर। श्रम संसाधन विभाग बिहार अंतर्गत गवर्नमेंट आईटीआई परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने किया। उक्त कैंप में निजी कंपनी सबरोस एवं टीवीएस ट्रेनिंग एंड सर्विसेज के प्रतिनिधि कार्तिक एवं विपुल के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयीए कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 200 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 64 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 16 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर चयनित किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

सीएचसी मशरक में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मशरक (सारण)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सक डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने किया। एएनएम, जीएनएम, आशा कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की तथा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें लोगों को एड्स से बचाव, इसके लक्षण और इससे जुड़े सामाजिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। रैली के बाद स्वास्थ्य केंद्र सभागार में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने एचआईवी संक्रमण के फैलने के कारण, सावधानियाँ, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और इलाज की आवश्यकता पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी बचाव है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लवकुश कुमार, मूल्यांकन सहायक प्रियांशु प्रकाश, जीएनएम पूजामणि, गीता देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सभी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुँचाने और नियमित जांच कराने की जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

अग्निपीड़ितों के बीच समाजसेवी ने कंबल व साड़ी का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तरैया (सारण)। प्रखंड के उसरी चांदपुर गांव निवासी व भारतीय जीवन बीमा के वरिष्ठ अभिकर्त्ता समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने गतरात्रि पानापुर प्रखंड के कोंध भगवानपुर गांव स्थित मुसहर टोली में हुए भीषण अग्निकांड के अग्नि पीड़ितों के बीच सोमवार को साड़ी और कमल का वितरण किया।

समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने बताया कि इस ठंड की ठिठुरन और पीड़ितों के उजड़े हुए आशियाने को देखकर उनका कलेजा डहल गया। उन्होंने कहा कि मैं कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हूँ, बल्कि इसी समाज में पढ़ा लिखा और बड़ा हुआ हूँ। मैंने हमेशा सामाजिक रूप से कार्य किया है और इतनी बड़ी मुसीबत झेल चुके इन अग्नि पीड़ितों को अगर इस हाल में छोड़ दूं तो यह उनके साथ नाइंसाफी होगी। भगवान भी हम जैसे इंसानों को इस धरती पर भेज कर कोस्ता रह जाएगा।क्योंकि इंसान ही इंसान के काम आते हैं। हमें सुबह में अखबार के माध्यम से जानकारी हुआ कि भगवानपुर मुसहर टोली में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई और करीब दो दर्जन से अधिक घर इसके चपेट में आ गए।

विदाई समारोह में शिक्षक मंगलेश्वर मिश्र को किया गया सम्मानित

मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मांझी प्रखण्ड के सोनबरसा मठिया प्राथमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को शिक्षक मंगलेश्वर मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक मुरलीधर सिंह ने की, जबकि संचालन शिक्षक विजेन्द्र तिवारी ने किया।

शपथ-पत्र

मैं श्वेता कुमारी, (SHWETA KUMARI) पिता–स्व0 शशि कांत कुमार, पति–अंशुमान कुमार, मकान नं0. 285 रोड नं0– 3ई न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, थाना+पोस्ट–पाटलिपुत्र, जिला–पटना बिहार 841438 की स्थायी निवासी हूँ तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का घोषणा करती हूँ यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम श्वेता (SHWETA KUMARI) अंकित है, यह कि, मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्वेता (SHWETA) अंकित है, यह कि मैं अब श्वेता (SHWETA) के जगह पर श्वेता कुमारी (SHWETA KUMARI) के नाम से भविष्य में सभी कार्यों के लिए जानी व पहचानी **जाऊँगी** शपथ पत्र सं 1152 दिनांक 01.12.2025

AFFIDAVIT

I, KALPANA KUMARI, (कल्पना कुमारी) D/o.-Ajit kumar singh, W/o-Kundan kumar singh, Chakeyaj Hajipur, Mahnar, Vaishali Bihar 844506 do hereby solemnly affirm and declare as follows as per Affidavit No. 729 dated 1.12.2025. That my name is mentioned in matriculation educational certificates KALPANA KUMARI. That my name in my Aadhar and pan Card is written as KALPANA AJIT KUMAR SINGH. That KALPANA AJIT KUMAR SINGH and KALPANA KUMARI both are same and one person. That from now I will be know as KALPANA KUMARI (कल्पना कुमारी) for All future purpose.

Name change

I, Vihaan Ashta S/o Late Sh. Sumit Ashta R/o C/o Parmanand singh, Ground Floor, Ward No.4, Barh- 803213, Distt. Patna,Bihar. My previous name was VANSH ASHTA. Now I have changed my name from VANSH ASHTA to VIHAAN ASHTA.Now I will be known as VIHAAN ASHTA henceforth all purposes in future. Affidavit No. 01 Date 01.12.25.

स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन

अररिया। मंगलवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों ने उम्दा खेलभावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस रोमांचक मुकाबले में साकेत हाउस ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि विक्रमशिला हाउस उपविजेता रहा। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।

मैच अत्यंत रोमांचक रहा और आखिरी ओवर में साकेत हाउस ने 14 रन डिफेंड कर शानदार जीत दर्ज की। विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने बताया कि यह इस सत्र का छठा टूर्नामेंट था, जो पूर्ण रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशार्ती है किस्कॉटिश पब्लिक स्कूल अररिया में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद व सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से जोर देता है।



वहीं कुमार आर्यन ने कहा कि खेल से बच्चों में निखार के साथ साथ मानसिक विकास और शारीरिक विकास भी होता है। इसलिए खेल कूद बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आगे भी ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों का आश्वासन दिया।

जम्बूरी में ईसीआर ने लहराया परचम

रेलवे सहित 44 राज्यों के पैतीस हजार सदस्यो ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गरहरा। अखिल भारतीय स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय हाजीपुर जोन के पांचों मंडलो एवं छह जिला संघो के 281 सदस्यों ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।बताते चले कि ईसीआर टीम का नेतृत्व जीवानंद मिश्र जिला सचिव गरहरा ने किया।जम्बूरी के प्रतियोगिता में स्टेट गेट,प्राथमिक उपचार,स्किलोरामा, हैंडीक्राफ्ट, रंगोली,पीजेंट शो,ट्रू पोल टावर, एक्सिबिशन, फिजीकल डिस्प्ले, कैन भास पैंटीन पेंटिंग के अलावे दर्जनों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें ईसीआर ने भारतीय रेलवे जोनों में तीसरा एवं राज्यो में सातवें पोजिशन लाया है।जीवानंद मिश्रा जिला स्काउट सचिव गरहरा ने बताया कि यह स्काउट एंड गाइड का महा पर्व था।जिसका आयोजन राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा हर पांच वर्षों में किया जाता है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन महामहिम राज्य पाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल ने किया।वही समापन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मू एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने किए थे।बताते चले कि जिला स्काउट सचिव को जिन राज्यो ने सम्मानित किया उसमे दिल्ली,राजस्थान, बिहार,झारखंड, हरियाणा,तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना एवं ,उत्तर प्रदेश ने शॉल, प्रतीक चिन्ह,अंग बस्त्र आदि दिया।वही राष्ट्रीय जम्बूरी में दिए गए अवार्ड को मुख्यालय हाजीपुर में जमा किये जाने है।इसमें भाग लेने वालों में राज्य संगठन आयुक्त स्काउट नीरज चंद्र मिश्रा, अशोक कुमार सिंह,संटू कुमार,मनीष कुमार,पंकज कुमार राकेश,शशिकांत,चंदन कुमार,सुलेखा कुमारी ,निक्की कुमारी के अलावे गरहरा से 40 सदस्यो ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता पर बधाई देने वालो में मुख्य राज्य आयुक्त पी एफ ए ,नीरज वर्मा ,राज्य आयुक्त स्काउट अरविंद रजक,राज्य सचिव जितेश कुमार मंडल,सहाय राज्य सचिव प्रभात कुमार,मुख्य जिला आयुक्त सोनपुर तांती, जिला आयुक्त गरहरा डॉ कमल कुमार भगत, सोनपुर, दिलीप पासवान, कुलदीप कुमार, विकाश चंद दत्ता आदि ने दिया।

टाटा के एक और ट्रस्ट से अलग हुए मेहली मिस्त्री



नई दिल्ली, एजेंसी। जाने-माने बिजनेसमैन और दिवंगत रतन टाटा के करीबी मेहली मिस्त्री ने सोमवार को स्मॉल एनिमल हॉस्पिटल ट्रस्ट के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। यह ट्रस्ट मुंबई में पालतू जानवरों के लिए देश का सबसे बड़ा स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चलाता है। यह हॉस्पिटल रतन टाटा का एक सपना था। वह अपने घायल कुत्ते के लिए देश में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा नहीं ढूंढ पाए थे। इसलिए उन्होंने यह हॉस्पिटल बनवाया था। अपने इस्तीफे में मेहली मिस्त्री ने कहा, चूंकि मैं अब सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट से जुड़ा हुआ नहीं हूं, इसलिए मैं स्मॉल एनिमल हॉस्पिटल ट्रस्ट को फंड नहीं दे पाऊंगा। साथ ही मैं ऐसे ट्रस्ट से फंड का अनुरोध भी नहीं करना चाहूंगा जिससे मैं जुड़ा हुआ नहीं हूं, इसलिए मैं तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे रहा हूं। अक्टूबर में, एसडीटीटी और एसआरटीटी में मेहली मिस्त्री का ट्रस्टी के तौर पर कार्यकाल पूरा हो गया था और उसे आगे नहीं बढ़ाया गया था। मेहली मिस्त्री के एसडीटी से इस्तीफा देने के बाद एक और ट्रस्टी डॉ. अनिरुद्ध कोहली ने भी इस्तीफा दे दिया। कोहली ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के सीईओ हैं। मिस्त्री और कोहली के जाने के बाद एसडीटी में अब पांच ट्रस्टी बचे हैं। इनमें टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा की बेटी लीया टाटा, इंडियन होटल्स (ताज) के पूर्व डायरेक्टर मेहरनोश कपाड़िया, टाटा संस के कानूनी सलाहकार रहे आर. आर. शास्त्री, टाटा मोटर्स के जनरल मैनेजर शांतनु नायडू और टाटा ट्रस्ट्स के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा शामिल हैं। मिस्त्री ने सुझाव दिया कि सिद्धार्थ शर्मा या किसी अन्य ट्रस्टी को हॉस्पिटल का चेयरमैन बनाया जाए। उन्होंने कहा, सिद्धार्थ, (टाटा) ट्रस्ट्स के सीईओ होने के नाते किसी बड़े टाटा ट्रस्ट्स में से किसी एक से फंड की व्यवस्था करने के लिए सबसे उपयुक्त होंगे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शेयर सस्ते में खरीदने का मौका, सरकार बेच रही है अपनी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपनी छह फीसदी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। यह हिस्सेदारी ऑफर



फॉर सेल के जरिए बेची जाएगी। बैंक के शेयर बेचने की प्रक्रिया आज यानी 2 दिसंबर को खुल चुकी है। हालांकि रिटेल इनवेस्टर्स आज नहीं बल्कि कल यानी 3 दिसंबर को इसमें हिस्सा ले सकेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के तहत आता है डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट। इसके सचिव अरुणिश चावला ने एक्स पर बताया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र में ऑफर फॉर सेल आज नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए खुल गया है। रिटेल निवेशक बुधवार (3 दिसंबर) को बोली लगा सकते हैं। सरकार बैंक में 5 प्रतिशत इक्विटी बेचने की पेशकश कर रही है, साथ ही 1 प्रतिशत अतिरिक्त ग्रीन शू ऑप्शन के तौर पर भी है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शेयर भाव 57.70 था। सरकार ने इस ओएफएस का फ्लोर प्राइस 54 रुपये तय किया है। निवेशकों को न्यूनतम इस भाव पर या इससे ऊपर के भाव पर बोली लगानी होगी। इस प्रक्रिया में, सरकार अपनी 6 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी बेचकर करीब 2,600 करोड़ जुटा सकती है। फिलहाल, पुणे स्थित इस बैंक में केंद्र सरकार की 79.60 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

400 बार रिजेक्ट, लेकिन नहीं मानी हार

अब 12,545 करोड़ की दौलत



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय मूल के निकेश अरोड़ा की गिनती दुनिया के टॉप सीईओ में होती है। उनकी असाधारण यात्रा गाजियाबाद से शुरू होकर वैश्विक प्रौद्योगिकी जगत के शीर्ष तक पहुंची है। आईआईटी (बीएचयू) से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने अमेरिका में हायर एजुकेशन हासिल की। 400 बार नौकरी में ठुकराए जाने के बावजूद निकेश ने हार नहीं मानी। वह गूगल में चीफ बिजनेस ऑफिसर रहे, जहां उन्होंने कंपनी के रेवेन्यू को 2 अरब डॉलर से 60 अरब डॉलर तक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभी वह दिग्गज साइबर सुरक्षा कंपनी पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ और चेयरमैन हैं। 2018 से उनके हाथों में कंपनी की कमान है। अपनी उत्कृष्ट लीडरशिप के कारण 2023 में वह 15.1 करोड़ डॉलर की कमाई के साथ अमेरिका के दूसरे सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ बने। फोर्ब्स के मुताबिक, 1 दिसंबर 2025 तक उनकी रियल टाइम नेटवर्थ 1.4 अरब डॉलर (करीब 12,545 रुपये) थी। आइए, यहां निकेश अरोड़ा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

निकेश अरोड़ा का जन्म 1968 में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक अनुशासित वायु सेना अधिकारी के घर हुआ था। इस पृष्ठभूमि ने उनमें एक वैश्विक दृष्टिकोण और दृढ़ता विकसित की। उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। फिर आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए। वहां उन्होंने नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी से एमबीए और बोस्टन कॉलेज से फाइनेंस में एम.एस. की डिग्री प्राप्त की। अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने से पहले निकेश अरोड़ा ने अपने करियर के शुरुआती चरण में 400 जॉब रिजेक्शन का सामना किया। इस अनुभव को वह अपनी फ्लेक्सिबिलिटी और सफलता का श्रेय देते हैं। अपने शुरुआती निवेश प्रबंधन अनुभवों के बाद निकेश अरोड़ा 2004 में गूगल से जुड़े। गूगल में वह चीफ बिजनेस ऑफिसर बने और कंपनी के विकास में एक निर्णायक भूमिका निभाई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने यूट्यूब और मोबाइल इंटरनेट के तेज विकास का लाभ उठाते हुए गूगल के विज्ञापन राजस्व को 2 अरब डॉलर से बढ़ाकर 60 अरब डॉलर से अधिक करने में मदद की। इस सफलता ने उन्हें एक असाधारण विकास रणनीतिकार के रूप में स्थापित किया। 2014 में वह सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प के प्रेसिडेंट और सीओओ के रूप में शामिल हुए, जहां उन्हें जापान में सबसे बड़े सैलरी पैकेजों में से एक प्राप्त हुआ।

2018 से पालो ऑल्टो के चीफ

जून 2018 से निकेश अरोड़ा ने साइबर सुरक्षा कंपनी पालो ऑल्टो नेटवर्क्स के सीईओ और चेयरमैन के रूप में नेतृत्व संभाला हुआ है। उनके मार्गदर्शन में कंपनी ने क्लाउड सुरक्षा और एआई-ड्रिवन साइबर सिक्योरिटी पर फोकस करते हुए रणनीतिक बदलाव किया। अरोड़ा ने दस से अधिक रणनीतिक अधिग्रहणों के माध्यम से कंपनी को एक ग्लोबल साइबर सुरक्षा पावरहाउस में बदल दिया। आज, पालो ऑल्टो नेटवर्क्स का बाजार पूंजीकरण 130 अरब डॉलर (लगभग 116 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा है,

आज खुल रहा है मीशो का आईपीओ

ग्रे मार्केट में अभी से धमाल




मुंबई, एजेंसी। ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के आईपीओ को लेकर पूंजी बाज़ार में अच्छी हलचल दिख रही है। यह आईपीओ कल से खुलेगा, लेकिन अभी से ही ग्रे मार्केट में इसकी अच्छी डिमांड दिख रही है। इसके लिए तय की गई कीमत के ऊपरी स्तर पर भी निवेशकों का उत्साह दिख रहा है। इस समय इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम 40.54 फीसदी दिख रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि मीशो ने भारत के सस्ते सामान बेचने वाले ई-कॉमर्स बाज़ार में अपनी एक मज़बूत जगह बना ली है। कंपनी के बिज़नेस के तरीके बेहतर हो रहे हैं, ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और बेचने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। हालांकि, कंपनी को अभी कुछ समय तक मुनाफे में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि वह अपने कामकाज में बदलाव कर रही है और कुछ खर्चे भी हैं। लेकिन, 2025 के लिए कंपनी का प्राइस-टू-सेल्स रेश्यो दूसरे बड़े खिलाड़ियों की तुलना में ठीक-ठाक लग रहा है। फंड्सइंडिया के पेरुमल राजा के. जे. का मानना है कि जो निवेशक शुरुआती दौर की कंपनियों में पैसा लगाने का जोखिम उठा सकते हैं, उनके लिए मीशो एक अच्छा मौका है। उनका कहना है कि भारत का ई-कॉमर्स बाज़ार तेज़ी से बढ़ने वाला है। अनुमान है कि रिटेल बाज़ार 2030 तक 83 लाख करोड़ से बढ़कर 135 लाख करोड़ का हो जाएगा। अभी भी बहुत से लोग ऑनलाइन खरीदारी नहीं करते, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा दूसरी चीज़ों में। इससे मीशो को और बड़ा होने का बहुत मौका मिलेगा। मीशो ने साल 2025 में अच्छी कमाई की। 2023 में जहां कंपनी की कमाई 5,730 करोड़ थी, वहीं 2025 में यह बढ़कर 9,390 करोड़ हो गई। ऐसा ज़्यादा ऑर्डर आने, बेचने वालों को बेहतर सेवाएं देने और सामान पहुंचाने की व्यवस्था के बेहतर होने से हुआ।

क्या है जीएमपी

ग्रे मार्केट प्रीमियम के लिहाज से देखें तो ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम 45 रुपये यानी 40.54 फीसदी चल रहा है। यह एक ऐसी अनौपचारिक कीमत है जिस पर आईपीओ के शेयर लिस्टिंग से पहले ही निवेशकों के बीच खरीदे-बेचे जाते हैं। यह कोई सरकारी नियम नहीं है, लेकिन जीएमपी से यह अंदाज़ा लग जाता है कि बाज़ार में कितनी मांग है और लोग क्या कीमत उम्मीद कर रहे हैं। अगर जीएमपी मज़बूत है, तो इसका मतलब है कि निवेशक बहुत दिलचस्पी दिखा रहे हैं और शेयर लिस्टिंग पर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हालांकि, यह पक्का नहीं है कि शेयर की कीमत बढ़ेगी ही। मीशो का आईपीओ 3 दिसंबर को खुल जाएगा। इसमें 5 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। इसके शेयर की कीमत 105 से 111 प्रति इक्विटी शेयर के बीच तय की गई है। छोटे निवेशकों के लिए एक लॉट में 135 शेयर होंगे। अगर वे ऊपरी कीमत पर एक लॉट खरीदते हैं, तो उन्हें 14,985 का भुगतान करना होगा। शेयरों का अलॉटमेंट (बांटना) 8 दिसंबर तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके बाद, 9 दिसंबर को पैसे वापस किए जाएंगे।

औद्योगिक उत्पादन 13 महीने में सबसे कम



नई दिल्ली, एजेंसी। औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार अक्टूबर में 13 महीनों के निचले स्तर पर आ गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के रूप में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सालभर पहले से केवल 0.4 प्रतिशत बढ़ा माइनिंग, पावर और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरों में सुस्त उत्पादन का बड़ा असर पड़ा। सालभर पहले अक्टूबर में आईआईपी ग्रोथ 3.7 प्रतिशत और सितंबर में 4.6 प्रतिशत थी। अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार घटी और उत्पादन 1.8 प्रतिशत ही बड़ा, जो सालभर पहले 4.4 प्रतिशत बढ़ा था। माइनिंग प्रोडक्शन तो 1.8 प्रतिशत घट गया, जो सालभर पहले 0.9 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं, बिजली उत्पादन भी 6.9 प्रतिशत कम रहा, जो सालभर पहले 2 प्रतिशत बढ़ा था। टीवी, फ्रिज सहित कंस्यूमर ड्यूरेबल्स में ग्रोथ माइनस 0.5 प्रतिशत और कंस्यूमर नॉन-ड्यूरेबल्स में माइनस 4.4 प्रतिशत रही। कुलमिलाकर इस वित्त वर्ष में अक्टूबर तक औद्योगिक उत्पादन की ग्रोथ 2.7 प्रतिशत ही रही, जो सालभर पहले 4 प्रतिशत थी। देर तक खिंचने से माइनिंग और बिजली उत्पादन पर असर पड़ा। वहीं अक्टूबर में त्योहारों के चलते वर्किंग डेज कम होने का असर भी औद्योगिक उत्पादन पर दिखा है।

कहा- रिटायर्ड जज करें सरकार और बैंकों के दावों की जांच

माल्या ने वसूली के आंकड़े पर उठाए सवाल



लंदन, एजेंसी। भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या ने केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से उनके खिलाफ की गई वसूली को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति की मांग की है।

माल्या ने आरोप लगाया कि सरकार और बैंक संसद और जनता के सामने लगातार गलत आंकड़े पेश कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कब तक भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक मुझे और जनता को धोखा देते रहेंगे वित्त मंत्री संसद में कहते हैं कि मुझसे 14,100 करोड़ रुपये वसूले गए। बैंक कहते हैं कि 10,000 करोड़ रुपये वसूले गए। 4,000 करोड़ रुपये के अंतर का क्या

उन्होंने आगे बताया कि राज्य मंत्री ने अब संसद को बताया है कि उन पर अभी भी 10,000 करोड़ रुपये बकाया हैं, जबकि बैंकों का दावा है कि उन पर 7,000 करोड़ रुपये बकाया हैं। उन्होंने कहा कि वसूली गई राशि के लिए कोई खाता विवरण या जमा नहीं है। इन आंकड़ों पर स्पष्टता की आवश्यकता है। माल्या ने तर्क दिया कि वास्तविक आंकड़ों की पुष्टि के लिए एक स्वतंत्र जांच की जरूरत है।

माल्या ने कहा कि जांच और सच्चाई का पता लगाने के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को क्यों न नियुक्त किया जाए, खासकर जब मेरा न्याय ऋण 6,203 करोड़ रुपये का है। यह मेरे लिए एक दयनीय स्थिति है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि 31 अक्तूबर, 2025 तक भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (एफईओए) के तहत कुल 15 व्यक्तियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया गया है। यह जानकारी संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा सदस्य और दौसा से कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीणा द्वारा उठाए गए एक अतारांकित प्रश्न के उत्तर में साझा की गई।

चौधरी ने कहा कि इन 15 अपराधियों में से नौ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल हैं। इस सूची में विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि इन 15 एफईओ ने सामूहिक रूप से 31 अक्तूबर, 2025 तक बैंकों को 26,645 करोड़ रुपये का मूल वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा, एनपीए बनने की तारीख से 31 अक्तूबर, 2025 तक इन ऋणों पर अर्जित ब्याज 31,437 करोड़ रुपये है। चौधरी ने सदन को बताया कि 31 अक्तूबर 2025 तक इन अपराधियों से 19,187 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। घोषित भगोड़े आर्थिक अपराधियों के नाम हैं- विजय माल्या, नीरव मोदी, नितिन जे संदेसरा, चेतन जे संदेसरा, दीप्ति सी संदेसरा, सुदर्शन वेंकटरमण, रामानुजम शेषर प्रतिशतम, पुष्पेश कुमार बैद और हितेश कुमार नरेंद्रभाई पटेल।

जियोस्टार में स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस का विलय पूरा

मुंबई, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी सहायक कंपनी स्टर टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) का जियोस्टार के साथ विलय पूरा कर लिया है। एसटीपीएल स्टार ब्रांड का मालिक है और इसे समूह की अन्य कंपनियों को लाइसेंस देती है। कंपनी ने बताया कि जियोस्टार ने 30 नवंबर 2025 को शाम 6:09 बजे जानकारी दी कि विलय योजना उसी दिन से प्रभावी हो गई है। इसके बाद एसटीपीएल आधिकारिक रूप से जियोस्टार में समाहित हो गई है। रिलायंस ने इसकी पुष्टि सोमवार को अपनी नियामक फाइलिंग में की। रिलायंस और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय मीडिया कारोबार के विलय से नवंबर 2024 में तैयार हुए संयुक्त उद्यम जियोस्टार की वैल्यूएशन 8.5 अरब डॉलर आंकी गई थी। यह देश का अग्रणी मीडिया और एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म है, जिसने सितंबर तिमाही में 7,232 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 1,322 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। फरवरी 2025 में, जियोस्टार ने दो बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म, जियोसिनेमा और डिज्नी+ हॉटस्टार को मिलाकर नया प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार लॉन्च किया था।

बेंगलुरु से पढ़ाई, माइक्रोसॉफ्ट-गूगल में नौकरी, अब बनेंगे ऐपल के खेवनहार



नई दिल्ली, एजेंसी। आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट में बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने भारतीय मूल के जाने-माने रिसर्चर अमर सुब्रमण्यम को एआई को इस विभाग का नया वाइस प्रेसिडेंट बनाया है। अमर सुब्रमण्यम इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट में एआई के कॉर्पोरेट वीपी थे। इससे पहले वह गूगल में भी 16 साल काम कर चुके हैं। गूगल में वह जेमिनी असिस्टेंट के इंजीनियरिंग हेड भी रह चुके हैं। सुब्रमण्यम ऐपल में

अमर सुब्रमण्यम अब ऐपल में सीधे सॉफ्टवेयर चीफ क्रेग फेडेरिगी को रिपोर्ट करेंगे। साथ ही वह ऐपल में एआई से जुड़े कई अहम कामों को देखेंगे। इनमें ऐपल फाउंडेशन मॉडल्स, मशीन लर्निंग रिसर्च और एआई सेफ्टी तथा इवैल्यूएशन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ऐपल ने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग रिसर्च में उनकी गहरी विशेषज्ञता और इस रिसर्च को प्रोडक्ट्स और फीचर्स में बदलने की उनकी क्षमता ऐपल इंटेलिजेंस फीचर्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी। ऐपल के सीईओ टिम कुक ने कहा, जॉन ने हमारे एआई को बनाने और आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं। उन्होंने ऐपल को लगातार इनोवेशन करने और हमारे यूजर्स के जीवन को बेहतर बनाने में मदद की। हम अमर का क्रेग की लीडरशिप टीम में स्वागत करते हैं। वह अपनी असाधारण एआई विशेषज्ञता ऐपल में लाएंगे। अमर सुब्रमण्यम ने बेंगलुरु यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीई किया है। बाद में उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन से अपनी पीएचडी पूरी की। उन्होंने दुनिया की कई जानी मानी टेक कंपनियों में काम किया है। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट में कई अहम पदों पर काम किया। उससे पहले वह गूगल के डीपमाइंड डिवीजन से जुड़े रहे जिसे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रिसर्च के लिए प्रमुख हब माना जाता है।

वित्त मंत्री सीतारमण की अपील- डिजिटल दौर की जटिल चुनौतियों से निपटने को जरूरी है वैश्विक सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था डिजिटिलीकरण और नए वित्तीय उत्पादों के उभरने से नई और जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। दिल्ली में आयोजित 18वीं वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने जोर दिया कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी देशों के बीच सामूहिक कार्रवाई बेहद जरूरी है।

दुनिया भर में नियामकीय निगरानी और पारदर्शिता के सामने कई कठनियां हैं: सीतारमण ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार, नए वित्तीय साधनों के तेजी से प्रचलन और लाभकारी स्वामित्व की बदलती संरचनाओं ने दुनिया भर में नियामकीय निगरानी और



पारदर्शिता के सामने नई कठिनाइयां खड़ी कर दी हैं। प्रक्रिया को बेहतर बनाने के दौरान देशों को गोपनीयता और साइबर सुरक्षा को अत्यधिक सतर्कता के साथ बनाए रखना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये ऐसी चुनौतियां नहीं हैं जिनका समाधान कोई एक देश अकेले कर सके। इसके लिए समन्वय, भरोसा और समयबद्ध रूप से प्रासंगिक सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता होती है। भारत के दृष्टिकोण की भावना को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही देश अलग-अलग न्यायक्षेत्रों, परंपराओं और व्यवस्थाओं से आते हों, लेकिन उनका साझा लक्ष्य एक है कानूनी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, कर चोरी को हतोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना कि समाज सम्मानजनक तरीके से प्रगति करे।

चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की जरूरत

उन्होंने कहा कि ऐसी कई नई चुनौतियां हैं जिनसे निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। डिजिटलाइजेशन, नए वित्तीय उत्पादों का उद्भव और लाभकारी स्वामित्व की बदलती संरचनाएं लगातार देशों के बीच सहयोग की मांग करती हैं। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक वास्तविकता है, और ऐसे में विभिन्न न्यायक्षेत्रों के बीच स्थिर और भरोसेमंद संबंध अनिवार्य हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वैश्विक कर प्रणाली में निष्पक्षता, स्थिरता और जनता का विश्वास बनाए रखना सामूहिक प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि टैक्स ढांचे की पारदर्शिता और उसकी विश्वसनीयता मजबूत बनी रहे।

अंतरराष्ट्रीय कर ढांचे को लेकर वित्त मंत्री का सुझाव

वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कर ढांचे का लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जिसमें सभी न्यायक्षेत्र पूरी क्षमता और सहजता के साथ भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि भारत में विनियमित जानकारी को अनुपालन और जोखिम के व्यापक विश्लेषण के साथ एकीकृत करने के प्रयास लगातार जारी हैं। मामलों में सहयोग न केवल संभव है, बल्कि मौजूदा वैश्विक वित्तीय माहौल में आवश्यक और लाभकारी भी है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर से निकल चुकी है जहां गोपनीयता और सीमित सूचना-प्रवेश ने पारदर्शिता को बाधित किया था।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 में प्रतिभाओं को किया सम्मानित

रचनात्मकता और सांस्कृतिक उत्साह से सराबोर रहा युवा उत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन उत्साहपूर्ण और उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कला, साहित्य, संगीत एवं संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से निर्णायक मंडल एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया। नीचे विभिन्न प्रतियोगिताओं के घोषित परिणाम दिए जा रहे हैं—





विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

समूह लोक नृत्य

प्रथम स्थान – स्वाती कुमारी, रिया कुमारी, सृष्टि कुमारी, विजया कुमारी, प्रज्ञा कुमारी (इंटर विद्यालय, रोह)

द्वितीय स्थान – करिश्मा कुमारी, खुशबू कुमारी (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय)

वक्तृता

प्रथम स्थान – सिंधु कुमारी (सर्वोदय इंटर विद्यालय)

द्वितीय स्थान – सोनम कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समडी)

तृतीय स्थान – रीना राय (एसएनएस प्लस 2 हाई स्कूल, नारपुर)

कहानी लेखन

प्रथम स्थान – खुशी कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय, बगोदर हिसुआ)

द्वितीय स्थान – प्रियंका कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

कविता लेखन

प्रथम स्थान – राकेश कुमार (इंटर विद्यालय, चकवाय)

द्वितीय स्थान – सृष्टि कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय, बगोदर)

चित्रकारी

प्रथम स्थान – सोनाली कुमारी (के. एल.एस. कॉलेज, नवादा)

द्वितीय स्थान – निशु रानी (रामधन मूलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय)

तृतीय स्थान – मनीष कुमार (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

समूह लोक गायन

प्रथम स्थान – कृतिका राय, ब्यूटी कुमारी, नेहा कुमारी (रामधन मूलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, पकरीबरांवा)

द्वितीय स्थान – फ्रूटी कुमारी, ललिता कुमारी (एसएनएस नारपुर पकरिया विद्यालय)

तृतीय स्थान – मुस्कान कुमारी, संगम कुमारी, बिंदी कुमारी, सोनम कुमारी (उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, समरी)

यह युवा उत्सव जिले की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच बना, जिससे न केवल सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिला बल्कि साहित्यिक और रचनात्मक क्षमता को भी नई ऊर्जा प्राप्त हुई।

इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, वरीय उपसमाहर्ता अमरनाथ कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वर्षा आलोक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीएम ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी इस बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। डीएम ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत पंजी का संधारण नियमित रूप से किया जाए तथा उसे अद्यतन रखा जाए। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी का सीयूजी मोबाइल निर्बाध रूप से सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने प्रखंड एवं अंचल स्तर पर जनता दरबार का नियमित आयोजन और प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। पब्लिक ग्रिवेंस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदन 12 घंटे के अंदर प्राथमिक स्तर पर निष्पादित किए जाएं। तकनीकी पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि रैयती भूमि पर किसी भी प्रकार का कार्य शुरू करने से पहले संबंधित रैयत से एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुपालन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर राशन कार्ड निर्माण हेतु नए केवाइसी को बढ़ावा देने का निर्देश दिया गया। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में संचालित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड, डीएम जनता दरबार और लोक शिकायत निवारण से जुड़े सभी आवेदनों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के नाम निर्वाचक सूची में जोड़ने संबंधी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराएं। विधि शाखा से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित एमजेसी, सीडब्लयूजेसी, एलपीए मामलों का निष्पादन कैंप मोड में शीघ्रतापूर्वक किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया कि हर खेत तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रशिक्षु समाहर्ता, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत शाखा, गोपनीय शाखा के पदाधिकारी, आइटी मैनेजर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आइसीडीएस तथा विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी शामिल हुए। डीएम कुंदन कुमार ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए कई अहम निर्देश

नालंदा कॉलेज में एड्स जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। एनएसएस एवं सेहत केंद्र के द्वारा नालंदा कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स के प्रति जागरुकता के लिए रेड रिबन अभियान एवं जागरूकता रैली आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेते हुए कॉलेज में सभी लोगों को रेड रिबन बांधकर एड्स के प्रति जागरूक किया। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने इस बारे में कहा कि एड्स प्रभावित व्यक्ति एक सामान्य जीवन जी सकता है, एचआईवी संक्रमित होना जीवन का अंत नहीं हैं क्योंकि एचआइवी संक्रमित व्यक्ति भी सही चिकित्सीय मदद एवं सहयोग से लम्बे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसलिए इस तरह के अभियान से युवाओं को संवेदनशील बनाने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ विनीत लाल ने कहा कि एचआइवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस अभियान को किया गया जिसका उद्देश्य युवाओं तक एचआइवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएं एवं जानकारियां पहुंचाना है। स्वयंसेवकों ने शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ मंजु कुमारी, सचिव डॉ रत्नेश अमन, अंग्रेज़ी विभाग के डॉ राम कृष्ण परमहंस, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ श्रवण कुमार, भूगोल विभाग की डॉ भावना, हिन्दी विभाग की डॉ चम्पा, गणित के डॉ उपेन मंडल, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ श्रद्धा सहित सभी शिक्षकों को रेड रिबन बांधकर जागरूकता अभियान चलाया जिसमें मुख्य रूप से एनएसएस के मोनू निगम, आशीष, कुंदन, मानसी, कृति, प्रेरणा, रजनी, अविनाश शामिल रहे।

ट्रैक्टर से गिरकर मासूम बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। सरमेरा थाना क्षेत्र के मोती बीघा गांव में मंगलवार की सुबह खेत में जुताई के दौरान बड़ा हादसा हुआ। ट्रैक्टर पर बैठे आठ साल के बच्चे की रोटावेटर में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा फैल गया है। मोती बीघा निवासी संजीव पासवान सुबह ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। उनका 8 वर्षीय बेटा कृष कुमार भी ट्रैक्टर पर ही बैठा था। काम के दौरान संजीव ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इसी दौरान कृष फिसलकर नीचे गिर गया और सीधे रोटावेटर के पास जा पहुंचा। रोटावेटर चल रहा था, जिसकी चपेट में आने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कृष को पहले सरमेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने तुरंत उसे बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष कुमार तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और गांव के मध्य विद्यालय में छठी कक्षा का छात्र था। अस्पताल में मौत की पुष्टि के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई नहीं कराए और शव को लेकर सीधे गांव लौट गए। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे अत्यंत दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया।

डीएम ने की 22 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने 22 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। परिवादी शंकर दयाल सिंह द्वारा दर्ज शिकायत कृषि कार्य हेतु पोल एवं तार लगाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। इसी तरह रहुई अंचल अंतर्गत परिवादी चन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा दर्ज शिकायत गलत तरीके से परिमार्जन प्लस के द्वारा बनाये गये जमाबंदी सं0 235 को रद्द करने से संबंधित, परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत छज्जा से दूर करने के लिए पोल पर लोहा के एंगल लगवाने से संबंधित समस्या, एकंगरसराय अंचल अंतर्गत परिवादी श्याम देव प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या, परिवादी अरुण कुमार मयंक द्वारा दर्ज शिकायत परिवादी की दादी की जमाबंदी में छेड़छाड़ करने से संबंधित समस्या, राजगीर अंचल अंतर्गत परिवादी सत्येंद्र कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण हटाने से संबंधित समस्या, हिलसा अंचल अंतर्गत परिवादी रामनाथ सिंह द्वारा दर्ज शिकायत अवैध ढंग से मकान बनाने से संबंधित समस्या, रहुई अंचल अंतर्गत परिवादी संगीता देवी द्वारा दर्ज शिकायत गैरमजरूआ आम खाते के जमीन से अतिक्रमण हटाने से संबंधित समस्या, परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या, इस्लामपुर अंचल अंतर्गत परिवादी विकास आनंद द्वारा दर्ज शिकायत नामांतरण अभिलेख पोर्टल पर बारकोड सहित अपलाड करने से संबंधित समस्या, हिलसा अंचल अंतर्गत परिवादी राहुल कुमार द्वारा दर्ज शिकायत जमाबंदी रद्दीकरण कराने से संबंधित समस्या का जिलाधिकारी द्वारा निष्पादन किया गया।

सीआरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र राजगीर में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रशिक्षण केंद्र राजगीर में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ किया गया। भारत सरकार की पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक निखिल रस्तोगी के मार्गदर्शन में अधिकारी और जवान एकजुट होकर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। पखवाड़े के दौरान केंद्र परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता अभियान, कूड़ा प्रबंधन, पॉलिथीन के उपयोग से बचाव संबंधी जागरूकता, बैनर- पोस्टर लगाना तथा सार्वजनिक स्थलों की सफाई जैसे कार्य मुख्य रूप से शामिल हैं। जवानों द्वारा स्थानीय लोगों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु पौधारोपण अभियान भी शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वच्छ हवा, हरित वातावरण और प्रदूषण नियंत्रण को मजबूत बनाना है। शुभारंभ के मौके पर डीआइजी निखिल रस्तोगी ने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन में शामिल किए बिना स्वच्छ समाज और स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों में भी आगे रहते हैं और स्वच्छता अभियान इसका प्रमुख उदाहरण है। कार्यक्रम में कमांडेंट डॉ. नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट चंदु कोले, सहायक कमांडेंट अमित कुमार और सहायक कमांडेंट चंदन कुमार तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद ने की डे-केयर कैंसर सेंटर खोलने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



बिहारशरीफ। आम बजट–2025 में जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने की घोषणा को लेकर नालंदा में उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस ऐतिहासिक पहल से देशभर के कैंसर मरीजों को अपने ही जिले में उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे बड़े शहरों के अस्पतालों पर दबाव कम होने के साथ मरीजों को लंबे सफर और आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। बजट में हुए इस प्रावधान को स्वास्थ्य सेवाओं के विकेन्द्रीकरण की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नालंदा के लिए विशेष पहल की मांग उठाई है। सांसद ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, यह समय की जरूरत है। इसी क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ स्थित जिला अस्पताल में जल्द से जल्द डे-केयर कैंसर सेंटर की स्थापना करने का आग्रह किया है। साथ ही इस सुविधा के लिए अलग से एक समर्पित वार्ड बनाए जाने की भी मांग की ताकि कैंसर उपचार की सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकें। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिला अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से न केवल मरीजों की परेशानी कम होगी बल्कि उन्हें बड़े शहरों में इलाज के लिए भटकना भी नहीं पड़ेगा।

कचरा बन रहा वातावरण के लिए खतरा, प्रशासन मौन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



रजौली (नवादा)। नगर पंचायत का कचरा अनुमंडल कार्यालय के पीछे विगत कई वर्षों से बेरोकटोक फेंका जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध और वातावरण प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। कचरे में अक्सर आग लग जाती है, जिससे जहरीला धुआं उठता है और वातावरण और भी दूषित हो जाता है।हरदिया के निवासियों ने कचरे के इस अवैध डंपिंग के खिलाफ लोक शिकायत निवारण में केस दर्ज कराया था। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने कचरा फेंकने के लिए एक वैकल्पिक स्थान का चयन भी किया था, लेकिन अभी तक उसे धरातल पर लागू नहीं किया जा सका है।हरदिया सेक्टर-ए के दर्जनों लोग कचरे के जलने से बेहद परेशान हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं, "यहां का वातावरण इतना दूषित हो गया है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को खांसी और सांस की बीमारी हो रही है। प्रशासन को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।"

नगर पंचायत के अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कचरा निपटान के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कचरे की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। समाजसेवी जयपाल यादव ने बताया कि कचरा फेंकने के लिए चिन्हित स्थल पर तुरंत काम शुरू किया जाए। कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए।साथ ही वातावरण प्रदूषण को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए। इस बाबत प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि नगर पंचायत के कचरा फेंकने के लिए रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में स्थल चिन्हित किया गया है,किंतु न्यायालय में चल रहे एक वाद के कारण कचरा वहां नहीं फेंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय के लिए अनुमंडल कार्यालय के समीप आगामी कुछ दिनों में भूमिपूजन किया जाना है। तब स्वतः अनुमंडल कार्यालय के पीछे कचरा फेंकना प्रतिबंधित हो जाएगा।

सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा (नालंदा)। थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहली घटना हिलसा–फतुहा मुख्य मार्ग स्थित चंदकुरा गांव के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हालत गंभीर हो गई। जख्मी की पहचान गनीपुर गांव निवासी मिथिलेश चौहान के 30 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार देर रात वह डियावां से अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। दूसरी घटना मंगलवार को हिलसा–एकगरसराय मुख्य मार्ग पर मीना बाजार के पास घटी, जहां बाइक दुर्घटना में अमित कुमार (20 वर्ष), निवासी जूनियर गांव, जख्मी हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

सरपंच ने शिक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

नारदीगंज (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शिक्षा जागरूकता अभियान मंगलवार को नारदीगंज पंचायत के नारदीडीह गांव में सरपंच प्रवेश रविदास के द्वारा चलाया गया। उसके बाद उन्होंने नारदीडीह स्थित ग्राम कचहरी में ग्राम कचहरी में आये मामले को निष्पादित कर बच्चों को शिक्षा की महत्ता पर चर्चा की। इस दौरान सरपंच प्रवेश रविदास ने कहा आगामी 6 दिसम्बर को संविधान निर्माता बाबा भीम राव आंबेडकर की पुण्यतिथि है। उनकी पुण्यतिथि मनाने की अपील की। वे समाज के पुरोधा माने जाते हैं।

लगातार तीसरे दिन हाथियों का जारी रहा उत्पात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। जमुई जिला के जंगली इलाकों से भटककर शनिवार की देर रात्रि से ही पहुंचे हाथियों का झुंड के आतंक से ग्रामीणों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने इलाके में धान एवं तिलहन की काफी फसलों को क्षति पहुंचाई है। वहीं लोग दहशत में जीने को मजबूर हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों का दल कौआकोल के दनियाँ जंगल से लालपुर,पचम्बा,सोखोदेवरा, आदि इलाके से होते हुए जंगली रास्तों में जा रहा है। सोमवार की रात्रि हाथियों का दल ने थाना क्षेत्र के पचम्बा,सोखोदेवरा आदि गांव के दर्जनों किसानों के धान के बोझे एवं खेत में लगे सरसो की फसल को नष्ट कर दिया। वहीं देर रात्रि लगभग 85 एकड़ में फैले कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा की चहारदीवारी को भी जगह जगह क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने बताया कि लगभग दो दर्जन से अधिक रहे हाथियों के झुंड सोखोदेवरा आश्रम की लगभग 150 फीट से अधिक चाहरदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि चाहरदीवारी के क्षतिग्रस्त हो जाने से आने वाले दिनों में भी काफी नुकसान देखने को मिल सकता है। क्योंकि आश्रम परिसर के बाहर आये दिन नीलगाय,साम्भर,जंगली सुअर,हिरण आदि जंगली जानवर के द्वारा केविके में लगाये जाने वाले दलहन,तिलहन एवं रबी एवं खरीफ फसलों तथा बीज उत्पादन प्रक्षेत्र को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। वहीं आश्रम परिसर में निवास करने वाले कर्मियों के भी सुरक्षा पर प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा हो गया है। विभाग के द्वारा हाथियों पर नियंत्रण के लिए व उसे पकड़ने के लिए कोलकाता से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है एवं विशेषज्ञ टीम के द्वारा हाथियों पर नियंत्रण करने की बात कही गई है। मशाल एवं पटाखा फोड़कर हाथियों को भगाने का काम किया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई.निविदा संख्या : ईएल/43/खुली/2025–26, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल में टाइप II-421, टाइप III-119, टाइप IV-80,और टाइप V-27 स्टाफ क्वार्टरों की रिवायरिंग। (कार्य समापन अवधि : बारह माह), कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,31,81,325.98, बिड सिक्युरिटी : ₹2,65,900/–

ई.निविदा संख्या : ईएल/44/खुली/2025–26, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ) पहाड़पुर–धनबाद डिवीजन के पहाड़पुर डिपो में ओएचई डिपो और टॉवर वैगन शेड का विस्तार और उन्नयन से संबंधित वैद्युतिक कार्य (ब) धनबाद डिवीजन के विभिन्न पंप हाउसों पर एपीएफसी पैनल का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : बारह माह), कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹22,33,718.21, बिड सिक्युरिटी : ₹44,700/–

बिड मूल्यांकन प्रणाली : एक पैकेट प्रणाली, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 19.12.2025 को 11.00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 19.12.2025 को 11.30 बजे के बाद। वेबसाईट का विवरण : वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1349/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/40

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई.निविदा सूचना सं. : एस.जी. 664–22–संकेत–2025–26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं० : 1. कार्य का नाम : (1) आरयूबी डीएचएन–सीआरपी सेक्शन द्वारा लेवल क्रॉसिंग संख्या – 3/ए/3टी, 4/ए/2टी, 6/सी/3टी, 6ए/ए/टी, एमसी–7 और जेके 07–08 के उन्मूलन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। (2) जीएचडी–सीपीयू सेक्शनः– जीएचडी–सीपीयू सेक्शन में सबवे (एलएचएस) द्वारा लेवल क्रॉसिंग का उन्मूलन (एलसी संख्या – 6/सी/टी और 55/सी/ई = 2 संख्या)। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 1,76,72,433.91 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 2,38,400.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.12.2025 (14:00 बजे)।

5. ऐसी ई:निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/1366/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/44

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/69, दिनांक 01.12.2025; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **•(क) क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 16.01.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (1) 10251105** ; विद्युत रेल इंजनों के लिए एयर ड्वायर; रु. 5,01,240/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 30.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (2) 10251108;** एलबो यूनियन फीमेल का सेट; रु. 2,52,200/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 22.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (3) 15255136;** हक बोल्डिंग मशीन इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 1,88,560/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 06.01.2026 को अपराह्न 1.30 बजेः (4) 15255138;** रेडियल ड्रिलिंग मशीन इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 1,32,380/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 24.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (5) 22251306ए;** इंजेक्शन इंसुलिन ग्लैरगिन आईपी 300 यू/एमएल., (मोनोकम्पोनेंट इंसुलिन ग्लैरगिन आर-डीएनए ओरिजिन) 1.5 एमएल/450 यू का 1 काट्रिड्ज (प्रति 20 काट्रिड्ज एक पेन तथा 20 नीडल मुफ्त) [मद कोड एम150416] विनिर्देश मद कोड एम150416.एआई 25-26; रु. 1,70,800/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 26.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (6) 20251015सी;** हेलिकल स्प्रिंग (आउटर); रु. 1,63,600/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 22.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (7) 08251015;** केबल सिंगल कोर - 150 वर्ग मिमी, 1500 वोल्ट्स; रु. 5,90,970/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 18.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (8) 20251025ए;** सेकेंडरी के लिए लैटेरल डम्पर; रु. 3,67,200/-। **(9) 08251739;** 03 मदें युक्त कम्प्रेशर किट की खरीददारी; रु. 2,91,750/-। **(10) 20255030;** डीईटीसी/यूएस के लिए बोगी फ्रेम अरेंजमेंट; रु. 2,78,860/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 24.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (11) 04255043;** आरडीएसओ विनिर्देश सं. टीआई/एसपीसी/ओएचई/8डब्ल्यूडीईटीसी/0092. संशो. 2 ऑफ अगस्त 2015 अथवा नवीनतम के अनुसार अंडरस्लंग इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन (डीईटीसी/यूएस) किट के साथ डीजल विद्युत टावर कार के लिए इलेक्ट्रिक्स तथा ट्रैक्शन इंजन की आपूर्ति, स्थापना, जांच तथा चालू करना; रु. 50,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 22.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (12) 10252513;** वीसीबी इत्यादि के लिए अर्थिंग स्विच; रु. 1,09,860/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 02.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (13) 22255682;** इंजेक्शन रैनीबाइजुमैब 1.65 एमजी/0.165 एमएल पीएफएस; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 11.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (14) 22255522;** इंजेक्शन ह्यूमन कोगुलेशन फैक्टर VII एक 2 एमजी (100 कियू) [उत्पाद रेलवे बोर्ड के निर्माण फर्मों की अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होने चाहिए]; रु. 0. **निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 22.12.2025 को अपराह्न 1.30 बजेः (15) 22255511ए;** इंजेक्शन रिकम्बाइनेंट सोमाट्रॉपिन 36 आ

पाकिस्तान लीग के लिए मोईन अली ने भी आईपीएल छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। फाफ डु प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भी ब्लैक्स2026 में हिस्सा नहीं लेने और पीएसएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों के भीतर ऐसा निर्णय लेने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।



इससे पहले 29 नवंबर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल से अपना नाम वापस लेकर आईपीएल खेलने की घोषणा की थी। आईपीएल का मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होना है।

सोशल मीडिया पर मोईन अली का ऐलान

मोईन अली ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की जानकारी देते हुए लिखा, 'मैं पीएसएल के नए दौर में शामिल होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह लीग दुनिया की शीर्ष टी20 लीगों में से एक है। हर टीम में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान में खेलना हमेशा शानदार अनुभव देता है। क्रिकेट का स्तर बेहतरीन है और दर्शकों का जुनून आपको अपना 100 देने पर मजबूर कर देता है। इंशाअल्लाह, एक और यादगार अनुभव की उम्मीद है।'

'सावधान रहना होगा', रांची में जीत के बाद भी गावस्कर ने टीम इंडिया को क्यों चेताया

नई दिल्ली, एजेंसी। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया पहला वनडे मुकाबला आखिरी ओवर तक गया, लेकिन मेजबान टीम ने 17 रनों से जीत दर्ज की. यह एक रोमांचक अंतिम ओवर था, क्योंकि प्रोटियाज ने 350 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार जज्बा दिखाया. शुरुआती पीछा करते हुए स्कोर 11 पर 3 होने के बावजूद, मेहमान टीम ने बेहतरीन वापसी की और भारत को कुछ तनावपूर्ण पल दिए. मैच का नतीजा आखिरी ओवर में तय हुआ, जिसकी शुरुआत में नौ विकेट खो चुकी दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे. प्रसिद्ध कृष्णा ने कॉर्बिन बॉश को पहली गेंद डॉट किया और फिर उन्हें आउट करते हुए भारत के लिए कड़े मुकाबले वाली जीत पक्की कर दी.



क्या बोले सुनील गावस्कर

रांची में भारत की जीत के बाद सुनील गावस्कर ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की वापसी शानदार थी. आखिरी तक, अंतिम ओवर तक मामला टच-एंड-गो का था, और आपको यह सराहना होगी कि 11 रन पर 3 विकेट गिरने के बावजूद उन्होंने जिस तरह मुकाबला किया, वह काबिल-ए-तारीफ है. भारत को अगले दो मैचों में सावधान रहना होगा.' बता दें कि भारत के 350 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम जल्दी ही 11/3 हो गई. हर्षित राणा ने नई गेंद से एक ओवर में दो विकेट झटके. हालांकि, मैथ्यू ब्रिट्जके (72), मार्को जानसेन (39 गेंदों पर 70) और कॉर्बिन बॉश (51 गेंदों पर 67) की धमाकेदार पारियों ने दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पलों तक मैच में बनाए रखा. अंतत: टीम 332 पर ऑल आउट हो गई.

भारत की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 10 ओवर में 4/68 के आंकड़े दर्ज किए. उनके शिकार में जानसन और ब्रिट्जके भी शामिल थे, और ये दोनों विकेट उन्हें एक ही ओवर में मिले. जीत के साथ, भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच क्रमश: 3 और 6 दिसंबर को रायपुर और विशाखापट्टनम में खेले जाएंगे.

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी ने

मीट रिकॉर्ड तोड़कर हैमर थ्रो में गोल्ड जीता

केआईयूजी 2025



जयपुर, एजेंसी। जैन यूनिवर्सिटी की कीर्थना और शिवाजी यूनिवर्सिटी के रुशीप्रसाद देसाई को क्रम से सबसे तेज़ महिला और पुरुष एथलीट का खिताब मिला ज गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 30 गोल्ड के साथ पदक तालिका में टॉप पर बनी हुई है जयपुर। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की तान्या चौधरी ने सोमवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में महिलाओं के हैमर थ्रो में अपना ही मीट और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रिकॉर्ड तोड़कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि जैन यूनिवर्सिटी की कीर्थना और शिवाजी यूनिवर्सिटी के रुशीप्रसाद देसाई को सबसे तेज़ महिला और पुरुष एथलीट का खिताब मिला। केआईयूजी 2025 का पांचवां एडिशन राजस्थान के सात शहरों में हो रहा है। 222 यूनिवर्सिटी के 4448 एथलीट 23 मेडल खेलों में मुकाबला कर रहे हैं। ये गेम्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अंडर राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ मिलकर हो रहे हैं और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी इन्हें होस्ट कर रही है। हांगजो एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाली तान्या चौधरी ने 64.29 मीटर तक हैमर फेंका, जिससे उन्होंने अपना ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रिकॉर्ड बेहतर किया और केआईयूजी पदकों की हैट्रिक पूरी की। तान्या के नाम पहले का केआईयूजी मीट रिकॉर्ड 60.61 मीटर भी था। पंजाब यूनिवर्सिटी की हकीकत कौर ग्रेवा ने 51.90 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि पंजाबी यूनिवर्सिटी की अमन दीप कौर का 45.06 मीटरका थ्रो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने के लिए काफी था। तान्या ने साई मीडिया को बताया, 'मैं नेशनल रिकॉर्ड बनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन चीजें प्लान के मुताबिक नहीं हुईं। लेकिन मैं लगातार तीसरा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स गोल्ड जीतकर खुश हूं।'

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने महिलाओं की शॉट पुट में भी गोल्ड मेडल जीता, जिसमें शिक्षा ने 15 मीटर की दूरी तय की। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी अब 13 गोल्ड के साथ ओवरऑल स्टैंडिंग में चौथे नंबर पर है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 30 गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ टॉप पर बनी हुई है। शाम के सेशन में, कीर्थना ने जैन यूनिवर्सिटी के लिए स्विमिंग पूल के बाहर पहला गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 11.94 सेकेंड के टाइम के साथ महिलाओं की 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की टीना पारीक (12.18 सेकेंड) और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी की स्मृति जामवाल (12.21 सेंकेड) ने एक के बाद एक सिल्वर और ब्रॉन्ज़ मेडल जीते। शिवाजी यूनिवर्सिटी के ऋषिप्रसाद देसाई ने पुरुषों की 100 मीटर रेस में 10.53 सेकेंड के टाइम के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी के लौकिक मेलगे (10.59 सेंकेड) और सोमैया विद्याविहार के जय भोईर (10.86 सेंकेंड) ने एक के बाद एक सिल्वर और ब्रॉन्ज़ मेडल जीते। इससे पहले, रवींद्रनाथ टैगोर को रिप्रेजेंट करने वाली बुसरा खान ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में पहली गोल्ड मेडलिस्ट थीं, जिन्होंने महिलाओं की 5000 मीटररेस 18:15.27 मिनट में जीती।

आईपीएल 2026 ऑक्शन

इन धुआंधार खिलाड़ियों पर लुटाए जा सकते हैं 60 करोड़



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेलने के लिए कुल 1355 खिलाड़ियों ने अपना नाम रजिस्टर कराया है. जिनमें ऐसे नाम हैं जिन्हें सबसे ज्यादा पैसा मिल सकता है. इन खिलाड़ियों पर कम से कम 60 से 70 करोड़ रुपये लुटाए जा सकते हैं. इन खिलाड़ियों का जैकपॉट इसलिए भी लग सकता है क्योंकि इस बार आंद्रे रसेल और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बड़े नाम ऑक्शन में नहीं हैं. रसेल ने केकेआर से रिलीज होते ही आईपीएल से संन्यास ले लिया वहीं मैक्सवेल ने क्यों इस बार रजिस्टर नहीं किया है इसकी कोई वजह सामने नहीं आई है. इन दो खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में पांच खिलाड़ियों पर मोटा पैसा बरस सककता है, आइए आपको बताते हैं कौन हैं वो?

कैमरन ग्रीन

ऑस्ट्रेलिया का ये खिलाड़ी बैटिंग ही नहीं गेंदबाजी में भी अपना योगदान देता है और साथ ही वो एक गजब के फील्डर भी हैं. ग्रीन की खास बात ये है कि वो टॉप ऑर्डर से लेकर मिडिल ऑर्डर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं.

डेविड मिलर पर होगी नजर

डेविड मिलर पर भी एक बार फिर नजर रहने वाली हैं. बाएं हाथ का ये ऑलराउंडर लखनऊ सुपरजायंट्स टीम में था लेकिन उन्हें रिलीज कर दिया गया. बतौर मैच फिनिशर मिलर का कोई तोड़ ही नहीं है. ये खिलाड़ी आईपीएल में 141 मैचों में 35.7 की औसत से 3077 रन बना चुका है जिसमें एक शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं. मिलर पर ऑक्शन में मोटा पैसा बरस सकता है.

लियम लिविंगस्टन पर बरसेगा पैसा

पिछले सीजन आरसीबी के लिए खेलने वाले लियम लिविंगस्टन भी ऑक्शन में हॉट प्रॉपर्टी होंगे. लिविंगस्टन मिडिल ऑर्डर में आकर ताबड़तोड़ छक्के लगाने के अलावा अच्छे गेंदबाजी ऑप्शन भी हैं. वो ऑफ स्पिन और लेग स्पिन दोनों कर सकते हैं. लिविंगस्टन ने 49 मैचों में 26.27 की औसत से 1051 रन बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 160 के करीब है.

इंग्लैंड के 2 खिलाड़ी होंगे रडार पर

इंग्लैंड के 2 और खिलाड़ी आईपीएल ऑक्शन में मोटा पैसा कमा सकते हैं. इनमें विकेटकीपर जेमी स्मिथ का नाम शामिल है. ये खिलाड़ी हालिया दिनों में इंग्लैंड के लिए कई तूफानी इनिंग खेल चुका है. मिडिल ऑर्डर में आकर स्मिथ बड़े-बड़े शॉट खेलने का दम रखते हैं. बड़ी बात ये है कि वो स्पिनर्स के खिलाफ भी काफी मजबूत हैं.

इंडिया-दक्षिण अफ्रीका

रोहित के निशाने पर गेल

बटलर -वार्नर का रिकॉर्ड, नंबर 1 बनने से इतने छक्के दूर हैं हिटमैन



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान व स्टार ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा जब रायपुर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में मैदान पर उतरेंगे तब उनके निशाने पर क्रिस गेल, जोस बटलर और डेविड वार्नर का बड़ा रिकॉर्ड होगा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 दिसंबर यानी बुधवार को खेला जाएगा।

रोहित शर्मा के पास नंबर 1 बनने का मौका

इंटरनेशनल क्रिकेट में साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित शर्मा फिलहाल 61 सिक्स के साथ क्रिस गेल के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं, लेकिन उनके पास नंबर 1 बनने का मौका है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के डेविड वार्नर ने लगाए हैं जिसकी संख्या 64 है तो वहीं दूसरे नंबर पर 63 छक्कों के साथ जोस बटलर मौजूद हैं। रायपुर में रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका के खिलाफ जैसे की एक छक्का और लगाएंगे वो क्रिस गेल को पीछे छोड़ देंगे तो वहीं अगर वो दूसरे मैच में 3 छक्के लगाते ही जोस बटलर से आगे निकल जाएंगे, लेकिन इस मुकाबले में अगर वो 4 छक्के लगा देते हैं तो वो डेविड वार्नर को पीछे छोड़ देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट में प्रोटियाज के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन जाएंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

- 64 छक्के - डेविड वार्नर
- 63 छक्के - जोस बटलर
- 61 छक्के - क्रिस गेल
- 61 छक्के - रोहित शर्मा
- 52 छक्के - मिचेल मार्श
- 50 छक्के - बेन स्टोक्स

आपको बता दें कि रोहित शर्मा इस वक्त काफी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची वनडे मैच में उन्होंने 51 गेंदों पर 57 रन की पारी 3 छक्के और 5 चौकों की मदद से खेली थी। भारत को इस मैच में 17 रन से जीत मिली थी और टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली थी।

जूनियर महिला हॉकी विश्व कप

विश्व कप में भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज

नामीबिया को 13-0 से रौंदा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई।

भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई। भारत के लिए हिना (35', 35', 45') और कनिका (12', 30', 45') ने तीन-तीन गोल किए। इसके अलावा साक्षी राणा (10', 23') ने दो गोल दागे, जबकि बिनीमा धन (14'), सोनम (14'), साक्षी शुक्ला (27'), इशिका (36') और मनिशा (60') ने भी एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।



पहला क्वार्टर- पहले ही क्वार्टर में भारत ने चार मिनट के भीतर चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। साक्षी ने रिवर्स फ्लिक से शानदार शुरुआत की, जिसके बाद कनिका ने दूसरा गोल दागा। बिनीमा ने तेज रन के बाद तीसरा गोल किया और सोनम के गोल ने भारत को शुरुआती पंद्रह मिनट में 4-0 की बढ़त दिला दी।

दूसरा क्वार्टर- दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। साक्षी ने बेहतरीन दौड़ के बाद जोरदार स्ट्राइक से दूसरा गोल किया। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर से छठा गोल आया। हाफ टाइम से ठीक पहले कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 7-0 की बढ़त दिलाई।

तीसरा क्वार्टर- तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में हिना ने जोरदार शॉट के साथ अपना पहला गोल दागा और एक मिनट बाद ही ढीली रिस्टार्ट का फायदा उठाकर दूसरा भी जोड़ दिया। पेनल्टी कॉर्नर पर आए रिबाउंड से इशिका ने दसवां गोल किया। इसके बाद एक और डिफ्लेक्शन पर हिना ने अपनी हैट्रिक पूरी की। कनिका ने भी पेनल्टी कॉर्नर से अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 12-0 की बढ़त दिलाई।



ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल से लिया ब्रेक, फैन्स के लिए लिखा खास संदेश



नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन से नाम वापस लेने का फैसला किया है। दो लगातार निराशाजनक सीज़न्स और चोट की वजह से मैक्सवेल ने यह बड़ा कदम उठाया। उन्होंने अपने आधिकारिक बयान में कहा, आईपीएल ने मुझे न केवल एक क्रिकेटर बल्कि एक बेहतर इंसान बनाया। भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेगी।'

मैक्सवेल ने लीग के प्रति अपनी कृतज्ञता जताई और उन फैन्स को धन्यवाद कहा, जिनका जुनून और समर्थन उन्हें हमेशा प्रेरित करता रहा। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की यादगार पलों और चुनौतियों का भी जिक्र किया।

भावनात्मक संदेश

मैक्सवेल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने आईपीएल में कई अविस्मरणीय पलों का अनुभव किया। विश्वस्तरीय टीममेट्स, जुनूनी फैन्स और चुनौतियां हमेशा मेरे साथ रहेंगी। धन्यवाद सबका समर्थन देने के लिए, आशा है जल्द ही फिर मिलेंगे।'

पंजाब में पिछली सीज़न्स निराशाजनक

मैक्सवेल ने पिछली बार पंजाब के लिए खेलते हुए छह पारियों में सिर्फ 48 रन बनाए। इससे पहले पंजाब के लिए उन्होंने नौ पारियों में केवल 52 रन ही जोड़े थे।

आईपीएल करियर और रिकॉर्ड

मैक्सवेल का आईपीएल करियर 14 सीज़न्स और 141 मैचों में फैला हुआ है। उनके आंकड़े इस प्रकार हैं: रन: 2,819 (135 पारियों में), औसत: 23.88, स्ट्राइक रेट: 155.14, फिफ्टी: 18, विकेट: 41 (औसत 34.46) आईपीएल 2013 में एमआई के साथ खिताब जीता। मैक्सवेल अपने आक्रामक बल्लेबाजी और ऑलराउंड योगदान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।

- **भविष्य की योजनाएं-** हालांकि मैक्सवेल ने पीएसएल जैसी किसी दूसरी लीग में भाग लेने की घोषणा नहीं की है, वह अभी भी टी20 इंटरनेशनल में सक्रिय हैं। अगले साल टी20 विश्व कप 2026 में उनका खेलना लगभग तय है। क्रिकेट जगत को उनकी अगली उपलब्धियों का बेसब्री से इंतजार है। पीएसएल

संक्षिप्त समाचार

हाइटेक अस्पताल में 12वीं पास युवक करता मिला ऑपरेशन



बलौदा बाजार, एजेंसी। 140 करोड़ की जनसंख्या वाला भारत झोला छाप डॉक्टरों और मुन्नाभाई एमबीबीएस टाइप के डॉक्टरों के प्रकोप से खूब परेशान है। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले से 12वीं पास युवक को दबोचा गया है, जो हाइटेक अस्पताल में मरीजों का ऑपरेशन कर रहा था। स्वास्थऔर क्षस्ह द्वारा की गई छापेमारी में पाया गया कि निजी अस्पताल में न तो डॉक्टर हैं और न ही इन लोगों ने इसका रजिस्ट्रेशन करा रखा है। ये मामला कसडोल विकासखंड के गांव कटगी का है। यहां अधिकारियों द्वारा की गई छापामारी के दौरान कई तरह की अनियमितताएं पाई गई हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, जब अधिकारी छापामारी करने पहुंचे तो पता चला कि हॉस्पिटल में जरूरी मेडिकल सुविधाएं मौजूद नहीं है। इसके बिना ही अस्पताल चलाया जा रहा था। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता देख अधिकारियों ने जिम्मेदार लोगों को जमकर फटकार लगाई। ऑपरेशन करते पकड़ा गया 12 वीं पास युवक का नाम है दुखित राम साहू। अधिकारियों की टीम जैसे ही अस्पताल पहुंची दुखित राम एक साथ इतने लोगों को देखकर चौंक गया। अधिकारियों ने पाया कि अस्पताल में नर्सिंग होम एक्ट के तहत तय किए गए कई नियमों की अवहेलना हो रही है। यहां न तो योग्य एवं अनुभवी डॉक्टर हैं, न रजिस्टर्ड स्टाफ है। इसके अलावा जरूरी मेडिकल सुविधाएं भी नहीं हैं। छापामारी के बाद सामने आए खुलासों पर एक्शन लेने की बात कही गई है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि बिना स्वास्थ्य सुविधाओं के इस तरह से लोगों के स्वास्थ्य के साथ कैसे खिलवाड़ किया जा सकता है।

बिजली बिल हाफ; भाजपा शासित राज्य में बड़ी राहत, 36 लाख परिवारों को फायदा

रायपुर, एजेंसी। भाजपा शासित छत्तीसगढ़ में लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार ने सोमवार से नई 'हाफ बिजली बिल योजना' को प्रभावी कर दिया है। इस बदलाव के साथ अब घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक आधा बिजली बिल देने की सुविधा मिलेगी।



सरकार का दावा है कि इस फैसले से राज्य के 36 लाख से अधिक परिवारों को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत 200 यूनिट तक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं का बिल आधा किया जाएगा। वहीं 200 से 400 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले लगभग 6 लाख उपभोक्ताओं को भी अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक हाफ बिल का लाभ मिलेगा। सरकार का कहना है कि इस एक साल की अवधि को उपभोक्ताओं के लिए 'ट्रांजिशन पीरियड' के रूप में रखा गया है, ताकि वे पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों में सोलर प्लांट स्थापित कर सकें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा के विशेष सत्र में इस योजना की औपचारिक घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक संरचना को ध्यान में रखते हुए बिजली दरों में यह राहत उपभोक्ताओं के मासिक खर्च को कम करने में मदद करेगी। राज्य में बिजली बिल नीति में यह बड़ा बदलाव चार महीने बाद किया गया है। एक अगस्त 2025 को पूर्व सरकार की 400 यूनिट सीमा को घटाकर 100 यूनिट कर दिया गया था, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभ से वंचित हो गए थे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद एक बार फिर लाखों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

भारत के प्रधानमंत्री बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती है: मोहन भागवत

पुणे, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स) प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों को संबोधित करते हुए एक मंच से कहा है कि जब भारत के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो वैश्विक नेता उन्हें ध्यान से सुनते हैं और ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत की ताकत का पता सबको लग रहा है। उन्होंने कहा है कि अब देश को उसका उचित स्थान मिल रहा है। इससे पहले भागवत संघ की स्थापना के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने कहा कि किसी को जयंती या शताब्दी समारोह जैसे महत्वपूर्ण अवसरों का जश्न मनाने के बारे में नहीं सोचना चाहिए, बल्कि दिए गए कार्य को निर्धारित समय के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'संघ यही करता आया है। संघ ने चुनौतियों का सामना करते हुए और कई तूफानों से जूझते हुए भले ही 100 साल पूरे कर लिए हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि हम आत्मचिंतन करें कि पूरे समाज को एकजुट करने के काम में इतना समय क्यों लगा। 'भारत के बढ़ते कद का जिक्र कर क्या बोले भागवत? मोहन भागवत ने आगे कहा कि आमतौर पर माना जाता है कि जब भारत आगे बढ़ता है, तो वैश्विक समस्याएं हल हो जाती हैं, संघर्ष कम हो जाते हैं और शांति कायम होती है। भागवत ने कहा, 'यह बात इतिहास में दर्ज है और हमें इसे फिर से साकार करना होगा। यह समय की मांग है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां भारत से इसकी मांग करती हैं और इसीलिए संघ के स्वयंसेवक पहले दिन से ही इस मिशन को पूरा करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। '



इस दौरान वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद का जिक्र करते हुए संघ प्रमुख ने कहा, 'प्रधानमंत्री को वैश्विक स्तर पर इतने ध्यान से क्यों सुना जा रहा है? उन्हें इसलिए सुना जा रहा है, क्योंकि भारत की ताकत अब उन जगहों पर प्रकट होने लगी है, जहां उसे उचित रूप से प्रकट होना चाहिए। भारत ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। ' सभा में मौजूद लोगों को एक किस्सा सुनाते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि एक बार उनसे कहा गया था कि संघ 30 साल देरी से आया है।

गुरु के पास गुर्गे; विदेशों में सिखा रहे गैंगस्टर

गुरुग्राम, एजेंसी। देश की जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए संगठित अपराध की दुनिया अब हाईटेक हो गई है। हाल ही में विदेश से डिपोर्ट कर लाए गए गैंगस्टर से हुई पूछताछ में खुलासा हुआ कि विदेशों में बैठे गैंगस्टर अपने गुर्गों को साइबर ठगी के लिए प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं।

जांच एजेंसियों के मुताबिक गैंगस्टर अब अपने गुर्गों पर पैसे खर्च कर उन्हें विदेश में साइबर प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। इन कोर्स में उन्हें डिजिटल फुटप्रिंट्स को मिटाने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के जरिए अपनी असली लोकेशन छुपाने, प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल करने और डार्क वेब पर सुरक्षित रूप से संवाद स्थापित करने की ट्रेनिंग दी जाती है। यह रणनीति संगठित अपराध के स्वरूप में आए बड़े बदलाव को दर्शाती है। अब अपराध की योजना और नियंत्रण विदेशी धरती से होता है, जबकि उसे अंजाम देने वाले गुर्गे पूरी तरह से साइबर साक्षर होकर पुलिस के लिए अदृश्य हो जाते हैं।

एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रणनीति इसलिए भी सफल हो रही है, क्योंकि वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस जब भी डिजिटल साक्ष्यों (जैसे कॉल रिकॉर्ड या आईपी एड्रेस) की जांच करती है, तो उन्हें गुर्गों की लोकेशन के फर्जी डेटा मिलते हैं। इस कारण पुलिस को जांच में भारी बाधा आ रही है। इस नए साइबर नेक्सस का सबसे बड़ा हथियार सोशल मीडिया बन गया है। किसी भी बड़ी वारदात या हमला करने के तुरंत बाद गैंगस्टर के गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट करके हमले की जिम्मेदारी लेते हैं। ताकि उनका लोगों में भय हो और उनको रुपये आसानी से मिलते रहे। इस पोस्ट में भी जालसाजी होती है। वे ऐसे टूल्स का इस्तेमाल करते हैं जो पोस्ट के साथ जियो-टैगिंग और आईपी एड्रेस को बदल देते हैं। जब पुलिस इन सोशल मीडिया पोस्ट की तकनीकी जांच करती है,।

ग्रेटर नोएडा से 20 मिनट में पहुंचेगे फरीदाबाद

मंझावली पुल से जोड़ने वाली सड़क जल्द बनेगी



ग्रेटर नोएडा एजेंसी। ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद के मंझावली पुल से जोड़ने का काम इसी महीने शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण के लिए कंपनी का चयन किया जा चुका है। अगले 10 दिनों में कार्य शुरू करने की तैयारी है। अधिकारी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर की सीमा में मंझावली पुल तक 1.7 किलोमीटर की नई सड़क बनाई जानी है। साथ ही, जिले के अंदर ही पांच किलोमीटर सड़क को चौड़ा कर इसे चार लेन का बनाने की योजना है। उत्तर प्रदेश शासन से सड़क निर्माण के लिए 65.50 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी मिल चुकी है। वहीं, अब पीडब्ल्यूडी ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कंपनी का भी चयन कर लिया है। हरियाणा की सीमा में मंझावली गांव के सामने यमुना पर ग्रेटर नोएडा जाने के लिए पुल तैयार हो चुका है, लेकिन ग्रेटर नोएडा के अट्टा गुजरान गांव से सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने के चलते यहां सुगम तरीके से यातायात सुचारू नहीं हो पा रहा है। मंझावली पुल को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए कुल 4.99 किलोमीटर की सड़क बननी है। इसमें करीब 1.7 किलोमीटर नई सड़क बनेगी, जो मंझावली पुल से सीधी जुड़ेगी। शेष 3.29 किलोमीटर की सड़क पहले से ही बनी हुई है। हालांकि, पूरी सड़क को चार लेन बनाने के लिए चौड़ीकरण किया जाना है।

वित्तीय फ्रॉड का भंडाफोड़ चार को किया गिरफ्तार

● साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई

गौतमबुद्धनगर, एजेंसी। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस साइबर अपराधों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। ऑनलाइन ठगी, डिजिटल धोखाधड़ी और फाइनेंशियल साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा आम जनता को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में साइबर ठगी और आर्थिक धोखाधड़ी में लिप्त गैंग का पर्दाफाश कर बड़ी सफलता हासिल की है। पहला मामला टेलीग्राम ग्रुप के जरिये निवेश के नाम पर 34.82 लाख रुपए की ठगी का था। इस प्रकरण में एक शिकायतकर्ता को मोबाइल पर भेजे गए लिंक के माध्यम से टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहां शेयर ट्रेडिंग के नाम पर आकर्षक मुनाफे का लालच दिया गया। संदिग्ध लिंक के माध्यम से आरोपी गैंग ने पीड़ित से कुल 34,82,894 रुपए हड़प लिए। जांच के दौरान मुख्य आरोपी अंकित अरोड़ा का नाम सामने आया, जिसने अपने कर्मचारियों के नाम पर प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां बनाई थीं, पर नियंत्रण स्वयं रखता था। डिजिटल मार्केटिंग के नाम पर लोगों का डाटा एकत्रित कर उन्हें निवेश योजना में फंसाना उसका मुख्य तरीका था। पकड़े जाने से बचने के लिए वह



लगातार कंपनी का पता बदलता और नई कंपनी स्थापित करता था। देशभर में उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज पाए गए। कमिश्नरेट पुलिस ने तकनीकी और वित्तीय जांच के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 19 लाख रुपए पीड़ित को वापस दिलाए।

दूसरा मामला हॉस्पिटल के कैश सिस्टम में 9 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता का है। इस मामले में नोएडा के एक निजी हॉस्पिटल में मेडिकल बिल भुगतान प्रक्रिया के दौरान गंभीर वित्तीय अनियमितता की जानकारी मिली। हॉस्पिटल के एक अधिकृत कर्मचारी द्वारा लंबे समय से कैश सिस्टम में छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपए की हेराफेरी की जा रही थी। जांच में सामने आया कि धोखाधड़ी 9 करोड़ रुपए से अधिक की है और इसमें हॉस्पिटल कर्मचारियों की मिलीभगत भी शामिल थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूर्व रिकवरी अधिकारी सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस कार्रवाई से बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान रोका जा सका और हॉस्पिटल प्रशासन को सिस्टम की सुरक्षा सुधारने के लिए अलर्ट किया गया। कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि टेलीग्राम, व्हाट्सऐप या सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक मुनाफा देने के नाम पर निवेश का लालच देने वाले अपराधियों से सावधान रहें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपना ओटीपी, बैंक विवरण, पासवर्ड या आधार की जानकारी किसी को भी साझा न करें। साथ ही संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या मेल के जरिए दर्ज करवाएं।

सिडनी में चल रहे अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण रैकेट का भंडाफोड़

सिडनी, एजेंसी। सिडनी में पुलिस ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय बाल यौन शोषण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों पर बच्चों के यौन उत्पीड़न से जुड़े वीडियो ऑनलाइन फैलाने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क एक वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाल शोषण घिरोह से जुड़ा था, जिसके वीडियो में खतरनाक रस्मों और शैतानी प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गंभीर और संवेदनशील बताया है।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस की विशेष टास्क फोर्स ने ऑनलाइन एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म पर चल रही संदिग्ध गतिविधियों की जांच के दौरान इस नेटवर्क की पहचान की। डिटेक्टिव



सुपरिंटेंडेंट जेन डोहर्टी ने बताया कि यह सामान्य अपराध नहीं था, बल्कि इसमें ऐसे वीडियो शामिल थे जिनमें बच्चों को शैतानी अनुष्ठानों से जुड़े प्रतीकों और रिवाजों का इस्तेमाल करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह सामग्री 'अत्यंत भयावह' है और बातचीत में भी ऐसे संकेत मिले जिससे पता चलता है कि आरोपी इसी तरह की क्रूर सामग्री साझा करते थे। पिछले गुरुवार को सिडनी में कई स्थानों पर छापे मारे गए और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए जिनमें हजारों वीडियो संग्रहित थे। यह सामग्री ऐसे बच्चों की थी जिनकी उम्र कुछ महीनों से लेकर 12 साल तक बताई गई है। पुलिस का कहना है कि यह सबूत दिखाते हैं कि आरोपी एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा थे, जो ऑनलाइन बच्चों पर अत्याचार से जुड़े वीडियो साझा करता था।

पुलिस ने बताया कि यह नेटवर्क अलग-अलग देशों में फैले लोगों के बीच सामग्री साझा करता था। जांच में यह संकेत मिला है कि आरोपी शैतानी और ओकल्ट प्रतीकों के साथ वीडियो साझा करते थे। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में जो वीडियो मिले हैं, वे आरोपियों ने खुद नहीं बनाए, लेकिन उन्होंने इन्हें साझा किया और इन पर चर्चाएं कीं। अधिकारियों ने कहा कि वे वैश्विक एजेंसियों के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित बच्चे कौन थे, उन्हें कहां प्रताड़ित किया गया और अपराध के पीछे कौन लोग हैं। गिरफ्तार आरोपियों में 26 वर्षीय लैंडन जर्मनोटा-मिल्स को इस नेटवर्क का मुख्य संचालक बताया गया है। अन्य तीन आरोपी स्टुअर्ट वुड्स रिचेस (39), मार्क एंड्रयू सेनडेक्की (42) और बेनजामिन रेमंड ड्राइस्डेल (46) हैं। चारों पर ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री फैलाने के आरोप लगे हैं। जर्मनोटा-मिल्स पर बेस्टियालिटी सामग्री फैलाने और अपने पास रखने का अतिरिक्त आरोप भी लगाया गया है। अदालत ने चारों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

बांग्लादेश लौटने की तैयारी में बेटा तारिक रहमान, 15 साल से लंदन में हैं निर्वासित



ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष 80 वर्षीय बेगम खालिदा जिया की तबीयत गंभीर बनी हुई है। ताजा अपडेट के अनुसार उन्हें ढाका के एवरकेयर अस्पताल में वेंटिलेशन पर रखा गया है। उनकी सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल में पुलिस और विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) की तैनाती की गई है। दूसरी ओर अब खालिदा जिया की ज्यादा गंभीर होती तबीयत को देखते 15 साल से लंदन में निर्वासन में रह रहे उनके बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान अब बांग्लादेश लौटने की तैयारी में हैं। इस बात की जानकारी बीएनपी के वरिष्ठ नेता ने दी।

बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि खालिदा जिया के बेटे और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान, जो पिछले 15 साल से लंदन में निर्वासन में रह रहे हैं, जल्द ही बांग्लादेश लौटेंगे। तारीक नए बांग्लादेशी पासपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। कारण है कि रहमान अस्थायी सरकार द्वारा दिए गए एक बार यात्रा पास का इस्तेमाल नहीं करना चाहते।

अमेरिका, ब्रिटेन समेत 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी। 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/ सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की। उइगरों, तिब्बतियों, ईसाइयों और फालुन गोंग अभ्यासी समेत अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार दुर्व्यवहार की विश्वसनीय रिपोर्टों पर जोर दिया गया। बच्चों को उनके परिवारों से अलग करने और राज्य-संचालित आवासीय स्कूलों में भेजने और सांस्कृतिक/ धार्मिक स्थलों को नष्ट करने जैसी प्रथाओं का भी उल्लेख किया गया। गठबंधन ने हॉन्गकॉन्ग में नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन के गंभीर रूप से क्षरण पर भी चिंता जताई। 15 देशों ने बीजिंग से तत्काल और बिना शर्त उन सभी व्यक्तियों को रिहा करने की मांग की, जिन्हें केवल उनके मानवाधिकारों का प्रयोग करने के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने चीन से अंतरराष्ट्रीय कानूनी दायित्वों का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह भी किया। पहले भी चीन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं।

मादुरो को ट्रंप की चेतावनी, फोन कर कहा- देश छोड़ दें

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने मादुरो से साफ कहा, 'आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा।' अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी



सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई।

ट्रंप ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, कॉल 16 नवंबर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है। बातचीत टूटने के बाद अमेरिका ने अपने शब्दों के साथ-साथ अपनी कार्रवाई भी तेज कर दी। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिकी सैन्य अभियान जल्द ही जमीन पर शुरू हो सकते हैं। इसके बाद अमेरिकी जहाज और लड़ाकू विमान कैरेबियन में सक्रिय दिखाई दिए। अमेरिका ने दावा किया है कि वेनेजुएला की जमीन से ड्रग तस्करी बढ़ रही है, जिससे अमेरिका में 100000 लोगों की मौत हुई। सीनेटर डेव मैकॉरमिक ने इसे फेंटेनाइल, कोकीन और ओपिऑयड का युद्ध बताया और मादुरो की सरकार पर संकट को बढ़ाने का आरोप लगाया। कुछ आलोचकों ने अमेरिकी कार्रवाई को एक्स्ट्रा-ज्यूडिशियल बताया है, जबकि एक विवादित डबल टैप हमले पर कांग्रेस जांच कर रही है। अमेरिका के एयरस्पेस प्रतिबंधों के बाद वेनेजुएला ने भी कड़ा कदम उठाते हुए कई विदेशी एयरलाइनों के परिचालन अधिकार वापस ले लिए। उसने अमेरिकी बयान को 'औपनिवेशिक आक्रामकता' बताया।

फुटपाथी दुकानों पर चला बुलडोजर

स्टील सिटी में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील सिटी में नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज सुबह सिटी सेंटर स्थित फुटपाथ की कई दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। यह कार्रवाई बोकारो स्टील प्लांट की उन जमीनों को खाली कराने के उद्देश्य से की जा रही है, जिन पर वर्षों से अनाधिकृत कब्जा कर दुकानदारी चलाई जा रही थी।

सुबह से ही प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ अभियान स्थल पर पहुंचा। नगर प्रशासन के सिक्योरिटी विभाग तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति न उत्पन्न हो। अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र को घेराबंदी कर अभियान को निर्बाध रूप से संचालन किया।

नगर प्रशासन के अधिकारी कर्नल शेखावत ने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट की अतिक्रमित जमीन को हर हाल में खाली कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर दुकानें लगाने वाले अधिकांश लोगों को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्देश का पालन न करने वालों के विरुद्ध आज से सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से कई दुकानदार अवैध रूप से बिजली और पानी का कनेक्शन भी उपयोग कर रहे थे, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा था। ऐसे मामलों पर भी प्रशासन द्वारा अलग से कार्रवाई की जा रही है।

आज चलाए गए अभियान में सिटी सेंटर स्थित सब्जी मार्केट से लेकर एलआईसी मोड़ तक दर्जनों अस्थायी दुकानों को हटाया गया। फुटपाथ और सड़क किनारे बने ठेलों, खोमचों और अस्थायी ढांचों को प्रशासन ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

कर्नल शेखावत ने बताया कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान आने वाले तीन दिनों तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्लांट क्षेत्र से सटे हवाई अड्डा के आसपास की अतिक्रमित भूमि को भी जल्द खाली कराया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं अनधिकृत निर्माण हटाकर सहयोग करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डीसी ने किया जनता दरबार का आयोजन

लोगों की सुनीं समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। जनता की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से हम आपको सुनते है कार्यक्रम के तहत आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक-एक शिकायतकर्ता से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कई शिकायतों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों को आवश्यक प्रक्रिया के लिए विभागों को सौंपा गया।

जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, राशन कार्ड, बिजली-पानी, राशन वितरण से, दिव्यागता प्रमाण पत्र एवं पेंशन से, चुनाव ड्यूटी के दौरान पति की मृत्यु के बाद उनके परिजनों को मुआवजा एवं रोजगार से, जमीन विवाद से, बैंक के पेंशन मामले के भुगतान से, लगान के रशीद में नाम व अन्य जानकारी के संबंध में संशोधन से, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित मामले, झारखंड आंदोलनकारियों के मामले एवं चास नगर निगम के वार्ड नंबर 06 के जमीन की चार दिवारी से तथा अन्य सार्वजनिक सेवाओं से संबंधित समस्याएँ प्रमुख रूप से सामने आईं इसपर उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि लोगों को उनके अधिकार समय पर मिले और किसी भी नागरिक को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

जनता दरबार में आज लगभग 50 ग्रामीणों ने अपनी समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त सभी लोगों की समस्या से संबंधित आवेदन को निष्पादन हेतु सम्बंधित अधिकारियों को भेजा तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए सम्बंधित आवेदकों को सूचित करें।

मौके पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खलको, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह प्रभारी पदाधिकारी जनशिकायत कोषांग पियूष, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा सहित अन्य उपस्थित थे।

वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान का एसोसिएशन ने किया स्वागत



चंद्रपुरा (बोकारो)। दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना राम कुमार अनुभवी का चंद्रपुरा में पदस्थापना के बाद डीवीसी ओबीसी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। संगठन के सदस्यों ने अनुभवी को आश्वासन दिया कि वे चंद्रपुरा प्लांट संचालन और भविष्य में यहां लगने वाले 1600 मेगा वाट के दो यूनिट के स्थापना में डीवीसी प्रबंधन को उनका भरपूर सहयोग करेगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव केपी सिंह, सेंट्रल कमिटी के सदस्य, यूनिट कमिटी के सदस्य ओम प्रकाश पंडित, राजीव कुमार महतो, कुमार अमित, प्रेम चंद महतो, सुनीता कुमारी, कुंदन कुमार, एच एम प्रजापति, जितेंद्र कुमार, कमल रमानी, अमिताभ घोष, समरेश सिंह, राज किशोर महतो, उपेंद्र कुमार मंडल, मो. अली असगर अंसारी, मो. तौफीक अहमद शामिल थे, जो इस मौके पर मौजूद थे।

ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

बोकारो। इंडस्ट्रियल एरिया बालीडीह में एक बार फिर से हादसा हुआ है। पाटील रेल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री में छपरा बिहार के रहने वाले 25 वर्षीय आशुतोष कुमार राय की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। मृतक कंपनी में फीटर का काम करता था।

मृतक झोपड़ी कॉलोनी में रहता था। घटना के बाद मजदूर को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत के बाद फैक्ट्री में स्थानीय लोगों और मजदूरों का जमावड़ा लग गया। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। प्रबंधन और स्थानीय नेताओं के पहल पर मृतक के पिता को 13 लख रुपए मुआवजा देने पर सहमति बनी।

इसके साथ-साथ क्रिया कर्म के लिए एक लाख नगद देने का भी निर्णय लिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि लगातार हादसे इंडस्ट्रीज में हो रहे हैं, जो काफी चिंताजनक है ।बिना सेफ्टी के काम करने से इस तरह की घटना हो रही है। जिसे तत्काल रोक लगना चाहिए।

नियोजन की मांग को ले किया इस्टर्न इंडिया सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड का गेट जाम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। इंडस्ट्रियल एरिया बालीडीह स्थित ईस्टर्न इंडिया सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड में आज उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब स्थानीय विस्थापित रैयतों और बेरोजगार युवाओं ने कंपनी के मुख्य द्वार को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने नियोजन की मांग को लेकर जोरदार विरोध जताया और कंपनी प्रबंधन पर वादा खिलाफी का गंभीर आरोप लगाया।

कंपनी गेट पर जमे स्थानीय युवाओं का कहना है कि प्लांट स्थापना के दौरान उन्हें रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन वर्षों से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। उनका आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने पहले भी कई बार नियोजन के आश्वासन दिए, लेकिन आज तक किसी भी आश्वासन को पूरा नहीं किया गया। इस गेट जाम आंदोलन की अगुवाई धनबाद के भाजपा सांसद प्रतिनिधि अविनाश सिंह कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते दिनों भी नियोजन की मांग को लेकर आंदोलन किया गया था। उस समय कंपनी प्रबंधन ने विस्थापित रैयतों को चिन्हित कर शपथ पत्र देने को कहा था, ताकि नियोजन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। प्रदर्शनकारियों ने सभी आवश्यक दस्तावेज और शपथ पत्र जमा कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी को भी रोजगार नहीं दिया गया।अविनाश सिंह ने कहा कि कंपनी प्रबंधन की इस लापरवाही और वादा खिलाफी के कारण आज पुनः आंदोलन करना पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन विस्थापित रैयतों को रोजगार देने की घोषणा शीघ्र नहीं करता है, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र स्वरूप ले सकता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे और कंपनी के गेट पर शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा।

रिक्शा चालकों के बीच किया कंबल का वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह ने कड़ाके की ठंड के मद्देनजर देर रात सड़क पर काम कर रहे रिक्शा चालकों को कंबल वितरित किए। सर्दी के अचानक बढ़ने के कारण जरूरतमंदों को राहत देने के इस सेवा कार्य के लिए रिक्शा चालकों ने आभार जताया।

दिलीप सिंह ने कहा कि समाज सेवा हमारा उद्देश्य है और हमारी कोशिश है कि इस ठंड में कोई भी व्यक्ति गर्म कपड़ों के बिना न रहे।सिंह ने कहा कि आगे भी बरमसिया शनि मंदिर और साईं मंदिर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ठंड में राहगीर जरूरतमंदों को कम्बल देने का कार्य युवा संघर्ष मोर्चा जारी रखेगा।

खदान से निकल रहा जहरीला धुआं, ग्रामीणों में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। बीसीसीएल कतरास एरिया-4 अंतर्गत माँ अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी की बंद पड़ी भूमिगत खदान से लगातार उठ रहा जहरीला धुआं आसपास के ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। पिछले कई दिनों से उठ रहे घने काले धुएं ने पूरे इलाके को धुंध और दुर्गंध से भर दिया है, जिससे करीब 3000 की आबादी प्रभावित हो रही है।



ग्रामीणों के मुताबिक, भूमिगत कोयला परतों में आग लगातार सुलग रही है, जिसके कारण घरों के अंदर तक धुआं भर जा रहा है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा पीड़ितों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। लोगों में इस बात को लेकर गहरी चिंता है कि यदि आग का दायरा बढ़ा, तो पूरा क्षेत्र खतरे की चपेट में आ सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भूमिगत आग अक्सर स्वतः प्रज्वलन, विद्युत दोष, घर्षण से उत्पन्न ताप या नियंत्रित तरीके से विस्फोट नहीं होने जैसी वजहों से भड़कती है। आग के कारणों की जांच बीसीसीएल स्तर पर की जा रही है।

वहीं बीसीसीएल अधिकारियों का कहना है कि टीम द्वारा आग को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आग पर जल्द से जल्द काबू पाया जाए और प्रभावित लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

आश्वासन के बाद धरना समाप्त

धनबाद। धनबाद नगर निगम की ओर से मिले लिखित आश्वासन के बाद विधायक राज सिंहा ने मंगलवार की शाम अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। नगर निगम के मुख्य द्वार पर चल रहे धरना स्थल पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार समेत कई पदाधिकारी पहुंचे और विधायक से विस्तृत बातचीत की।

वार्ता के दौरान राज सिंहा ने नगर आयुक्त से सड़कों और विकास कार्यों को लेकर स्पष्ट व लिखित आश्वासन की मांग की। नगर आयुक्त द्वारा लिखित आश्वासन सौंपे जाने के बाद विधायक ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त ने भरोसा दिया है कि एंटी करप्शन ब्यूरो से एनओसी लिया जाएगा, ताकि शहर में रुके हुए सभी विकास कार्यों को गति मिल सके। आश्वासन पत्र में शहर की जर्जर सड़कों के त्वरित निर्माण का वादा किया गया है। साथ ही कुछ नई सड़कों को भी चिन्हित किया गया है जिनका निर्माण जल्द शुरू होगा।

बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोमिया (बोकारो)। बोकारो जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को गोमिया प्रखंड मुख्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समाज में गहरे जड़ें जमा चुके बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने के लिए जन जागरूकता फैलाना और विभिन्न हितधारकों को एकजुट करना था।

इस महत्वपूर्ण पहल में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मुख्य रूप से भाग लिया। उनके साथ बोकारो उपविकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार, समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो, गोमिया अंचल अधिकारी अफताब आलम, गोमिया मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो, खमरा पंचायत मुखिया वंटी उरांव, डाक्टर जितेन्द्र महतो, तथा सहयोगिनी और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के प्रतिनिधि अनिल कुमार हेंब्रम, विकाश गोस्वामी, प्रकाश कुमार महतो, और आवा के अमर कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बाल विवाह के



गंभीर परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, बाल विवाह कानूनन अपराध है। हमें मिलकर इसे रोकने की जरूरत है। उन्होंने बोकारो जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन' और 'सहयोगिनी' द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जन-जागरूकता का विस्तार करना तथा समाज में बाल विवाह के प्रति शून्य सहनशीलता की मानसिकता विकसित करना था। मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयास और ईमानदार पहल से गोमिया प्रखंड शत-प्रतिशत बाल विवाह मुक्त बनेगा। आज बेटियाँ वरदान बनकर परिवार के साथ-साथ समाज की भी सेवा कर रही हैं। समाज में बाल विवाह को बढ़ावा देने वाले प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। हम सभी इसे खत्म करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं लोगों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाकर इस अभियान को एक मजबूत जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें, ताकि बेटियां सुरक्षित, शिक्षित और सक्षम भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह उन्मूलन की शपथ ली। इस दौरान बाल विवाह रोकने की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

?बोकारो उपविकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, बाल विवाह का अंत सभी स्टेकहोल्डर (हितधारक) के प्रयास से ही संभव है।

यह कार्यशाला बाल विवाह के खिलाफ बोकारो जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं ने एक सुर में बाल विवाह के खिलाफ लड़ने और जिले को जल्द से जल्द 'बाल विवाह मुक्त' बनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम स्थानीय प्रशासन, राजनीतिक नेतृत्व और सामाजिक संगठनों के बीच सकारात्मक समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित किया गया।

बीएसएल ने नवंबर माह में दर्ज किया शानदार प्रदर्शन


गुणवत्ता और दक्षता में कई नए कीर्तिमान किया स्थापित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट ने नवंबर 2025 में उत्पादन, गुणवत्ता और परिचालन दक्षता के लगभग सभी प्रमुख आयामों में उल्लेखनीय और ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ नवंबर माह का प्रदर्शन दर्ज किया है। अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन तथा अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में संयंत्र ने उत्पादन, प्रक्रिया स्थिरता तथा विक्रय से जुड़े कई अहम संकेतकों पर नए उच्चतम स्तर प्राप्त किए। दैनिक उत्पादन में बीएसएल ने प्रभावशाली उपलब्धियाँ हासिल की। 30 नवंबर को सिंटर प्लांट की 2.5 सिंटर मशीन ने 19,514 टन का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो पूर्व के 19,359 टन के सर्वोच्च स्तर से बेहतर रहा । इसी क्रम में, 26 नवंबर को ग्रैन्युलेटेड स्लैग उत्पादन भी बढ़कर 6,850 टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। मासिक प्रदर्शन के स्तर पर भी बीएसएल ने मजबूत प्रगति दर्ज करते हुए 2.5 सिंटर मशीन से 5.27 लाख टन उत्पादन हासिल किया। वहीं कोल केमिकल्स की बिक्री अक्टूबर 2025 के 85.7 करोड़ रुपये की तुलना में नवंबर माह में 106.3 करोड़ रुपये पर पहुँच गई, जो एक उल्लेखनीय वृद्धि है। डाउनस्ट्रीम इकाइयों में भी सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। सीआर सेलेबल उत्पादन बढ़कर 1.21 लाख टन रहा,जो पिछले वर्ष के 1.13 लाख टन की तुलना में बेहतर है। इसी प्रकार, सेलेबल स्टील डिस्पैच 3.55 लाख टन तक पहुँचा। नवंबर माह में टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स में भी निरंतर सुधार दर्ज करते हुए ऊर्जा खपत घटकर 6.392 /३२ रहा, जो संयंत्र की बढ़ती परिचालन दक्षता का संकेत है। उल्लेखनीय है कि नवंबर माह में दो महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियाँ भी दर्ज की गईं।

वहीं दूसरी ओर, एसएमएस में एक ही टंडिश से 35 हीट्स की कास्टिंग का नया रिकॉर्ड भी बना, जो ताप प्रबंधन, प्रक्रिया दक्षता और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि नवंबर 2025 के परिणाम बोकारो स्टील प्लांट की सतत प्रगति, तकनीकी श्रेष्ठता और मजबूत टीम भावना को परिलक्षित करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले महीनों में भी बीएसएल इसी गति को बनाए रखते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

इसी तरह बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नवंबर 2025 माह को गुणवत्ता माह के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में, संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गुणवत्ता के महत्व को सुदृढ़ करने हेतु बिजनेस एक्सिलेंस (बीई) विभाग के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल



आयोजन किया गया. इस वर्ष की थीम गुणवत्ता : कुछ अलग सोचें पर आधारित इन प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गुणवत्ता से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मानव संसाधन विकास के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मिनी ऑडिटोरियम में किया गया। 26 नवम्बर को तत्काल अनुच्छेद लेखन (हिंदी एवं अंग्रेजी) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 19 प्रतिभागियों ने गुणवत्ता : कुछ अलग सोचें विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। विषय पर वक्तृत्व कला (हिंदी एवं अंग्रेजी) प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 15 प्रतिभागियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त, गुणवत्ता माह की थीम पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता (हिंदी एवं अंग्रेजी) का भी आयोजन किया गया। इन व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के उपरांत दिनांक 28 नवंबर को गुणवत्ता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस क्विज में विभिन्न विभागों से 20 टीमों (प्रत्येक में दो सदस्य) ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में क्विज मास्टर्स की भूमिका महाप्रबंधक (बीई) अनुपमा तिवारी तथा वरीय प्रबंधक (बीई) सागरिका साहू ने सफलतापूर्वक निभाई।

इन सभी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन एवं समन्वय बिजनेस एक्सिलेंस (बीई) विभाग की टीम के द्वारा किया गया जिसमें महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) अनुपमा तिवारी, वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) डी चक्रवर्ती, वरीय प्रबंधक (बिजनेस एक्सिलेंस) सागरिका साहू और श्री अबू नसर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बीएसएल की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। यह पहल कर्मचारियों को नवीन समाधानों के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है जिससे संगठन को विश्व स्तरीय गुणवत्ता के मानकों को प्राप्त करने और बनाए रखने में सहायता मिलती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल
फोन नंबर: 9431145865, 8210783623,
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655,
Email : bokaronbt@gmail.com